वर्ष-23 ■ अंक-236
■ पृष्ठ-8 ■ मूल्य-2.00
भोपाल
■ शनिवार ■ 28 मार्च 2026
चैत्र शुक्ल पक्ष दशमी
विक्रम संवत्-2083
E-mail
dainiksamayjagat@gmail.com
insmjagat@gmail.com

प्रधान संपादक : अशोक त्रिपाठी

म.प्र. के सर्वाधिक केंद्रों तक प्रसारित प्रदेश का एकमात्र समाचार पत्र

# दैनिक समय जगत

भोपाल, दिल्ली, म.प्र., उ.प्र. और अन्य राज्यों से एक साथ प्रकाशित

एक संदेश-पूरा देश

ईश्वर से अधिक मूल्यवान दुनिया में कुछ भी नहीं...






## दिग्गज नेताओं ने प्रभु श्री राम के आदर्शों को किया याद

### देशभर में रही रामनवमी की धूम, देशवासियों को दी शुभकामनाएं

**समय जगत, भोपाल/ नई दिल्ली।** धर्म, सत्य और मर्यादा के श्रेष्ठतम प्रतीक प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी का पर्व शुक्रवार को पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर देश के प्रमुख राजनेताओं ने जनता को बधाई देते हुए भगवान राम के जीवन मूल्यों को आत्मसात करने का संदेश दिया है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोशल मीडिया पर रामलला के प्राकट्य की चौपाइयां साझा करते हुए लिखा, समस्त देशवासियों को श्री रामनवमी के महापर्व की हार्दिक बधाई। हम सबके आराध्य मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की कृपा सब पर बनी रहे। हर घर में प्रेम, सौहार्द, मर्यादा और संस्कार के पुष्प पल्लवित हों, यही प्रार्थना है। मध्य प्रदेश के





मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत का जिक्र करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश का सौभाग्य है कि यहाँ चित्रकूट और ओरछा जैसे पावन धाम हैं, जो प्रभु राम के वनवास और उनके शासक स्वरूप की याद दिलाते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीराम के आदर्श सदैव मानवता के पथ-प्रदर्शक रहेंगे।

#### योगी एवं नीतिश ने भी दी बधाई

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामनवमी को भारतीय चेतना का आधार बताते हुए कहा कि प्रभु श्री राम करुणा और कर्तव्य के अद्भुत संतुलन हैं। उन्होंने अपने संदेश में जोर दिया कि शक्ति का असली सौंदर्य मर्यादा में ही निहित है और विजय का वास्तविक अर्थ लोकमंगल है। मुख्यमंत्री ने जनता से अपने आचरण में सत्य और समाज में समरसता लाने का आह्वान किया। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भगवान राम के जीवन को पूरी मानव जाति के लिए प्रेरणा का स्रोत बताया। उन्होंने कहा कि उनका जीवन प्रेम, सहनशीलता और त्याग का प्रतीक है।

## महंगाई से राहत के लिए उठाए जा रहे हैं कदम : सीतारमण

### केन्द्रीय वित्तमंत्री ने दी ताजा प्रयासों की जानकारी, कहा सरकार जनता हितैषी

**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच केंद्र सरकार ने आम जनता को राहत देते हुए पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में बड़ी कटौती की है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस फैसले को उपभोक्ताओं के हित में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम बताया है। सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर करीब 10 रुपये प्रति लीटर तक एक्साइज ड्यूटी घटाई है। इसके बाद पेट्रोल पर ड्यूटी घटकर लगभग 3 रुपये प्रति लीटर रह गई है, जबकि डीजल पर इसे शून्य कर दिया गया है। इस निर्णय से देशभर में बढ़ती महंगाई के दबाव को कम करने में मदद मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। केंद्र सरकार द्वारा यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में आपूर्ति बाधित होने



और मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के कारण वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। इसे लेकर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और समय रहते जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

#### लॉकडाउन की कोई योजना नहीं

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि उनकी नेतृत्व में सरकार ने ईंधन आपूर्ति को सुरक्षित बनाए रखने के लिए सक्रिय भूमिका निभाई है। साथ ही, उन्होंने देश में लॉकडाउन लगाए जाने की खबरों को पूरी तरह खारिज कर दिया। सीतारमण ने स्पष्ट कहा कि ईंधन संकट के कारण किसी भी प्रकार का लॉकडाउन लगाने की कोई योजना नहीं है और इस तरह की खबरें भ्रामक हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि अफवाहों पर ध्यान न दें और घबराहट से बचें। वित्त मंत्री ने कुछ नेताओं के लॉकडाउन संबंधी बयानों पर भी आपत्ति जताई और उन्हें गैर-जिम्मेदाराना करार दिया।

### मध्यप्रदेश 11.6 प्रतिशत विकास दर से कर रहा है प्रगति

## देश में सबसे तेज गति से आगे बढ़ रहा है मध्यप्रदेश : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव



**समय जगत, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ने वित्तीय संसाधनों के समुचित प्रबंधन से अच्छे परिणाम देने का मॉडल तैयार किया है। हम कम संसाधनों में भी बेहतर से बेहतर रिजल्ट दे रहे हैं। आज हमारा मध्यप्रदेश देश में सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाले प्रदेश के रूप में पहचाना जा रहा है। मध्यप्रदेश 11.60 प्रतिशत की विकास दर से तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य सरकार के पास 106 प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए समानुपातिक आवंटन के लिए पर्याप्त धनराशि है। जनकल्याण के साथ हम प्रदेश के औद्योगिक और अधोसंरचनात्मक विकास के लिए भी सभी जरूरी कदम उठा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को नई दिल्ली में एक राष्ट्रीय मीडिया समूह की एनुअल समिट को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार ने विकास के लिए हर क्षेत्र में बहुत अच्छा काम किया है। हमारी कृषि विकास दर भी पहले से बेहतर हुई है। हमने बीते दो साल में औद्योगिक विकास पर विशेष ध्यान देकर जीआईएस और रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव कर मध्यप्रदेश में निवेश के लिए एक नया माहौल तैयार किया है। उन्होंने कहा कि बीते दो साल में प्रदेश में करीब 9 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश धरातल पर आया है। यह हमारे अपने राज्य की एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। लाड़ली बहना योजना में हमारी 1 करोड़ 25 लाख 27 हजार बहने हैं। इनके हित में हम हर महीने 1500-1500 रुपये खाते में डाल रहे हैं। किसानों को किसान सम्मान निधि भी दे रहे हैं। भारत सरकार के वित्तीय व्यवस्था के जो उच्चतम मापदंड है उसके दायरे में रहकर हम अपनी आय-व्यय को विनियमित कर विकास की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष अपने पद के अनुरूप आचरण नहीं कर रहे हैं। उन्हें कितना बड़ा मौका मिला है, लेकिन उन्होंने इस पद की गरिमा का पतन कर दिया है। भारत-पाकिस्तान में स्ट्राइक हो रही है और अपोजिशन लीडर सेना का मनोबल गिरा रहे हैं।

#### प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा एमपी

वर्ष 1971 में बांग्लादेश के समय स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेई पूरी दृढ़ता से सरकार के साथ खड़े रहे। उन्होंने कहा था हम सेना के साथ हैं। जब राष्ट्रीय संकट हो तो देश के साथ रहना चाहिए, यह विपक्ष को सीखना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल और वायु हमेशा सीमाओं से परे होती है। हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यप्रदेश को दो राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजनाओं की सौगात दी है। यह परियोजना राज्यों के हित में है। इस राष्ट्रीय परियोजना की 90 प्रतिशत लागत राशि भारत सरकार दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा मध्यप्रदेश तो नदियों का मायका है। यहां 250 से ज्यादा नदियां हैं। हमारे पड़ोसी राज्य राजस्थान के 15 जिले सालों से पीने के पानी, उद्योग और सिंचाई के लिए भारी कष्ट में थे। माननीय अटल जी की सरकार के वक्त नदी जोड़ो योजना बनी थी लेकिन राजस्थान और मध्यप्रदेश की सरकार के साथ तालमेल न होने से इस विषय को लटकाए रखा। प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रयासों से मध्यप्रदेश और राजस्थान ने साथ आने का प्रयास किया और दोनों राज्यों की पश्चिमी भारत को सिंचाई की सुविधा से संपन्न करने के लिए पार्वती-कालीसिंध-चंबल योजना पर सहमति बनी। इस पर लगभग 70 हजार करोड़ रुपये की धनराशि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मंजूर की। प्रधानमंत्री जी की मौजूदगी में ही इस परियोजना का शुभारंभ हुआ। इस गठबंधन का परिणाम यह हुआ कि दोनों राज्यों के लोगों का एक तरह से अब जीवन बदलने वाला है। उन्होंने कहा कि राज्यों के बीच सौहार्द्रपूर्ण संबंध होने चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पूरे देश में प्रधानमंत्री श्री मोदी की कार्यशैली और हमारी सरकार पसंद बनी हुई है। इसलिए तो हमारी सरकार विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के 21 से अधिक प्रदेशों में हमारी सरकार है। जहाँ आज भी जनता काम पसंद करती है।

## 2.38 लाख करोड़ के रक्षा सौदों पर मुहर


**नई दिल्ली।** रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने शुक्रवार को विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी दी है, जिसके तहत लगभग 2.38 लाख करोड़ रुपये की लागत के सैन्य हार्डवेयर खरीदे जाएंगे। भारतीय सेना के लिए एयर डिफेंस ट्रैक्ड सिस्टम, आर्मर्ड पियर्सिंग टैंक एम्यूनिशन, उच्च क्षमता के रेडियो रिले, धनुष गन सिस्टम और रनवे इंडिपेंडेंट एरियल सर्विलांस सिस्टम की खरीद की मंजूरी दी गई है। एयर डिफेंस ट्रैक्ड सिस्टम रियल-टाइम में वायु रक्षा नियंत्रण और रिपोर्टिंग क्षमता प्रदान करेगा। जबकि, उच्च क्षमता वाला रेडियो रिले भरोसेमंद और त्रुटि-रहित संचार सुनिश्चित करेगा। धनुष गन सिस्टम से तोपखाने की क्षमता बढ़ेगी और सभी क्षेत्रों में लंबी दूरी के लक्ष्यों को अधिक प्रभावी और सटीक ढंग से निशाना बनाया जा सकेगा।

भारतीय वायु सेना के लिए मध्यम परिवहन विमान, लंबी दूरी की सतह-से-वायु मिसाइल प्रणाली एस-400, दूर से नियंत्रित हमलावर विमान और सुखोई-30 एयरो इंजन के कलपुर्जों की मरम्मत और ओवरहाल (इंजन के सभी हिस्सों की पूरी तरह जांच करना, खराब या घिसे हुए हिस्सों को बदलना और उसे फिर से पूरी क्षमता के साथ चलाने के योग्य बनाना) के प्रस्ताव मंजूर किए गए हैं।

## खाने- पीने की चीजों पर पड़ रहा है ईरान युद्ध का असर

### गैस और फर्टिलाइजर की सप्लाई हो रही है प्रभावित

**नई दिल्ली।** ईरान युद्ध का असर अब सीधे दुनिया के किसानों और खाने की कीमतों पर पड़ने लगा है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के बंद हो जाने से गैस और फर्टिलाइजर की सप्लाई बुरी तरह प्रभावित हुई है, जिससे खेती पर बड़ा संकट खड़ा हो गया है। यह स्ट्रेट दुनिया के करीब 20फीसदी तेल के साथ-साथ लगभग एक-तिहाई फर्टिलाइजर ट्रेड के लिए अहम रास्ता है। ईरान द्वारा इस स्ट्रेट पर कड़ी पहरेदारी करने के बाद नाइट्रोजन और फॉस्फेट जैसे जरूरी पोषक तत्वों की सप्लाई रुकने लगी है। खास तौर पर यूरिया, जो फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए सबसे ज्यादा इस्तेमाल होता है, उसका स्टॉक तेजी से घट रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक यह संकट ऐसे समय आया है जब दुनिया के कई हिस्सों में बुवाई का सीजन शुरू हो चुका है। वर्ल्ड फूड प्रोग्राम के डिप्टी एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर ने चेतावनी दी कि अगर हालात नहीं सुधरे तो अगले सीजन में पैदावार कम हो सकती है या फसलें खराब भी हो सकती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में भी इसका असर साफ दिख रहा है। एक रिपोर्ट में पंजाब के एक किसान के हवाले से कहा गया है कि इससे छोटे किसान सबसे ज्यादा प्रभावित



होंगे। अगर सरकार जून में बढ़ने वाली मांग के दौरान सब्सिडी नहीं देती, तो कई किसानों के लिए खेती करना मुश्किल हो जाएगा। भारत पहले से ही अपनी उर्वरक जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर है, और इस संकट ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है।

रिपोर्ट के मुताबिक वैश्विक स्तर पर देखें तो करीब 30फीसदी यूरिया व्यापार इस संघर्ष की वजह से प्रभावित हुआ है। विश्लेषकों का कहना है कि गैस की कीमतें बढ़ने से यूरिया उत्पादन भी महंगा हो गया है, क्योंकि एलएनजी इसका प्रमुख कच्चा माल है। इसके अलावा, सऊदी अरब जैसे देश, जो दुनिया का बड़ा फॉस्फेट उत्पादक है, वहां से सप्लाई भी बाधित हो रही है। रिपोर्ट के मुताबिक अफ्रीका और एशिया के विकासशील देशों की स्थिति और ज्यादा नाजुक है। इथियोपिया जैसे देश अपनी 90फीसदी नाइट्रोजन जरूरत खाड़ी देशों से पूरी करते हैं।

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा में हुआ जमकर हंगामा

### खामेनेई के पोस्टरों पर गरमाया माहौल विधायकों के बीच धक्का-मुक्की



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा में शुक्रवार को कार्यवाही शुरू होने से पहले ही माहौल तनावपूर्ण हो गया। दरअसल पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के मुद्दे पर नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) और पीडीपी (पीडीपी) के विधायकों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी विधायक हाथों में खामेनेई के पोस्टर और तस्वीरें लेकर सदन में पहुंचे और उनके समर्थन में नारेबाजी की। इसी बीच कुछ विधायकों के बीच धक्का-मुक्की भी हो गई, जिससे सदन की कार्यवाही बाधित हुई। प्रदर्शन कर रहे विधायकों का कहना था कि किसी भी देश को दूसरे देश पर हमला करने का अधिकार नहीं है और इस घटना की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर निंदा होनी चाहिए। नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायक तनवीर सादिक ने कहा कि उनकी पार्टी और जम्मू-कश्मीर सरकार ईरान के साथ खड़ी है। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला पहले भी इस तरह की घटनाओं की निंदा कर चुके हैं। गौरतलब है कि 28 फरवरी को इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए हमले में खामेनेई की मौत की खबर सामने आई थी, जिसके बाद अंतराष्ट्रीय स्तर पर तनाव की स्थिति बनी हुई है। इसी मुद्दे को लेकर जम्मू-कश्मीर विधानसभा में भी राजनीतिक तापमान बढ़ गया और इसका असर सदन की कार्यवाही पर साफ दिखाई दिया। इस बीच, विधानसभा के भीतर एक अलग मुद्दे पर कांग्रेस और बीजेपी विधायकों के बीच तीखी झड़प हो गई। बताया गया कि कांग्रेस विधायक इरफान हाफिज द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारेबाजी की जा रही थी। इसके जवाब में बीजेपी विधायक युद्धवीर सेठी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर टिप्पणी की, जिससे विवाद और बढ़ गया। देखते ही देखते बहस ने उग्र रूप ले लिया और दोनों पक्षों के विधायकों के बीच धक्का-मुक्की शुरू हो गई। स्थिति को बिगड़ता देख अन्य सदस्यों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराने की कोशिश की। हालांकि, हंगामा बढ़ने के कारण सदन की कार्यवाही कुछ समय के लिए स्थगित करनी पड़ी।

## चंडीगढ़ में दो दिवसीय एयर शो का हुआ आगाज

**चंडीगढ़।** सुखना लेक पर शुक्रवार से दो दिवसीय एयर शो का भव्य आगाज हुआ, जिसमें भारतीय वायुसेना की प्रसिद्ध सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम ने आसमान में शानदार करतब दिखाकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। शो देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे, हालांकि प्रवेश केवल प्री-बुकिंग के आधार पर ही दिया गया। एयर शो के दौरान हर दिन लगभग 10 हजार दर्शकों के पहुंचने का अनुमान है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सुखना लेक को आम लोगों के लिए बंद कर दिया गया है। आयोजन स्थल पर कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं और जांच के बाद ही लोगों को प्रवेश दिया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चंडीगढ़ के चीफ सेक्रेटरी राजेश प्रसाद भी मौजूद रहे। प्रशासन ने दर्शकों के लिए खुले में बैठने की विशेष व्यवस्था की है ताकि सभी लोग आराम से एयर शो का आनंद ले सकें। इस एयर शो की खास बात यह है कि इसमें चंडीगढ़ के दो पायलट भी हिस्सा ले रहे हैं। विंग कमांडर तेजेश्वर सिंह सूर्यकिरण टीम का नेतृत्व कर रहे हैं, जबकि विंग कमांडर दिवाकर शर्मा भी टीम का हिस्सा हैं। तेजेश्वर सिंह आर्मी पब्लिक स्कूल, चंडी मंदिर के 2005 बैच के छात्र रह चुके हैं। उनके साथ फ्लाइट लेफ्टिनेंट कमल संधू भी टीम में शामिल हैं। एयर शो के दौरान राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की टीम भी तैनात की गई है, जो आसमान में उड़ने वाले पक्षियों पर नजर रख रही है, ताकि विमानों की उड़ान में कोई बाधा न आए। हालांकि सुबह हल्की बूंदाबांदी हुई, लेकिन इसका कार्यक्रम पर कोई असर नहीं पड़ा और तय समय पर एयर शो सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

#### सूर्यकिरण टीम ने दिखाए रोमांचक करतब





**सांत्वना**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छिंदवाड़ा जिले की मोहखेड़ तहसील के ग्राम करेर पहुंच कर छिंदवाड़ा बस दुर्घटना में मृतकों के परिजनों से भेंट कर ढाँढस बँधाया।

**बड़ा बदलाव** | केंद्र सरकार ने तेल कंपनियों को फायदा देने के उद्देश्य से लिया निर्णय

## पेट्रोल पर तीन व डीजल पर 10 रुपए घटी एक्साइज ड्यूटी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पेट्रोल, डीजल और एविएशन टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) पर टैक्स और निर्यात नियमों में बड़ा बदलाव करते हुए एक्साइज ड्यूटी में भारी कटौती की है। हालांकि इस फैसले से आम उपभोक्ताओं को तुरंत राहत मिलने की संभावना नहीं है, क्योंकि पेट्रोल-डीजल के रिटेल दामों में फिलहाल कोई कमी नहीं की गई है। सरकार का यह कदम ऊर्जा क्षेत्र में टैक्स ढांचे को सरल और तार्किक बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है। केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर लगने वाली एक्साइज ड्यूटी में बड़ा बदलाव किया है। पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी को 13 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 3 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है, जबकि डीजल पर 10 रुपये प्रति लीटर की ड्यूटी को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार ये नए नियम तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं। हालांकि इस कटौती के बावजूद आम लोगों को पेट्रोल-डीजल के दामों में किसी तरह की राहत नहीं मिलेगी। इसकी मुख्य वजह यह है कि तेल विपणन कंपनियां इस कटौती से होने वाले लाभ का उपयोग अपने नुकसान की भरपाई करने में करेंगी। पिछले समय में कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल के कारण इन कंपनियों को नुकसान उठाना पड़ा था। ऐसे में अब लागत कम होने से उनके मुनाफे और कैश फ्लो में सुधार होगा। सरकार ने केंद्रीय उत्पाद शुल्क नियम, 2017 में भी संशोधन किया है। इसके तहत पेट्रोल, हाई-स्पीड डीजल (एचएसडी) और




एटीएफ पर नियम 18 और 19 के प्रावधान लागू नहीं होंगे। हालांकि सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों को पड़ोसी देशों नेपाल, भूटान, बांग्लादेश और श्रीलंका को ईंधन निर्यात करने पर पहले की तरह छूट मिलती रहेगी। निर्यात के मोर्चे पर भी सरकार ने अहम बदलाव किए हैं। हाई-स्पीड डीजल के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क 18.5 रुपये प्रति लीटर तय किया गया है, जबकि पेट्रोल के निर्यात पर इस शुल्क को शून्य रखा गया है। इससे पेट्रोल निर्यात को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा निर्यात और विदेशी एयरलाइंस को ईंधन आपूर्ति के मामलों में बुनियादी उत्पाद शुल्क और कृषि उपकर को हटाने का फैसला किया गया है। एविएशन सेक्टर के लिए भी राहत की घोषणा की गई है। एटीएफ पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क को बढ़ाकर 50 रुपये प्रति लीटर किया गया था, लेकिन एक अलग अधिसूचना के जरिए प्रभावी दर को घटाकर 29.5 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। साथ ही, आयातित एटीएफ पर अतिरिक्त सीमा शुल्क को भी हटा दिया गया है, जिससे एयरलाइंस की लागत कम हो सकती है।

#### जनता को सस्ते ईंधन के लिए करना पड़ेगा इंतजार

विशेषज्ञों का मानना है कि सरकार के इन फैसलों से ऊर्जा क्षेत्र में टैक्स ढांचे में स्पष्टता आएगी और निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। हालांकि, इसका अंतिम असर अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों और बाजार की स्थिति पर निर्भर करेगा। फिलहाल, यह कदम तेल कंपनियों के लिए राहत भरा साबित होगा, जबकि आम जनता को सस्ते ईंधन के लिए अभी इंतजार करना पड़ सकता है।

# खुरई बना विकास का मॉडल, जनसुविधाएं हमारी प्राथमिकता : अविराज सिंह

**समय जगत, खुरई।** युवा नेता अविराज सिंह ने बुधवार को क्षेत्र में आयोजित विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रमों में शामिल होते हुए कहा कि खुरई नगर विकास के क्षेत्र में भी अग्रणी बनकर उभरा है और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो रहा है, तथा बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना आपके विधायक पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह की प्राथमिकता है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उन्होंने दोपहर 2 बजे गोशाला में विद्युत डीपी एवं पोल स्थापना कार्य का भूमिपूजन किया, इसके बाद दोपहर 3 बजे ऑडिटोरियम के पास राहतगढ़ रोड पर बॉउंड्री वॉल निर्माण कार्य का शुभारंभ किया तथा शाम साढ़े चार बजे शहनाई गार्डन के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इसके साथ ही नवरात्रि के पावन अवसर पर शाम 5 बजे मां बीजासन मंदिर, किला परिसर में छप्पन भोग अर्पण कार्यक्रम आयोजित कर धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं को भी सम्मान दिया गया। अविराज सिंह ने कहा कि क्षेत्र में जिन स्थानों पर मूलभूत सुविधाओं की कमी थी, वहां तेजी से कार्य कर उन्हें प्राथमिकता के





आधार पर पूरा किया जा रहा है। गौशाला में विद्युत डीपी एवं पोल स्थापना से पशुपालकों और गौसेवा से जुड़े लोगों को बड़ी राहत मिलेगी, वहीं बॉउंड्रीवॉल निर्माण से सुरक्षा व्यवस्था बेहतर होगी और सामुदायिक भवन के निर्माण से क्षेत्रवासियों को सामाजिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक आयोजनों के लिए एक सुसज्जित स्थान उपलब्ध होगा, जिससे सामाजिक एकता को भी बल मिलेगा। उन्होंने हनौता गोशाला में सीसीटीवी कैमरे सहित 10 सोलर लाईट पोल लगाने, श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड में नवीन पानी की टंकी निर्माण एवं गुरुनानक वार्ड में आंगनबाड़ी भवन निर्माण की घोषणा की। उन्होंने कहा कि नवरात्रि का पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा, आस्था और एकता का संदेश देने वाला पर्व है। मां दुर्गा शक्ति, भक्ति और विजय की प्रतीक हैं, जो अन्याय और अधर्म का अंत कर धर्म की स्थापना करती हैं। अयि गिरिनंदिनि नंदितमेदिनि जैसे स्तोत्रों का स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि यह पर्व युवाओं को अपनी संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ने का माध्यम है तथा समाज में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करता है। अविराज सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गौ-सेवा का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है और गोशाला से जुड़े कार्य उसी परंपरा को आगे बढ़ाने का प्रयास हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन गौ-सेवा को समर्पित रहा और 'गोपाल' तथा 'गोविंद' के रूप में उन्होंने समाज को यह संदेश दिया कि निःस्वार्थ सेवा ही ईश्वर प्राप्ति का मार्ग है। 'गावो विश्वस्य मातरः' के भाव को आत्मसात करते हुए उन्होंने कहा कि गाय केवल पशु नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति में पूजनीय और देवत्व का प्रतीक है, जिसकी सेवा से समाज में शांति, समृद्धि और सद्भाव का विस्तार होता है। उन्होंने कहा कि खुरई विधानसभा क्षेत्र में विकास के विभिन्न आयामों पर निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। बीना नदी परियोजना जिसकी लागत लगभग 3255 करोड़ रुपये है, इसके माध्यम से खुरई तहसील के 90 ग्रामों की 44319 हेक्टेयर और मालथौन विकासखंड के 35 ग्रामों की 17450 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई का लाभ मिलेगा।

### स्व. काका छगनलाल जायसवाल की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी नारायणी कलावती जायसवाल द्वारा किया जायेगा आयोजन

# संकट मोचन हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 31 मार्च से 2 अप्रैल तक

**समय जगत, मनावर ।** स्वर्गीय छगनलाल जायसवाल बाकानेर की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी नारायणी कलादेवी जायसवाल द्वारा सामाजिक समरसता धर्म हेतु प्रतिबद्धता के संकल्प को अंगीकार किया गया थाकि बाकानेर के 7 मंदिरों को नवनिर्मित कर प्राण प्रतिष्ठा की जाए, प्रभु कृपा का प्रतिफल है कि उनके सुपुत्र युवा समाजसेवी सुनील कुमार जायसवाल ने सन 2017 में श्री खेड़ापति सरकार हनुमान जी मंदिर का जीर्णोद्धार, 2019 में श्री चिंतामन गणेश मंदिर का जीर्णोद्धार, सन 2022 में शिव मंदिर बायपास रोड (नृसिंह टेकड़ी) का नवनिर्माण, 2024 में बाकानेर के चेतना कॉलोनी में रामेश्वर मंदिर का नव निर्माण, 2025 में बाकानेर के भगवानपुरा में महादेव मंदिर का नवनिर्माण किया, सन 2017 से अब तक छह मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा हो चुकी है। इसी क्रम में आगामी आगामी 2



अप्रैल को बाकानेर के घटवाल नदी पर स्थित सातवें मंदिर श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की जायेगी। संकल्पित परिवार द्वारा संकल्प पूरा होने पर इसी क्रम को आगे बढाते हुए बाकानेर के चेतना कॉलोनी में श्री शीतला माता मंदिर के नवनिर्माण हेतु भूमि पूजन एवं ब्राह्मण मोहल्ला स्थित प्राचीनतम श्रीकृष्ण मंदिर के जीर्णोद्धार हेतु भूमिपूजन किया जाएगा। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए श्री जायसवाल ने बताया कि 31 मार्च को शीतला माता मंदिर का भूमि पूजन प्रातः 9 बजे रामेश्वर महादेव मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाएगी।

प्रातः 10 बजे श्री कृष्ण मंदिर जीर्णोद्धार हेतु भूमि पूजन किया जाएगा, बुधवार 1 अप्रैल की शाम 5 बजे शिव परिवार का नगर भ्रमण होगा तथा रात्रि 8 बजे प्रसिद्ध भजन गायक द्वारका मंत्री द्वारा भजन संध्या की प्रस्तुति की जायेगी। 2 अप्रैल को प्रातः 11 बजे संकट मोचन हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं 12 बजे विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा । धर्म अनुरागी जायसवाल परिवार नारायणी कलावती स्व. छगनलाल जायसवाल, सुनील संगीता जायसवाल, डॉ.शुभम जायसवाल, डॉ. तरुणा भारद्वाज, डॉ. आकाश जायसवाल, डॉ. निशि आजाद जायसवाल ने क्षेत्र के समस्त धर्मावलंबियों से सपरिवार पधारकर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया है।


## संक्षिप्त समाचार

### रामनवमी के अवसर पर भक्तिमय माहौल में डूबा नजर आया नगर



**समय जगत, बिस्टान ।** रामनवमी के अवसर पर शुक्रवार को नगर भक्तिमय माहौल में डूबा नजर आया ।दोपहर 12 बजते ही मंदिरों में जय श्री राम की गूंज सुनाई दी और पूरा वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो गया । नगर के इंद्रावती नदी बाजार चौक स्थित श्री राम मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भगवान श्री राम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया ।दोपहर के समय शंख और घंटी की ध्वनि के बीच महाआरती की गई । इससे पहले भगवान का अभिषेक, पूजन और विशेष श्रृंगार किया गया । आरती के बाद श्रद्धालुओं को महाप्रसादी वितरित की गई ।मंदिर को आकर्षक विद्युत लाइट सीरीज व फूलों से सजाया गया था ।

### सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र रहे अव्वल


**समय जगत, सुठालिया।** कल घोषित हुए कक्षा आठवीं एवम कक्षा पांचवीं के परीक्षा परिणाम में स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के कक्षा 5 वीं में 90.75 प्रतिशत के साथ कुमारी नव्या राठौर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है।दूसरे स्थान पर मयंक विश्वकर्मा रहे, जिन्होंने 90.5 प्रतिशत अंक हासिल किए।तीसरे स्थान पर अरुण लोधी रहे, जिनका परिणाम 89.75 प्रतिशत रहा।सभी बच्चों के लिए यह खुशी का पल है। सभी छात्रों की सफलता पर विद्यालय के स्टाफ व परिजनों ने बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### शाहपुर उप मंडी में भावांतर पर सरसों खरीदी नहीं होने से किसानों में नाराजगी

**समय जगत , शाहपुर।** कृषि उपज उप मंडी शाहपुर में भावांतर योजना के तहत सरसों की खरीदी नहीं किए जाने से क्षेत्र के किसानों में नाराजगी देखी जा रही है।किसानों का कहना है कि शाहपुर उप मंडी में खरीदी बंद होने से उन्हें अपनी उपज बेचने के लिए बैतूल मंडी तक जाना पड़ेगा दूर-दराज के गांवों से आने वाले किसानों को लंबी दूरी तय करनी पड़ेगी, जिससे उन्हें कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। खासकर परिवहन पर अतिरिक्त खर्च बढ़ने से किसानों की आर्थिक स्थिति पर असर पड़ेगा किसानों का आरोप है कि यदि शाहपुर में ही खरीदी की व्यवस्था होती, तो उन्हें समय और पैसे दोनों की बचत होती।वर्तमान स्थिति में छोटे और सीमांत किसान सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं।इस संबंध में मंडी सचिव श्री परते से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया, जिससे उनकी प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी।

# बड़े मंदिर में गूंजा' भये प्रगट कृपाला' धूमधाम से मनाया गया श्री राम जन्मोत्सव

**समय जगत, इटारसी।** इटारसी सहित सम्पूर्ण नर्मदांचल की आस्था के प्रमुख केंद्र ठाकुर श्री द्वारिकाधीश बड़ा मंदिर तुलसी चौक में शुक्रवार को श्रीराम नवमी के अवसर पर भगवान द्वारकाधीश की प्रतिमा का श्रृंगार धनुर्धारी प्रभु श्रीराम के रूप में किया गया। जिसने भी यह छवि देखी वो निहारता ही रह गया। मन को शीतल और सुखमय करने वाली छवि ने भक्तजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार दोपहर राम जन्म के समय द्वारकाधीश को श्रीराम की पोशाक पहनाई गई थी एवं उन्हें धनुष भी धारण कराया था। दोपहर में 12 बजे घंटे बजने लगे, आतिशबाजी हुई। श्रीराम जन्म महोत्सव अंतर्गत जारी श्रीराम कथा में प्रवचन दे रहे श्रीमदप्रयागपीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी शंकराचार्य ओंकारानंद सरस्वती महाराज ने व्यापाठ से बधाई के गीत गाए, मंदिर के पुजारी पं. सुधीर शर्मा, पं पीयूष शर्मा सहित बड़ी संख्या में विप्र बंधुओं ने प्रातःकाल से भगवान का अभिषेक एवं पूजन-अर्चन किया एवं राम जन्म की आरती की। इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष एवं विधायक डॉ.



सीतासरन शर्मा, श्रीराम जन्म महोत्सव समिति के संरक्षक प्रमोद पगारे, नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे, रमेश चांडक, जसवीर सिंह छाबड़ा, सतीश अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, श्रीराम जन्म महोत्सव समिति के अध्यक्ष नीरज जैन, कार्यकारी अध्यक्ष विपिन चांडक, उपाध्यक्ष विष्णु शंकर पांडे, सचिव अभिषेक तिवारी, संयुक्त सचिव शैलेन्द्र दुबे, कोषाध्यक्ष प्रकाश मिश्रा, सहकोषाध्यक्ष अमित सेठ, प्रवक्ता भूपेंद्र विश्वकर्मा, घनश्याम तिवारी, देवेंद्र पटेल, दिनेश सैनी सहित बड़ी संख्या में मंदिर समिति एवं श्री राम जन्म महोत्सव समिति के पदाधिकारी, सदस्य एवं बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे। द्वारिकाधीश मंदिर परिसर में दोपहर 11 बजे श्रीराम जन्म महोत्सव का आयोजन प्रारंभ हुआ। व्यासपीठ से महाराज श्री ने कहा कि त्रेतायुग में चक्रवती सम्राट राज दशरथ के यहां प्रभु श्रीराम का जन्म मानव अवतार में होना यह घटना नहीं थी, किंतु विधाता का निश्चित किया हुआ कार्य था। उन्होंने कहा कि राम त्रेतायुग की आवश्यकता थे। सनातन संस्कृति को बचाने और हिंदू धर्म की रक्षा के लिए उनका जन्म लेना जरूरी था और उन्होंने पृथ्वी पर जन्म भी इसलिए लिया कि ब्राम्हण, गाय, सुर और संत की वे रक्षा कर सके।

प्रभु श्रीराम का संपूर्ण जीवन मर्यादा का रहा और इसी मर्यादा के चलते प्रभु श्रीराम आज भी कलयुग में मर्यादा पुरूषोत्तम के नाम से जाने जाते है। इसी के साथ नौ दिवसीय श्रीराम कथा का विश्राम हुआ। इस अवसर पर मंदिर परिसर में आए श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया।

# जिले में 65 उपार्जन केन्द्रों पर एक अप्रैल से होगा गेहूं उपार्जन

**समय जगत, रतलाम।** जिला आपूर्ति अधिकारी आनंद गोले ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार विपणन वर्ष, 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन कार्य 1 अप्रैल से प्रारंभ होगा। जिले में 65 पात्र संस्थाओं के समिति मण्डी/उप मंडी एवं गोदामो पर गेहूं उपार्जन केन्द्र निर्धारित किये गये हैं। तहसील आलोट में 17 उपार्जन केन्द्र जिसमें सेवा सहकारी संस्था पिपल्या सिसोदिया केंद्र क्र 1, सेवा सहकारी संस्था पिपल्या सिसोदिया केंद्र क्र 2, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. बर्डियाराठौर केंद्र क्र 1, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. बर्डियाराठौर केंद्र क्र 2, दी आलोट विपणन सहकारी संस्था मर्या. आलोट केंद्र क्र 1, दी आलोट विपणन सहकारी संस्था मर्या. आलोट केंद्र क्र 2, प्राथमिक सहकारी समिति विक्रमगढ़, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. तालोद, प्राथमिक कृषि साख समिति शेरपुरखुर्द केंद्र क्र 1, प्राथमिक कृषि साख समिति शेरपुरखुर्द केंद्र क्र 2, सेवा सहकारी संस्था पाटन केंद्र क्र 1, सेवा सहकारी संस्था पाटन केंद्र क्र 2, प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था खजुरी देवड़ा आलोट मंडी, सेवा सहकारी संस्था धरोल केंद्र क्र 1, सेवा सहकारी संस्था धरोल केंद्र क्र 2, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति भोजाखेडी केंद्र क्र 1, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति भोजाखेडी केंद्र क्र 2 बनाए गए। तहसील ताल में 10 उपार्जन केन्द्र जिसमें प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित ताल केंद्र क्र 1, प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित ताल केंद्र क्र 2, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति आक्याकला केंद्र क्र 1, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति आक्याकला केंद्र क्र 2, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मकनपुरा, प्राथमिक कृषि सहकारी साख संस्था लसुड़िया सूरजमल, प्राथमिक सहकारी समिति मंडावल, प्राथमिक सहकारी समिति कसारीहरोड, प्राथमिक सहकारी समिति निपनियालीला, सेवा सहकारी संस्था खरवाकला बनाए गए। तहसील जावरा में 12 उपार्जन केन्द्र जिसमें जावरा विपणन एवं प्रक्रिया सहकारी सोसाइटी मर्यादित जावरा, प्राथमिक सहकारी समिति माउखेड़ी बनाए गए।

## भारत और रुपये को मजबूत करना है तो स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग है आवश्यक : दिनकर सबनीस

**समय जगत, नरसिंहगढ़।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत इकाई नरसिंहगढ़ द्वारा सम्राट विक्रमादित्य एकेडमी नरसिंहगढ़ में जिला स्तरीय ग्राहक सम्मेलन एवं प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता दिनकर सबनीस राष्ट्रीय संगठन मंत्री ग्राहक पंचायत, मुख्य अतिथि लक्ष्मीनारायण चौहान सह प्रांत समरसता प्रमुख, विशिष्ट अतिथि अंलकार वशिष्ट मध्य क्षेत्र संगठन मंत्री एवं सुरेन्द्र सक्सेना सदस्य जिला उपभोक्ता फोरम राजगढ़, कार्यकारी प्रांत अध्यक्ष विवेक भटनागर, प्रांत सचिव राजेश बाबू दांगी मंचासीन रहे। कार्यक्रम की शुरूआत विधिवत मां भारती एवं स्वामी विवेकानन्द जी के छायाचित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई । कार्यक्रम में उपस्थित मंचासीन अतिथियों ने उपस्थित ग्राहक शक्ति एवं ग्राहक पंचायत के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया गया। मुख्य वक्ता सबनीस जी ने अपने उदबोधन में कहा कि भारत और रूपया को मजबूत करना है तो स्वदेशी वस्तुओं को उपयोग आवश्यक है, उन्होंने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से स्वदेशी एवं विदेश वस्तुओं के क्रय विक्रय से भारतीय रूपया और डॉलर के मूल्य के अंतर को स्पष्ट किया तथा उन्होंने कहा कि बाजार परिवर्तन हो या व्यवस्था परिवर्तन ग्राहक को आवाज उठाना चाहिये क्योंकि ग्राहक रहेगा मौन तो उसकी सुनेगा कौन, ग्राहक पंचायत के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में किये गये प्रयासों से आये परिवर्तनों एवं ग्राहकों को मिलने वाले लाभ के बारे में बताते हुये उन्होनें भारत सरकार द्वारा ग्राहकों के लिये जारी हेल्पलाईन नंबरों के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी। मुख्य अतिथि लक्ष्मीनारायण चौहान ने कहा कि देश निरंतर विकास कर रहा है और समाज में जागृति आ रही है, समाज को सशक्त बनाना हमारा काम है, देश के प्रत्येक नागरिक स्व को लेकर अपना कार्य करेंगे तो हम किसी पर निर्भर नहीं रहेंगे।

## नप की बैठक संपत्ति, जलकर बढ़ाने के मुद्दे पर होगी चर्चा

**समय जगत, सुठालिया।** लंबे समय बाद नगर परिषद की बैठक सोमवार को बुलाई गई है। जिसमें बजट सहित 14 विभिन्न पहलुओं को लेकर विचार विमर्श होना है। बैठक में 2026-27 बजट स्वीकृति सहित मुख्यमंत्री द्वारा दस करोड़ के विकास कार्यो की घोषणा अनुसार कार्य योजना तैयार करने गीताभवन निर्माण कार्य, सफ़ाई सामग्री,पशु हाट, बाजार बैठक,बस स्टैंड शुल्क की दरों में वृद्धि सहित बस स्टेंड स्थित शापिंग कांप्लेक्स की दुकानों की दर स्वीकृति होना है। सदर बाजार बड़ाबाग रोड बंदा नाला पर स्थित 19 दुकानो में किराया वृद्धि पर विचार किया जायेगा। वाहनों में डीजल आदि खर्च की वित्तीय स्वीकृति देने, नप कर्मियों के वेतन को लेकर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति व संपत्तिकर एवं जलकर में बढ़ोतरी के संबंध में विचार होना है।

### इनका कहना है

नगर में संपत्ति व जलकर की राशि को बढ़ाने का विरोध करेंगे। यदि सत्ता धारी दल के पार्षद राशि बढ़ाएंगे तो जनांदोलन कर राशि कम करने को बाध्य करेंगे ।

**मिथुन सिलावट पार्षद प्रतिनिधि एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुठालिया**

# मंदिर श्री जमात में रामनवमी पर राममय हुआ माहौल

**समय जगत, नरसिंहगढ़।** मंदिर श्री जमात में रामनवमी के पर्व पर एक अलौकिक अनुभव रहा । प्रभु श्रीराम के बाल स्वरूप रामलला का जन्मोत्सव उस अद्भुत क्षण का साक्षी बना जब दोपहर ठीक 12 बजे महाआरती के समय श्रीराम ने मथुरा से लाई गई अदभुत एवं भव्य पोशाक धारण किये व सभी भक्तजनों को दर्शन दिये । मंदिर महंत दीपेंद्र दास ख़ाकी ने बताया कि रियासतकालीन मंदिर श्री जमात लगभग 250 वर्ष पुराना है । सन 1949 मे दिवंगत परम पूज्य गुरूदेव श्री नंदरामदास जी ख़ाकी के मंदिर में आने के बाद से मंदिर में भव्यता के साथ उत्सव मनाने की परम्परा शुरु हुई। तभी से आज तक हर वर्ष श्री रामलला का प्रकाट्य उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। महंत ने बताया कि कई दिनों से मंदिर में इस उत्सव की तैयारियां चल रही थी, जिसकी शुरुआत में पूरे मंदिर परिसर को गाय के गोबर से लीप कर शुद्ध किया गया । मंदिर में विराजित भगवान के अभिषेक उपरांत हर उत्सव क़ी तरह



मथुरा से लाई गई पोशाक धारण कराई गई । पूरे मंदिर परिसर को फूलों ओर रंगोली से सजाया गया । रामनवमी के उत्सव पर मंदिर मे स्थापित लकड़ी क़ी भट्ठी पर प्रसादी बनाई गई। मंदिर के करण सिंह, चुन्नी कुशवाह, अजय तिवारी,विनोद नामदेव, पूरन कुशवाह, दिलीप,अरुण कुशवाह, राजेश,कान्हा, पियूष, माधव,सुदामा आदि सभी सेवकों के भरपूर सहयोग रहा। नगर के सैकड़ों भक्तों ने महाआरती में शामिल होकर रामलला के दर्शन एवं प्रसादी का लाभ लिया।

# खेर माई मेले में हजारों भक्तों ने टेका माथा

**उचेहरा।** अमूमन मेला कोई भी हो वह दिन में लगता है लेकिन मां खेर माई के दो दिनों तक लगे मेले में शाम के समय ही भीड़ हुई। इसकी वजह यह नगरीय क्षेत्र का मेला होने के चलते यहां भीड़ शाम ढलने के बाद ही होती है। मेले में आसपास सहित दूर दराज के दुकानदार आते हैं और बच्चों के मनोरंजन के लिए कई बड़े झूले होते हैं। यह मेला ,हरवर्ष चैत्र नवरात्र की सप्तमी और अष्ठमी में दो दिन का लगता है, इस वर्ष के मेले को करीब 30 वर्ष हो गए । मेले की एक बड़ी विशेषता यह देखने को मिली कि मेला समिति की निगरानी में ही पूरा मेला निर्विघ्न सम्पन्न हो जाता है। ऐतिहातन न के बल पुलिस सुरक्षा होती है और तो और मेले में आये दुकानदारो से मेला समिति कोई निश्चित बैठकी देने की बाध्यता नहीं करती। दुकानदार अपनी स्वेक्षा



से मन्दिर के विकास में सहयोग राशि देते हैं उनके सहयोग के रूप में दी गई राशि मंदिर के विकास में लगती है ,नगर के श्रद्धालुओं का भी मंदिर के विकास में बड़ा योगदान रहता है। मन्दिर की एक बड़ी विशेषता और ऐसी मान्यता है कि मां खेर माई सारे नगर की माता है। मन्दिर समिति अध्यक्ष केशव ताम्रकार की मानें तो जो मां का सच्चा सेवक होता है वही मां की प्रतिदिन पूजा- आराधना करता है। मन्दिर में कोई पंडा पुजारी नहीं है। भक्तों की मन्नत पूरी होने पर कथा ,भंडारे होते ही रहते हैं।

## टेली ला जागरुकता शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को किया जागरूक

**नर्मदापुरम।** जिला नर्मदा पुरम में सीएसी द्वारा विभिन्न उपभोक्ताओं के लिए जागरूकता शिविर आयोजित किया जा रहे हैं इनके माध्यम से उनमें जागरूकता एवं उनका प्राप्त होने वाले लाभों के संबंध में अवगत कर कार्य किया जा रहे हैं ऐसा ही आज सीएसी द्वारा संचालित तेली लाज सेवा के अंतर्गत ग्राम गला एम ब्लॉक तहसील जिला नर्मदा पुरम में तेली ला जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया इस शिविर में उपस्थित हितग्राहियों को तेल ला सेवा के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई कार्यक्रम में विशेष रूप से सीएससी जिला प्रबंधक सुनील प्रजापति द्वारा ग्रामीणों को तेलीला के माध्यम से मिलने वाली निशुल्क कानूनी सलाह ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया तथा इसके लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया साथ ही कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से उपलब्ध विभिन्न सेवाओं जैसे सरकारी योजनाएं डिजिटल सेवाएं वित्तीय सेवाएं एवं नागरिक सुविधाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई उपस्थित लोगों को अधिक से अधिक तेलीला सेवा का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया गया इस अवसर पर ईश्वर में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और जो सबसे बड़ी देख बात सामने आई उसमें ग्रामीण जनों के बीच काफी उत्साह का वातावरण देखा गया।

# भूपेंद्र सिंह ठाकुर बने जिला सेवादल के मुख्य संगठक, कार्यकर्ताओं में उत्साह

**समय जगत, पचौर।** नगर के सक्रिय कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह ठाकुर को राजगढ़ जिला सेवादल का मुख्य संगठक मनोनीत किया गया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियवृत सिंह खींची ने उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपकर संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी। भूपेंद्र सिंह ठाकुर वर्तमान में पचौर सेवादल के मुख्य संगठक के रूप में कार्य कर रहे थे। संगठन के प्रति उनकी सक्रियता, अनुशासन और समर्पण को देखते हुए उन्हें जिले की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष खींची ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में सेवादल संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा पार्टी की गतिविधियों को गांव-गांव तक विस्तार मिलेगा। उन्होंने कहा कि सेवादल कांग्रेस की रीढ़ है और इसे सक्रिय रखना संगठन की प्राथमिकता है। नियुक्ति के बाद भूपेंद्र सिंह ठाकुर ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को मजबूत करने, युवाओं को जोड़ने और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में



उत्साह का माहौल रहा। कई पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में सेवादल नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

# मुख्य डाकघर को उड़ाने की धमकी, आधी रात तक चला सर्च ऑपरेशन

## जिला न्यायालय के बाद अब पोस्ट ऑफिस बना निशाना, ईमेल से मिली धमकी; पुलिस और बम निरोधक टीम ने खंगाला चप्पा-चप्पा



**रीवा।** शहर में एक बार फिर बम धमकी ने दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। कुछ ही दिनों पहले जिला न्यायालय भवन को बम से उड़ाने की धमकी के बाद अब शहर के मुख्य डाकघर को निशाना बनाया गया है। ईमेल के जरिए भेजी गई इस धमकी ने प्रशासन और कर्मचारियों के बीच हड़कंप मचा दिया।घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस महकमा तुरंत हरकत में आ गया। देर रात अमहिया थाना पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पूरे परिसर को अपने कब्जे में लेकर सघन तलाशी अभियान शुरू किया। कई घंटों तक चले इस ऑपरेशन में पुलिस ने मुख्य डाकघर के हर कोने को खंगाला, लेकिन राहत की बात यह रही कि कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री नहीं मिली।

**ईमेल से मिली धमकी, तुरंत हरकत में आया प्रशासन:** जानकारी के अनुसार, यह धमकी भरा ईमेल भोपाल सर्किल ऑफिस के माध्यम से रीवा मुख्य डाकघर तक पहुंचा। मेल में डाकघर को बम से उड़ाने की चेतावनी दी गई थी। इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए डाकघर के अधिकारियों ने बिना देरी किए पुलिस को सूचित किया।जैसे ही सूचना पुलिस तक पहुंची, तुरंत सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। देर रात ही अमहिया थाना पुलिस टीम मुख्य डाकघर पहुंची और पूरे परिसर को खाली कराते हुए तलाशी अभियान शुरू किया गया।

**आधी रात तक चला सर्च ऑपरेशन:** पुलिस ने किसी भी तरह का जोखिम न लेते हुए बेहद सतर्कता के साथ तलाशी अभियान चलाया। मुख्य डाकघर परिसर के अंदर मौजूद सभी कमरों, रिकॉर्ड रूम, पार्सल सेक्शन और आसपास के इलाकों की बारीकी से जांच की गई। इस दौरान बम निरोधक दस्ते को भी अलर्ट पर रखा गया था। हालांकि शुरुआती जांच में किसी भी तरह की विस्फोटक सामग्री नहीं मिलने से अधिकारियों ने राहत की सांस ली। जांच पूरी होने के बाद ही कर्मचारियों और अधिकारियों को परिसर में प्रवेश की अनुमति दी गई।

**कर्मचारियों में डर का माहौल:** इस घटना के बाद मुख्य डाकघर में कार्यरत कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच भय का माहौल साफ तौर पर देखा गया। डाकघर का कामकाज मुख्य रूप से पार्सल और डाक वितरण से जुड़ा होता है, ऐसे में किसी भी संदिग्ध पार्सल का खतरा हमेशा बना रहता है। कर्मचारियों का कहना है कि बड़ी संख्या में रोजाना पार्सल यहां पहुंचते हैं और हर पार्सल की पूरी तरह जांच करना संभव नहीं होता। ऐसे में इस तरह की धमकी उनके लिए चिंता का विषय बन गई है।एक कर्मचारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि, अब हर पार्सल को लेकर डर लगने लगा है। पता नहीं किसमें क्या हो सकता है। ऐसी धमकियों से काम करना मुश्किल हो जाता है।

**पार्सल सिस्टम बना चिंता का कारण:** मुख्य डाकघर में रोजाना सैकड़ों की संख्या में पार्सल आते हैं, जिनमें देशभर से भेजी गई वस्तुएं शामिल होती हैं। इन पार्सलों की स्कैनिंग और जांच एक चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया है।पुलिस के लिए भी यह स्थिति असमंजस भरी रही, क्योंकि बड़ी संख्या में मौजूद पार्सलों में से किसी एक में विस्फोटक होने की आशंका को पूरी तरह खारिज नहीं किया जा सकता। यही वजह रही कि तलाशी अभियान के दौरान हर पार्सल और संदिग्ध सामग्री पर विशेष ध्यान दिया गया।

**पहले भी मिल चुकी है धमकी:** गौरतलब है कि इससे पहले भी रीवा के जिला न्यायालय भवन को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। उस समय भी ईमेल के जरिए चेतावनी भेजी गई थी, जिसके बाद पूरे न्यायालय परिसर को खाली कराकर सघन जांच की गई थी।हालांकि उस मामले में भी कोई विस्फोटक सामग्री नहीं मिली थी, लेकिन इस तरह की लगातार मिल रही धमकियों ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है।

**साउथ इंडिया से भेजे जा रहे ईमेल?:** प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि दोनों ही मामलों में धमकी भरे ईमेल दक्षिण भारत (साउथ) से भेजे गए थे। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ईमेल भेजने वाला व्यक्ति कौन है और उसका उद्देश्य क्या है।साइबर सेल की टीम अब इस मामले की जांच में जुट गई है। ईमेल के स्रोत, आईपी एड्रेस और अन्य तकनीकी पहलुओं की जांच की जा रही है, ताकि आरोपी तक पहुंचा जा सके।

**पुलिस की जांच जारी:** पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस मामले को बेहद गंभीरता से लिया जा रहा है। हर एंगल से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपी की पहचान कर ली जाएगी।एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि, ÷धमकी भरे ईमेल की जांच साइबर विशेषज्ञों की मदद से की जा रही है। हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि यह किसी शरारती सुरक्षा व्यवस्था कड़ीलगातार मिल रही धमकियों के बाद शहर के संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। खासकर सरकारी भवनों, न्यायालय और डाकघरों के आसपास पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई है।इसके अलावा, कर्मचारियों को भी सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने के निर्देश दिए गए हैं।


# भय प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी...

## जिले भर में श्रीराम नवमी का कार्यक्रम संपन्न, जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा शहर

**समय जगत, रीवा।** चैत्र मास की नवमी तिथि पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव का पर्व पूरे रीवा जिले में अत्यंत श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया। नौ दिनों तक चले वासंती नवरात्रि के समापन पर नवमी तिथि के पावन अवसर पर दोपहर अभिजीत मुहूर्त में भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव की धूम पूरे जिले में देखने को मिली। मंदिरों में शंख, घंटियों और घड़ियाल की ध्वनि के साथ ÷जय श्रीराम÷ और ÷जय माता दी÷ के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। जिले के प्राचीन मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और पूरे दिन धार्मिक अनुष्ठान, हवन-पूजन, भजन-कीर्तन और भंडारों का आयोजन चलता रहा। नवमी तिथि की पावन बेला में जब भगवान श्रीराम के जन्म का समय आया तो मंदिरों में उपस्थित श्रद्धालुओं ने एक स्वर में भय प्रगट कृपाला दीनदयाला, कौशल्या हितकारी की स्तुति गाकर भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया। इस दौरान मंदिर परिसर में उपस्थित भक्तों ने ढोल-नगाड़ों और शंखनाद के साथ भगवान श्रीराम की आरती उतारी और प्रसाद का वितरण किया। पूरे जिले में धार्मिक आस्था का ऐसा अद्भुत दृश्य देखने को मिला मानो पूरा वातावरण राममय हो गया हो।

**मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़:** नवमी तिथि के अवसर पर शहर के प्राचीन रानीतालाब मंदिर, फूलमती माता मंदिर, अष्टभुजी माता मंदिर, दुर्गा नगर मंदिर सहित जिले के विभिन्न देवी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गई थीं। भक्तजन सुबह से ही माता रानी और भगवान श्रीराम के दर्शन के लिए मंदिरों में पहुंचने लगे। मंदिरों के कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा और भक्तों ने माता रानी एवं भगवान श्रीराम के दर्शन कर अपने परिवार और समाज के कल्याण की कामना की।मंदिरों में भक्तों द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। माता रानी को शुद्ध जल और गंगाजल से स्नान कराकर उन्हें सुगंधित पुष्पों की माला अर्पित की गई। भक्तों ने माता को कुमकुम, हल्दी, सिंदूर, बिंदी, चूड़ी, ध्वजा, नारियल, पान-सुपारी और धूप-दीप अर्पित कर पूजा की। इसके बाद मंदिर परिसर में धूप और दिव्य ज्योतियों से आरती उतारी गई। श्रद्धालुओं ने माता रानी को खीर, पूरी, लड्डू, मेवा, मिठाई और विभिन्न ऋतु फलों का भोग लगाया। आम, संतरा, सेब, केला और मौसंबी जैसे फलों से माता का भोग सजाया गया। पूजा के बाद भक्तों ने मंदिर प्रांगण में माथा टेककर अपने परिवार, बच्चों और विश्व कल्याण की प्रार्थना की।

**दिखा आस्था का सैलाब:** चैत्र मास की नवमी तिथि पर जिले के देवी मंदिरों में



आस्था का अद्भुत सैलाब देखने को मिला। शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों और गांव-गांव की मेढ़ुलियों में भी भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। हर तरफ जयकारों की गूंज सुनाई दे रही थी। श्रद्धालु माता रानी और भगवान श्रीराम के दर्शन के लिए घंटों कतार में खड़े रहे।मंदिरों में श्रद्धालु अपने हाथों में पूजा सामग्री लेकर पहुंचे थे। कोई फूल-माला लेकर आया था तो कोई नारियल और मिठाई लेकर आया था। भक्तों ने मंदिर में प्रवेश करते समय जल अर्पित किया और जयकारों के साथ भगवान श्रीराम की स्तुति करते हुए पूजा-अर्चना की। इस दौरान श्रद्धालु भक्ति भाव में पूरी तरह लीन दिखाई दिए।

**हवन-पूजन और धार्मिक अनुष्ठानों की रही धूम:** नवरात्रि के अंतिम दिन नवमी तिथि पर मंदिरों और घरों में हवन-पूजन, कथा-श्रवण और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने अपने घरों में भी पूजा-अर्चना कर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। कई स्थानों पर दुर्गा चालीसा का पाठ और श्रीरामचरित मानस का पाठ किया गया।मंदिरों में उपस्थित पंडितों द्वारा श्रद्धालुओं को चंदन और रोली का तिलक लगाया गया तथा हाथों में रक्षा सूत्र बांधा गया। इस दौरान कई श्रद्धालु प्रभात फेरी निकालते हुए भी दिखाई दिए। भजन मंडलियों द्वारा माता रानी और भगवान श्रीराम के भजन गाकर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया गया।

**कन्या पूजन और भंडारों का आयोजन:** नवमी तिथि के पावन अवसर पर जिले भर में कन्या पूजन और भंडारों का आयोजन भी किया गया। श्रद्धालुओं ने घरों और मंदिरों में नौ कन्याओं को माता का स्वरूप मानकर उनका पूजन किया। कन्याओं के पांव धोकर उन्हें आसन पर बैठाया गया और विधिवत पूजा की गई। कन्याओं को हलवा, पूरी, खीर, मेवा, मिठाई और फलों का प्रसाद परोसा गया। भोजन कराने के बाद उन्हें उपहार और दक्षिणा देकर आशीर्वाद लिया गया। इसके बाद उपस्थित भक्तों को भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया।शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह भंडारों का आयोजन हुआ जहां हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारों में सुबह से लेकर देर रात तक भक्तों की भीड़ लगी रही।

**मेले में उमड़ी भीड़:** नवमी के अवसर पर शहर के प्रमुख मंदिरों के आसपास मेले भी लगे। रानीतालाब, फूलमती माता और अष्टभुजी माता मंदिर के पास सजे मेले में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। मेले में बच्चों और महिलाओं के लिए विभिन्न प्रकार की दुकानें लगाई गई थीं।मेले में रेवड़ी, चूड़ा, माला, चंदन, धार्मिक पुस्तकें और पूजा सामग्री की बिक्री हो रही थी। बच्चों के लिए खिलौने और झूले भी लगाए गए थे। लोगों ने मेले में खरीदारी कर पर्व का आनंद लिया।

**सोशल मीडिया पर भी दिखा उत्साह:** राम नवमी के अवसर पर सोशल मीडिया पर भी लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी। फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दी गई। लोगों ने अपने स्टेटस और प्रोफाइल फोटो में भगवान श्रीराम की तस्वीरें लगाकर इस पावन पर्व को मनाया। कई लोगों ने मंदिरों में पूजा-अर्चना करते हुए अपनी तस्वीरें और वीडियो साझा किए। सोशल मीडिया पर भक्ति गीतों और भजनों के साथ फोटो क्लिप भी पोस्ट की गई। इस दौरान लोगों ने एक-दूसरे के पोस्ट पर लाइक और कमेंट कर शुभकामनाएं दीं।

# मां के आशीर्वाद से ही सभी कार्य होते हैं सफल : उप मुख्यमंत्री

## रानी तालाब मंदिर परिसर में आयोजित भगवती जागरण में शामिल हुए डिप्टी सीएम श्री शुक्ल



**समय जगत, रीवा।** नवरात्रि के उपलक्ष्य में महाअष्टमी पर गत रात्रि रीवा के रानी तालाब मंदिर परिसर में विशाल माँ भगवती जागरण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि माँ के आशीर्वाद से ही सभी कार्य सफल होते हैं। हम सभी पर माता का आशीर्वाद बना रहे और हमारा रीवा हर क्षेत्र में नित नई उपलब्धियाँ हासिल करता रहे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि माँ भगवती के जागरण से देवी माँ प्रसन्न होती हैं। प्रतिवर्ष यह आयोजन होता रहे और माता का आशीर्वाद हमको मिलता रहे। उन्होंने कहा कि इस समय मानवता संकट में है। इस संकट से सिर्फ माँ ही उबार सकती हैं। उन्होंने कहा कि माता के दरबार एवं रानी तालाब के चमकने के साथ ही रीवा भी चमकने लगा है। हम सब की प्रार्थना है कि माँ हमें आशीर्वाद देती रहें और रीवा की चमक बरकरार रहे। उप मुख्यमंत्री ने देवी जागरण में भजन की प्रस्तुति देने वाली गायिका यशस्वी की भावपूर्ण प्रस्तुति की सराहना की। कार्यक्रम में नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

**उप मुख्यमंत्री ने भगवान भैरवनाथ एवं माँ बूढ़ी माता के दर्शन किए :** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने गत दिवस महाअष्टमी पर गुढ़ के समीप भैरवनाथ मंदिर में भगवान के दर्शन किए। उन्होंने भैरवनाथ लोक में निर्मित कार्यों का निरीक्षण किया तथा प्रगतिरत कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए उन्हें शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने बूढ़ी माता मंदिर में माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की।

**उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल लक्ष्मीनारायण धाम में आयोजित श्री रामकथा में हुए शामिल:** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल पटेहरा ग्राम के श्री लक्ष्मीनारायण धाम के श्री रामकथा कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कथावाचक आचार्य श्री कृष्णाचार्य जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। उप मुख्यमंत्री ने ग्रामीणजनों को संबोधित करते हुए सभी को रामनवमी पर्व की शुभकामनाएं दीं।

# श्री राम जानकी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा और विशाल सभा संपन्न



**रीवा।** जिले के डगरडुआ गढ़ तहसील मनगवां में नव निर्मित श्री राम जानकी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा एवं विशाल सभा भव्य रूप से संपन्न हुई। कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के सवायपुर जिला हरदोई विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुंवर माधवेंद्र सिंह के मुख्य आतिथ्य तथा गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक नागेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में ब्रिगेडियर के.पी. सिंह, आनंद लाल सेखानी एवं उद्योगपति निधि सेखानी (सूरत) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मंदिर में स्थापित मूर्तियों का दान विनोद बछावत एवं कुसुम बछावत (देहरादून) द्वारा किया गया। आयोजन सोमवंशी क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में संपन्न हुआ। इस अवसर पर नव निर्मित श्री राम दरबार मंदिर में विधिवत मंत्रोच्चारण एवं धार्मिक अनुष्ठानों के साथ प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई गई। गुढ़ विधायक नागेन्द्र सिंह के नेतृत्व में रीवा महाराजा होटल से सैकड़ों चार पहिया वाहनों के काफिले के साथ हजारों लोग सुबह 11 बजे कार्यक्रम स्थल पहुंचे। उनके साथ भाजपा पदाधिकारी, वरिष्ठ नागरिक एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी शामिल रहे।

कार्यक्रम के दौरान सामाजिक एकजुटता, शिक्षा, सदाचार, कुप्रथाओं के त्याग एवं मृत्यु भोज पर प्रतिबंध जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। अंत में वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया तथा हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### वायरल ऑडियो से मचा हड़कंप, जांच पर भी घिरा पुलिस तंत्र

# बचा सको तो बचा लो शिखा को ! पुष्पेंद्र गौतम पर उठे गंभीर सवाल

**रीवा।** एक खुशहाल वैवाहिक जीवन के सपनों के साथ शुरू हुई शिखा की जिंदगी कुछ ही महीनों में दर्दनाक अंत तक पहुंच गई। शादी के सात फेरों के सात वचन अभी ठीक से निभ भी नहीं पाए थे कि अचानक उसकी आत्महत्या की खबर ने परिवार और समाज को झकझोर कर रख दिया। शुरुआत में इसे एक सामान्य आत्महत्या का मामला माना गया, लेकिन अब सामने आए वायरल ऑडियो ने पूरे घटनाक्रम को संदिग्ध बना दिया है। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे इस कथित ऑडियो में एक व्यक्ति, जिसे पुष्पेंद्र गौतम बताया जा रहा है, शिखा के पति विकास पांडे को खुलेआम धमकी देता हुआ सुनाई दे रहा है। ऑडियो में उसकी भाषा, लहजा और आत्मविश्वास कई गंभीर सवाल खड़े करते हैं। वह बार-बार कहता सुनाई देता है – बचा सको तो बचा लो, रिकॉर्ड कर लो, और पुलिस के पास चले जाओ। इन शब्दों ने पूरे मामले में सनसनी फैला दी है। इस वायरल ऑडियो के सामने आने के बाद यह मामला अब सिर्फ आत्महत्या तक सीमित नहीं रह गया है। सवाल यह उठने लगा है कि क्या शिखा पर किसी तरह का मानसिक दबाव बनाया जा रहा था? क्या इस पूरे घटनाक्रम के पीछे कोई साजिश थी? ऑडियो में जिस तरह से पुष्पेंद्र गौतम बिना किसी डर के बात करता हुआ सुनाई दे रहा है, उससे यह भी संदेह पैदा होता है कि कहीं उसे किसी प्रभावशाली व्यक्ति का संरक्षण तो नहीं मिला हुआ था। आमतौर पर कोई भी व्यक्ति इस तरह खुलेआम पुलिस को चुनौती देने का साहस नहीं करता, जब तक कि उसे किसी तरह का भरोसा या समर्थन प्राप्त न हो। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर पुष्पेंद्र गौतम का इस परिवार से क्या संबंध था? वह बार-बार विकास पांडे को फोन क्यों कर रहा था? एक




नवविवाहित जोड़े के निजी जीवन में उसकी इतनी दखलंदाजी क्यों थी? सूत्रों के अनुसार, पुष्पेंद्र गौतम को एक प्रभावशाली व्यक्ति का निज सहायक बताया जा रहा है। ऐसे में यह सवाल और भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि क्या उसकी भूमिका सिर्फ एक परिचित की थी या वह किसी बड़े खेल का हिस्सा था? मामले में एक और चौंकाने वाली बात यह सामने आई है कि शिखा की मौत के बाद मामला दर्ज करने में लगभग एक महीने की देरी हुई। यह देरी अपने आप में कई सवाल खड़े करती है। क्या यह देरी महज प्रशासनिक लापरवाही थी या इसके पीछे कोई दबाव काम कर रहा था? यदि मामला इतना गंभीर था, तो तुरंत कार्रवाई क्यों नहीं की गई? इन सवालों का जवाब अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है।

**तीन गिरफ्तार, लेकिन क्या असली आरोपी बाहर?:** पुलिस ने अब तक इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, लेकिन वायरल ऑडियो के सामने आने के बाद यह आशंका जताई जा रही है कि कहीं असली मास्टरमाइंड अभी भी गिरफ्त से बाहर तो नहीं है।जनता के बीच यह चर्चा तेज हो गई है कि सिर्फ कुछ गिरफ्तारियों से मामले का खुलासा नहीं हो सकता। जब तक हर उस व्यक्ति की भूमिका की जांच नहीं की जाएगी, जिसका नाम या संदर्भ इस मामले में सामने आ रहा है, तब तक सच्चाई अधूरी ही रहेगी।

**कॉल डिटेल्स और लोकेशन जांच की मांग:** अब इस मामले में सबसे महत्वपूर्ण मांग यह उठ रही है कि पुष्पेंद्र गौतम की कॉल डिटेल रिकॉर्ड निकाली जाए। इसके जरिए यह पता लगाया जा सकता है कि उसने किन-किन लोगों से संपर्क किया और कितनी बार किया। इसके साथ ही उसकी लोकेशन की भी जांच जरूरी बताई जा रही है, खासकर उस समय की जब शिखा की मौत हुई थी। अगर इन तकनीकी पहलुओं की गहराई से जांच की जाती है, तो कई छिपे हुए तथ्य सामने आ सकते हैं।

**वायरल ऑडियो का दूसरा हिस्सा और बढ़ा संदेह:** मामले में एक और मोड़ तब आया जब वायरल ऑडियो का दूसरा हिस्सा भी सामने आया। इस हिस्से में भी पुष्पेंद्र का रवैया उतना ही आक्रामक और बेखौफ नजर आता है।

# बुड़वा स्कूल प्राचार्य ने जांच दल को दी महत्वपूर्ण जानकारी


- विद्यालय के शिक्षकों पर फोन एवं ओटीपी के दुरुपयोग आदेशों की अवहेलना करने का लगाया गंभीर आरोप
- धीरेन्द्र द्विवेदी का नाम अतिथि शिक्षक पोर्टल से हटाये जाने के मामले ने पकड़ा और अधिक तूल

समय जगत एक्सक्लूसिव ***

**समय जगत, भोपाल।** शहडोल जिले के ब्योहारी क्षेत्रांतर्गत संचालित पीएमश्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुड़वा में वर्ग 1 रसायन शास्त्र के पद पर पदस्थ रहे वरिष्ठ अतिथि शिक्षक धीरेन्द्र द्विवेदी द्वारा उनका नाम अतिथि शिक्षक पोर्टल से हटाये जाने के खिलाफ उनके द्वारा की गई शिकायत पर प्रशासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा गठित किये गये दो जांच दलों ने बुड़वा स्कूल पहुंचकर धीरेन्द्र द्विवेदी द्वारा की गई शिकायत के आधार पर गहन जांच की। जिसके बारे में विश्वस्त सूत्रों ने बताया है कि जांच दल के समक्ष विद्यालय के प्राचार्य द्वारा धीरेन्द्र द्विवेदी के आरोपों की पुष्टि जैसा करते हुए विद्यालय के शिक्षकों पर गंभीर आरोप लगाते हुए महत्वपूर्ण खुलासे किये गये हैं।

सूत्रों के अनुसार पीएमश्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुड़वा के प्राचार्य ने जांच दल को बताया है कि विद्यालय में स्थापना का कार्य भुवनेश्वर प्रसाद बैस एवं द्वारिका सोनी कंप्यूटर का काम देखते हैं। कमलेश प्रसाद बैस जो कहते हैं वही यह लोग करते हैं। इन्हीं लोगों के द्वारा हमारा मोबाइल और ओटीपी नंबर लेकर विद्यालय का कार्य किया जाता है। ऐसे में उन लोगों ने ही मेरा मोबाइल- ओटीपी नंबर लेकर नाम हटाया होगा। मुझे कंप्यूटर के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। जब कभी मैं आदेश पंजी या अन्य कार्य के लिये आदेश करता हूं तो उसमें ये लोग कभी हस्ताक्षर या आदेश का पालन नहीं करते। प्राचार्य द्वारा यह खुलासा किये जाने से उक्त शिक्षकों की अनुशासनहीनता व उनके गलत कारनामें तो उजागर हो ही गये हैं साथ ही सूत्रों ने बताया है कि माध्यमिक विद्यालय बुड़वा के प्राचार्य द्वारा जांच दल को यह जानकारी दिये जाने से धीरेन्द्र द्विवेदी का नाम अतिथि शिक्षक पोर्टल से हटाने के मामले में कमलेश प्रसाद बैस, भुवनेश्वर बैस तथा द्वारिका सोनी पूरी तरह प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के टारगेट में आ गये हैं। इस मामले में प्राचार्य का जवाब अत्यंत महत्वपूर्ण है क्यों कि वह स्कूल के टीम लीडर व संस्था प्रमुख हैं तथा इस मामले में जांच दलों को अपना प्रतिवेदन शीघ्र ही वरिष्ठालय को सौंपना है। वहीं धीरेन्द्र द्विवेदी द्वारा उम्मीद जताई गई है कि जांच दल द्वारा किसी तरह की गफलत या हीलाहवाली न करते हुए सैद्धांतिक दृष्टिकोण की सुदृढ़ता के साथ तथ्य आधारित प्रतिवेदन वरिष्ठालय को प्रेषित किया जायेगा। ताकि मुझे न्याय मिल सके। वहीं इस बारे में विस्तृत जानकारी एवं जांच दल द्वारा की गई जांच के बारे में जानने के लिये जांच अधिकारी शशिकांत शर्मा से उनके फोन पर संपर्क किया गया लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

# प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और गैस का पर्याप्त स्टॉक : खाद्य मंत्री श्री राजपूत



**भोपाल।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि मध्यप्रदेश में एलपीजी , पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। भारत की सभी रिफाइनरियां पूरी क्षमता के साथ काम कर रही हैं और कच्चे तेल का भंडार भी पर्याप्त है। जिससे सप्लाई में कोई रुकावट नहीं है। प्रदेश में आवश्यक वस्तु अधिनियम के अन्तर्गत एलपीजी की कालाबाजारी रोकने के लिये निरंतर कार्यवाही की जा रही है। अभी तक 2046 स्थानों पर जांच की गई और 2888 एलपीजी सिलेण्डर जब्त किये गए तथा 09 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज कराई गई।

**पेट्रोल, डीजल की उपलब्धता:** प्रदेश में आज की स्थिति में सभी ऑयल कंपनियों के पास पेट्रोल/डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। सभी ऑयल कंपनियों के पास रोजाना नया स्टॉक पहुँच रहा है। इससे आने वाले दिनों की मांग को आसानी से पूरा किया जा सकता है।

**पैनिक बाइंग और भीड़ का कारण:** मध्यप्रदेश में पेट्रोल और डीजल की सामान्य बिक्री प्रतिदिन लगभग 18548चरुहोती है। पिछले कुछ दिनों में ग्राहकों द्वारा पैनिक बाइंग (डर के कारण अधिक खरीदारी) करने से कुछ जिलों में बिक्री 2 से 2.5 गुना बढ़ गई है। इसी वजह से कुछ पेट्रोल पंपों पर लंबी लाइनें और अस्थायी रूप से स्टॉक खत्म होने जैसी स्थिति बनी थी।

## संपादकीय

# मानवाधिकारों के संरक्षण पर ध्यान देना है जरूरी

लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था में मानवाधिकारों का विशेष महत्व है। भारत की जेल व्यवस्था की सबसे बड़ी समस्या है,क्षमता से अधिक भीड़। कई राज्यों में जेलों की ऑक्यूपेंसी दर 150 प्रतिशत से लेकर 200 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। उदाहरण के तौर पर, दिल्ली की जेलों में 200 प्रतिशत तक कैदी भरे हुए हैं, जबकि उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश में यह आंकड़ा 150 प्रतिशत से अधिक है। इस भीड़ का सबसे बड़ा कारण है विचाराधीन कैदियों की अत्यधिक संख्या। आंकड़ों के अनुसार, भारत के लगभग 73.5 प्रतिशत कैदी ऐसे हैं जिनका अभी दोष सिद्ध नहीं हुआ है और वे केवल ट्रायल का इंतजार कर रहे हैं। यह स्थिति न्यायिक प्रणाली की धीमी गति और मामलों के लंबित रहने का सीधा परिणाम है। विचाराधीन कैदी वह होते हैं जिन्हें अभी अदालत ने दोषी नहीं ठहराया है, फिर भी वे वर्षों तक जेल में बंद रहते हैं। यह स्थिति निर्दोषता की धारणा ( प्रेसम्प्शन ऑफ इनोसेंस ) के सिद्धांत के विपरीत है। न्यायिक देरी के कारण कई कैदी अपने संभावित सजा से अधिक समय जेल में बिता देते हैं। यह न केवल उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि न्याय व्यवस्था की विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़ा करता है।जेलों में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति अत्यंत दयनीय है। डॉक्टरों और चिकित्सा कर्मचारियों के लगभग 30-40 प्रतिशत पद खाली हैं।दिल्ली जैसी जगहों पर प्रति 200 कैदियों पर केवल एक डॉक्टर उपलब्ध है। इसका परिणाम यह होता है कि गंभीर बीमारियों का समय पर इलाज नहीं हो पाता। अस्वच्छता और भीड़भाड़ के कारण टीबी, एचआईवी और हेपेटाइटिस जैसी संक्रामक बीमारियां तेजी से फैलती हैं। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को जेलों की स्थिति पर ताजा आंकड़े प्रस्तुत करने का निर्देश 26 मई तक सबमिट करने को दिया है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने जेलों कीक्षमता भीड़भाड़ और महिला कैदियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का विस्तृत विवरण मांगा है।यह कदम दर्शाता है कि न्यायपालिका इस मुद्दे को गंभीरता से ले रही है। जेलों में मानसिक स्वास्थ्य एक बड़ा लेकिन अनदेखा मुद्दा है। ग्लोबल प्रिजन ट्रेंड्स रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया भर में जेलों के भीतर आत्महत्या और हिंसा के मामलों में वृद्धि हुई है। ऐसे में ऐसी व्यवस्थाएं विकसित की जानी चाहिये कि मानवाधिकारों की रक्षा और संरक्षण का मार्ग प्रशस्त हो सके।

# युद्धकाल का संकट, राजनीति और नागरिक कर्तव्य

**मृत्युंजय दीक्षित**

युद्धकाल के कारण पूरी दुनिया में आपूर्ति व्यवस्था बाधित हो जाने के कारण तेल, गैस व अन्य उत्पादों की कीमतों में वृद्धि हो रही है। चीन, जापान, कोरिया जैसे समृद्ध देश और पाकिस्तान, बांग्लादेश व श्रीलंका जैसे हमारे प?ोसी देश पेट्रोल व डीजल की कीमतों में 10 प्रतिशत से लेकर 60 प्रतिशत तक की वृद्धि कर चुके हैं। अमेरिका-इजराइयल और ईरान युद्ध को प्रारंभ हुए 15 दिन का समय व्यतीत हो चुका है और अभी भी युद्ध का दायरा बढ़ ही रहा है। खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध और आक्रामकता के कारण संपूर्ण विश्व में तेल और गैस की आपूर्ति बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। अन्य आवश्यक उत्पादों के जहाजों की आवाजाही भी प्रभावित हो रही है। विश्व के तमाम देशों की सरकारें एवं विपक्षी दल कदम से कडम मिलाकर तेल, गैस व ऊर्जा संकट, आर्थिक अनिश्चितता तथा कार्यालयों के पलायन के कारण उत्पन्न हो रहे संकट का सामना कर रहे हैं। सभी देशों में सत्तापक्ष व विपक्ष मिलजुल कर कर रहे हैं वहीं भारत में विपक्ष इस संकट का उपयोग अपने ही देश को नीचा दिखाने के लिए कर रहा है। भारत में इस युद्ध तथा उससे उपजे वैश्विक संकट पर अलग ही राजनीति हो रही है। जब से युद्ध आरम्भ हुआ है भारत में लखनऊ से लेकर श्रीनगर और जम्मू कश्मीर के बडगाम जिले तक अमेरिका-इजराइल के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करने के लिए आक्रामक विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। विरोध प्रदर्शन कर रहे इन लोगों ने पहले कभी भारत में होने वाले आतंकवादी हमलों निंदा तक नहीं की है। विपक्ष में बैठे राजनीतिक दल तथा उनके नेता इन प्रदर्शनों को हवा दे रहे हैं। कांग्रेस पार्टी की सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे आदि सरकार की विदेश नीति के खिलाफ अनवरत लेख लिख रहे हैं और किसी न किसी बहाने प्रधानमंत्री मोदी की छवि को नुकसान पहुंचाने के प्रयास कर रहे हैं। युद्धकाल के कारण पूरी दुनिया में आपूर्ति व्यवस्था बाधित हो जाने के कारण तेल, गैस व अन्य उत्पादों की कीमतों में वृद्धि हो रही है। चीन, जापान, कोरिया जैसे समृद्ध देश और पाकिस्तान, बांग्लादेश व श्रीलंका जैसे हमारे प?ोसी देश पेट्रोल व डीजल की कीमतों में 10 प्रतिशत से लेकर 60 प्रतिशत तक की वृद्धि कर चुके हैं। कई देशों में महंगाई चरम सीमा पर पहुंच रही है प?ोसी पाकिस्तान में तो लॉकडाउन जैसे हालात पैदा हो गए हैं जबकि भारत मे पेट्रोल व डीजल के दाम काफी स्थिर हैं। भारत में केवल घरेलू रसोई गैस के दामों में ही 60 रुपए की वृद्धि की गई है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युद्ध से पैदा हुए संकट पर स्वयं नजर रख रहे हैं। भारत के विदेश मंत्री तथा प्रधानमंत्री मोदी दुनियाभर के नेताओं के साथ संपर्क में हैं तथा आपूर्ति श्रृंखला को बनाए रखने के लिए नए मार्ग ढूंढ रहे हैं। अभी तक भारत केवल 27 देशों से ही तेल व गैस की खरीदता था किंतु अब 40 देशों के साथ क्रय सम्बन्ध बनाए जा रहे हैं। विडंबना है कि विपक्ष इस संकट का उपयोग राजनीति के लिए कर रहा है। विपक्षी दल के नेता, आईटी सेल तथा कार्यकर्ता अपने आकाओं की शह पाकर अफवाह बाज बनकर सड़क पर आ गए हैं। बड़े नेता ऊपर संसद ठप कर रहे हैं और छोटे-बड़े जमाखोरों के साथ मिलकर आम जनमानस का पैनिक बटन दबाकर गैस सिलेंडर के लिए लंबी-लंबी कतारें लगवा रहे हैं। कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी दल प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ माहौल बनाने का प्रयास कर रहे हैं जबकि प्रधानमंत्री मोदी व उनकी सरकार की पहल का ही परिणाम है कि ईरान-अमेरिका-इजरायल जंग के बीच होर्मुज स्ट्रेट से दो भारतीय जहाज शिवालिक और नंदादेवी 927000 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर भारत आ रहे हैं। भारत सरकार व अधिकारियों के प्रयास से ही फारस की खाड़ी में सभी भारतीय सुरक्षित हैं। भारत के 253 नाविक अब तक सुरक्षित वापस आ चुके हैं। भारत सरकार ऊर्जा आपूर्ति और नागरिक सुरक्षा पर पर्याप्त ध्यान दे रही है। प्रधानमंत्री मोदी कैबिनेट की बैठक में अपने मंत्रियों से स्पष्ट कर चुके हैं कि युद्ध का असर आम जनता पर नहीं पड़ना चाहिए। युद्धकाल में जो लोग भारत की विदेश नीति को फेल बताने वालों को स्मरण रखना चाहिए कि कि जब संघर्ष के कारण उड़ानें प्रभावित होने पर कई ईरानी नागरिक भारत में फंस गए थे भारत ने ही उन्हें ईरान की सहायता से उनके देश पहुँचाया। वहीं युद्ध के बीच 1.72 लाख भारतीय सकुशल भारत वापस आए हैं। भारत सरकार युद्धकाल में जनता को कोई समस्या न हो इसके लिए लगातार कार्य कर रही है किंतु क्या हम सभी नागरिक अपने कर्तव्य का पालन कर रहे हैं? परिस्थितियां इसका उत्तर नहीं में दे रही हैं। यदि नागरिक भी कर्त्तव्य बोध से बंधे होते तो आज देश में गैस सिलेंडर को लेकर जो पैनिक मचा हुआ है वह न होता। ऊर्जा संकट की आहट मात्र से अफवाह बाज सक्रिय हो गए और ऐसी अफवाहें उड़ाई गई कि जमाखोरी और कालाबाजारी शुरू हो गई है। जिन घरों मे एक या दो भरे हुए एलपीजी सिलिंडर मौजूद हैं वो भी हल्ला मचा रहे हैं। प्रतिदिन होने वाली सिलिंडर बुकिंग 55 लाख से ब?कर 75 लाख हो गई। देशभर मे अजीब नजारे देखने को मिल रहे हैं। जो परिवार 853 रुपए का गैस सिलेंडर खरीदने में भार का अनुभव करते थे अब वही लोग चोर बाजार से 3500 तक का सिलेंडर खरीदने की हैसियत दिखा रहे हैं। समाज मे नैतिकता व सदाचार की कमी के कारण ही जमाखोरी व कालाबाजारी एक सामाजिक बुराई का रूप ले चुकी है। युद्धकाल में देशवासियों का एक बहुत बड़ा वर्ग कर्तव्य से विमुख होकर अपने लिए मुनाफे का अवसर खोज रहा है।

# अंतर्राष्ट्रीय संदर्भ, वैश्विक व्यापार चुनौतियां और भारत की रणनीति

## नजरिया

**ट्रम्प ने भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न वस्तुओं के निर्यात पर भी 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया एवं 25 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ यह कहते हुए लगाया कि भारत, रूस से कच्चे तेल का आयात करता है एवं इसे प्रसंस्कृत करने के उपरांत यूरोपीय देशों को पेट्रोल एवं डीजल के रूप में निर्यात करता है। अमेरिका में 20 जनवरी 2025 को डोनाल्ड ट्रम्प ने 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी। ट्रम्प के अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के बाद से ही पूरी दुनिया में, विशेष रूप आर्थिक क्षेत्र में भारी उथल पुथल दिखाई दी है। ट्रम्प ने मेक अमेरिका ग्रेट अगेन - अमेरिका को पुनः महान बनायें - के नारे के साथ यह राष्ट्रपति चुनाव जीता था। अतः उन्होंने अमेरिका को एक बार पुनः विश्व के विनिर्माण हब के रूप में स्थापित करने का बीड़ा उठाया है। इस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु उन्होंने विभिन्न देशों से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर टैरिफ लगाने का निर्णय लेते हुए, इस निर्णय को शीघ ही लागू भी कर दिया।**

**प्रहलाद सबनानी**

विभिन्न उत्पादों के निर्यातक अमेरिका में इन उत्पादों को निर्यात करने के प्रति निरुत्साहित होकर इन उत्पादों का उत्पादन अमेरिका में ही प्रारम्भ कर देंगे। इस कार्य को यदि धीमे धीमे एवं संरचित रूप से किया जाता तो सम्भव है कि पूरे विश्व में अफरा तफरी जैसा माहौल नहीं बनता। परंतु, ट्रम्प ने कुछ देशों (चीन, आदि) से विभिन्न वस्तुओं के अमेरिका को होने वाले निर्यात पर 500 प्रतिशत तक का टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी एवं अन्य देशों को भी लगातार इस प्रकार की धमकी देना प्रारम्भ कर दिया। ट्रम्प ने भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न वस्तुओं के निर्यात पर भी 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया एवं 25 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ यह कहते हुए लगाया कि भारत, रूस से कच्चे तेल का आयात करता है एवं इसे प्रसंस्कृत करने के उपरांत यूरोपीय देशों को पेट्रोल एवं डीजल के रूप में निर्यात करता है। इस प्रक्रिया में ट्रम्प ने यह निष्कर्ष निकाला भारत द्वारा रूस से कच्चे तेल को खरीदने से रूस द्वारा यूक्रेन पर हमले को बल मिलता है और भारत इस युद्ध को अप्रत्यक्ष रूप से फंडिंग कर रहा है। इस प्रकार, भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर दिनांक 27 अगस्त 2025 से 50 प्रतिशत का टैरिफ लगा दिया गया है। इससे भारत के पूंजी (शेयर) बाजार में हाहाकर मच गया एवं विदेशी संस्थागत निवेशक लगातार भारत से अपने निवेश को निकाल रहे हैं। ट्रम्प अमेरिका में होने वाले विभिन्न वस्तुओं के आयात पर लगाए गए टैरिफ पर ही नहीं रुके बल्कि अपनी साम्राज्यवादी सोच को पुनः लागू करने के उद्देश्य को भी स्पष्ट रूप से झलका दिया। प्रभुतासम्पन्न देश वेनेजुएला के राष्ट्रपति को गिरफ्तार कर अमेरिका में लाया गया एवं उन पर अमेरिका में मुकदमा चलाया गया। दरअसल, अमरीका की नजर वेनेजुएला के कच्चे तेल के अपार भंडार पर है। जिस पर अमेरिका अपना कब्जा स्थापित करते हुए इसके उपयोग पर अपना नियंत्रण स्थापित करना चाहता है। साथ ही, डेनमार्क के नियंत्रण में एक द्वीप, ग्रीनलैंड पर अमेरिका अपना आधिपत्य स्थापित करना चाहता है। इसी प्रकार की धमकियां, मेक्सिको, क्यूबा, ईरान आदि देशों को भी दी गई हैं। ट्रम्प के उक्त प्रकार के निर्णयों के चलते अब तो वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों के बीच आपसी सम्बंधो पर प्रभाव पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत भी अछूता नहीं रहा है एवं हाल ही के समय में




भारत के अमेरिका के साथ सम्बन्धों में कुछ खटास आई है। अन्यथा, कुछ समय पूर्व तक भारत एवं अमेरिका एक दूसरे के रणनीतिक साझेदार माने जाते रहे हैं। विदेशी व्यापार के मामले में अमेरिका, भारत का सबसे बड़ा साझीदार रहा है। भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात के मामले में भी अमेरिका प्रथम स्थान पर हैं। श्री ट्रम्प द्वारा भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर लागू किए गए 50 प्रतिशत टैरिफ के उपरांत भारत का विदेश व्यापार कुछ हद्द तक विपरीत रूप से प्रभावित हुआ है। परंतु, भारत ने इस समस्या का हल निकालने की रणनीति पर तुरंत विचार करना प्रारम्भ किया एवं कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते सम्पन्न किए। ताकि, विशेष रूप अमेरिका को होने वाले वस्त्र एवं परिधान, जेम्स एवं ज्वेलरी, समुद्रीय पदार्थ, खिलौना उद्योग एवं चमड़ा उद्योग जैसे श्रम आधारित उद्योगों पर पड़ने वाले विपरीत प्रभाव को तुरंत ही रोका जा सके अथवा कम किया जा सके। अन्यथा, की स्थिति में भारत में बेरोजगारी की समस्या एक ज्वलंत समस्या के रूप खड़ी हो सकती थी। भारत ने उक्त उत्पादों के निर्यात हेतु रूस, चीन, जापान, आस्ट्रेलिया एवं यूरोपीय यूनियन के 27 सदस्य देशों के रूप में नए बाजार तलाशे एवं इन देशों को उक्त उत्पादों का निर्यात प्रारम्भ किया। वर्ष 2025 में भारत ने विदेशी व्यापार परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए प्रमुख वैश्विक साझेदारों के साथ मौजूदा मुक्त व्यापार समझौतों पर गहन वार्ताओं और रणनीतिक अद्यतनों को अंतिम रूप देने का प्रयास किया है। वर्ष के अंत में, भारत ने यूनाइटेड किंगडम, ओमान एवं न्यूजीलैंड के साथ महत्वपूर्ण मुक्त व्यापार समझौते सम्पन्न किए। इसके साथ ही, अफ्रीकी देशों एवं लैटिन अमेरिकी देशों के साथ भी प्रारम्भिक वार्ताओं को आगे बढ़ाने का प्रयास किया है। इसका परिणाम यह हुआ है कि नवम्बर एवं दिसम्बर 2025 माह में भारत से विभिन्न वस्तुओं के निर्यात में वृद्धि दर को बनाए रखने में सफलता मिली है। सितम्बर एवं अक्टोबर 2025 माह में विशेष रूप से अमेरिका को भारत से होने वाले वस्तुओं के निर्यात पर कुछ विपरीत प्रभाव पड़ा था। 27 जनवरी 2026 को तो भारत ने यूरोपीय यूनियन के 27 सदस्य देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देकर इतिहास ही बना डाला है। इस समझौते को मदर आफ ऑल डील्स की संज्ञा दी जा रही है। यह मुक्त व्यापार समझौता 18 वर्षों के उपरांत सम्भव हो सका है। अब तो कनाडा के राष्टपति भी मार्च 2026 माह में भारत आने वाले हैं एवं कुछ क्षेत्रों में मुक्त व्यापार समझौते के अंतिम रूप दिए जाने की प्रबल सम्भावना है। भारत द्वारा विभिन्न देशों के साथ किए जा रहे मुक्त व्यापार समझौतों का विश्व के अन्य देशों को सकारात्मक संदेश गया है। भारत वसुधैव कुटुम्बकम की भावना के साथ विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते सम्पन्न कर रहा है। इससे, समझौता करने वाले देशों के नागरिकों की आर्थिक स्थिति में सुधार होने की सम्भावनाएं प्रबल हो रही हैं क्योंकि इन देशों में आर्थिक प्रगति के तेज होने के चलते इन देशों में खुशहाली आने की सम्भावनाएं बन रही हैं। इस दृष्टि से विभिन्न देशों का भारत के प्रति दृष्टिकोण हाल ही के समय में बदला है एवं वे अब भारत की ओर आशाभारी नजरों से देख रहे हैं। भारत एक युवा देश है एवं विभिन्न उत्पादों के लिए भारत एक विशाल बाजार के रूप में विश्व के सामने उपलब्ध है। विशेष रूप से इस धरा के दक्षिणी भाग के देश तो अब भारत के वैश्विक स्तर पर इन देशों का नेतृत्व करने के लिए श्रद्धा के भाव से उम्मीद भारी नजरों से देख रहे हैं।

उक्त वर्णित परिस्थितियों के बीच भारत के सामने भी कुछ समस्याएं मुंह बाए खड़ी हैं। जैसे, अंतरराष्ट्रीय बाजार में डालर की तुलना में भारतीय रुपए की कीमत का लगातार गिरते जाना। एक अमेरिकी डॉलर की तुलना में भारतीय रुपए की क़ीमत 92 रुपए के स्तर को भी पार कर गई है एवं वर्ष 2025 में भारतीय रुपए का लगभग 5 से 6 प्रतिशत के बीच अवमूल्यन हुआ है। दरअसल, यह समस्या, विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा भारतीय पूंजी (शेयर) बाजार से लगातार अपने निवेश को निकालने के चलते खड़ी हुई है। इससे अमेरिकी डॉलर का भारत से बाहर जाने का सिलसिला बढ़ गया है। इस समस्या के हल हेतु भारत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की मात्रा को बढ़ाने का प्रयास लगातार कर रहा है। साथ ही, भारत से विभिन्न उत्पादों के निर्यात को भी गति देने के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि भारत में अमेरिकी डॉलर के आने की मात्रा में वृद्धि हो। यदि भारत को इन प्रयासों में सफलता मिलती है तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपए पर दबाव कुछ कम होगा। ट्रम्प द्वारा हाल ही के समय में लिए गए निर्णयों के चलते वैश्विक स्तर पर प्रारम्भ हुई उथल पुथल को कम करने के लिए आज विश्व के कई देश भारत की ओर ही देख रहे हैं क्योंकि भारत अपने आप को विभिन्न क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनाकर इस तरह की समस्याओं का हल निकालने का प्रयास कर रहा है एवं इस कार्य में भारत को कुछ सफलता प्राप्त होती हुई भी दिखाई दे रही है। भारत के पास युवा शक्ति की बेजोड़ उपलब्धता है, विभिन्न क्षेत्रों में इनके कौशल को विकसित कर, भारत आज पूरे विश्व को श्रमबल उपलब्ध करा सकने की क्षमता रखता है और भारतीय सनातन संस्कृति को वसुधैव कुटुम्बकम के भाव के साथ, पूरे विश्व में फैला सकता है ताकि विभिन्न देशों में हो रहे संघर्षों को कम अथवा समाप्त किया जा सके।

# मोदी सरकार की है जबरदस्त सामरिक रणनीति

**नीरज कुमार दुबे**

**पिछले कुछ वर्षों में भारत ने हथियार आयातक देश की छवि से बाहर निकलकर रक्षा निर्यातक बनने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए हैं। उदाहरण के तौर पर हाल ही में इंडोनेशिया ने भारत से लगभग 3800 करोड़ रुपये की ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने का समझौता किया है। साल 2026 में भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा नीति एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी दिखाई देती है। बदलते वैश्विक शक्ति संतुलन, चीन की आ मक सैन्य विस्तार नीति, हिंद महासागर में बढ़ती प्रतिस्पर्धा और सीमा क्षेत्रों में लगातार तनाव ने भारत को अपनी रणनीतिक प्राथमिकताओं को नए सिरे से परिभाषित करने के लिए मजबूर किया है।**



इसी पृष्ठभूमि में मोदी सरकार ने वर्ष 2026 में ऐसी सामरिक रणनीति अपनाई है जिसका मूल उद्देश्य है सैन्य शक्ति का तीव्र आधुनिकीकरण, स्वदेशी रक्षा उत्पादन का विस्फोटक विस्तार, नई युद्ध तकनीकों में निर्णायक बढ़त और वैश्विक रक्षा कूटनीति का विस्तार। हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी की सबसे पहली और सबसे स्पष्ट प्राथमिकता है रक्षा बजट में निरंतर वृद्धि। केंद्रीय बजट 2026-27 में भारत सरकार ने रक्षा क्षेत्र के लिए लगभग 7.85 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड आवंटन किया है जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 15 प्रतिशत अधिक है। यह राशि भारत के सकल घरेलू उत्पाद का लगभग दो प्रतिशत है और केंद्र सरकार के कुल खर्च का लगभग 14.67 प्रतिशत हिस्सा रक्षा क्षेत्र को जाता है। इस बजट में 2.19 लाख करोड़ रुपये पूंजीगत व्यय के लिए रखे गए हैं ताकि सेना को अगली पीढ़ी के लड़ाकू विमान, आधुनिक युद्धपोत, पनडुब्बी, ड्रोन और स्मार्ट हथियारों से लैस किया जा सके। मोदी सरकार की दूसरी निर्णायक रणनीति है सैन्य आधुनिकीकरण को तेज करना। पिछले कुछ वर्षों में यह स्पष्ट हुआ है कि भारत को एक साथ दो मोर्चों पर युद्ध की संभावना को ध्यान में रखते हुए अपनी सैन्य क्षमता बढ़ानी होगी। इसी रणनीति के तहत भारत ने नौसेना के लिए 26 आधुनिक राफेल लड़ाकू विमान खरीदने का लगभग 7.4 अरब डॉलर का समझौता किया है, जिससे हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की समुद्री शक्ति और मजबूत होगी। इसके साथ ही भारतीय वायुसेना के लिए नए लड़ाकू स्क्वॉड्रन, आधुनिक मिसाइल प्रणाली और लंबी दूरी की मारक क्षमता वाले हथियारों पर तेजी से काम चल रहा है। सामरिक विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम चीन और पाकिस्तान दोनों से उत्पन्न सुरक्षा चुनौतियों के जवाब में उठाया गया है।

तीसरी बड़ी प्राथमिकता है आत्मनिर्भर रक्षा उद्योग का निर्माण। वर्ष 2026 के रक्षा बजट में पूंजीगत खरीद का लगभग 75 प्रतिशत हिस्सा घरेलू उद्योगों से खरीद के लिए निर्धारित किया गया है। इसका अर्थ है कि लगभग 1.39 लाख करोड़ रुपये भारतीय कंपनियों और रक्षा निर्माण इकाइयों को मिलेंगे। इससे न केवल सैन्य क्षमता बढ़ेगी बल्कि देश में विशाल रक्षा औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र भी विकसित होगा। इसी दिशा में उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारा एक बड़ा उदाहरण बनकर उभरा है जहां अब तक 35000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आकर्षित हो चुका है। इस परियोजना का लक्ष्य भारत को वैश्विक रक्षा उत्पादन केंद्र बनाना है और हजारों उच्च कौशल रोजगार पैदा करना है। चौथी रणनीतिक प्राथमिकता है नई पीढ़ी के युद्ध क्षेत्रों में प्रवेश। पारंपरिक युद्ध अब अकेला निर्णायक तत्व नहीं रह गया है। ड्रोन, कृत्रिम बुद्धि आधारित युद्ध प्रणाली, डाटा युद्ध और साइबर युद्ध भविष्य की लड़ाइयों का आधार बनते जा रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए भारत ने ड्रोन बल, सैन्य जियो स्पेशल एजेंसी, डाटा फोर्स और संज्ञानात्मक युद्ध इकाइयों की स्थापना की दीर्घकालिक योजना तैयार की है। इसका उद्देश्य है कि वर्ष 2047 तक भारत पूरी तरह तकनीकी रूप से उन्नत सैन्य शक्ति बन सके। पांचवीं प्राथमिकता है रक्षा निर्यात का आक्रामक विस्तार। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने हथियार आयातक देश की छवि से बाहर निकलकर रक्षा निर्यातक बनने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए हैं। उदाहरण के तौर पर हाल ही में इंडोनेशिया ने भारत से लगभग 3800 करोड़ रुपये की ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने का समझौता किया है। यह सौदा केवल आर्थिक नहीं बल्कि रणनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे हिंद प्रशांत क्षेत्र में भारत की सामरिक उपस्थिति मजबूत होती है। छठी रणनीतिक दिशा है भविष्य के युद्ध खतरों के लिए तैयारी। भारत की नई रक्षा दृष्टि में रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल और परमाणु हमलों से निपटने के लिए विशेष सुरक्षा ढांचे का निर्माण भी शामिल है। रक्षा बल विजन 2047 दस्तावेज में स्पष्ट किया गया है कि भविष्य के युद्ध बहुआयामी होंगे और उनके लिए तेज प्रतिक्रिया क्षमता विकसित करना आवश्यक है। इन सभी पहलों का व्यापक लक्ष्य है भारत को वर्ष 2047 तक एक विकसित और सैन्य दृष्टि से आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाना। देखा जाये तो रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा प्रस्तुत रक्षा विजन 2047 राष्ट्रीय शक्ति के समग्र विस्तार का खाका है जिसमें सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और तकनीकी नवाचार को एक साथ जोड़ा गया है। कुल मिलाकर देखें तो वर्ष 2026 में मोदी सरकार की रणनीतिक प्राथमिकताएं बेहद स्पष्ट और आक्रामक हैं। विशाल रक्षा बजट, तेज सैन्य आधुनिकीकरण, स्वदेशी हथियार निर्माण, नई युद्ध तकनीकों में निवेश, रक्षा निर्यात का विस्तार और भविष्य के युद्धों के लिए तैयारी, ये सभी कदम मिलकर भारत को एक उभरती वैश्विक सैन्य शक्ति में बदलने की दिशा में आगे बढ़ा रहे हैं। यदि यह रणनीति इसी गति से लागू होती रही तो आने वाले दशक में भारत केवल दक्षिण एशिया की सुरक्षा व्यवस्था का केंद्र नहीं रहेगा बल्कि हिंद प्रशांत क्षेत्र की शक्ति संतुलन राजनीति में भी निर्णायक भूमिका निभाएगा।

# मर्यादा, आस्था और आदर्श जीवन का संदेश

**सौरभ वार्ष्णेय**

भए प्रगट कृपाला दीनदयाला कौसल्या हितकारी। हरषित महतारी मुनि मन हारी अद्भुत रूप बिचारी॥ यह चौपाई सुनते ही मन भी राममय हो जाता है। भारत की सांस्कृतिक परंपरा में त्योहार केवल उत्सव नहीं होते, बल्कि वे जीवन जीने की दिशा भी देते हैं। ऐसा ही एक पावन पर्व है राम नवमी, जो भगवान राम के जन्मोत्सव के रूप में पूरे देश में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है। वर्ष 2026 में भी यह पर्व लोगों के जीवन में आस्था, संयम और आदर्शों की नई ऊर्जा लेकर आएगा। राम नवमी चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाई जाती है। यह वही दिन है जब अयोध्या में राजा दशरथ के घर भगवान राम का जन्म हुआ था। राम केवल एक देवता ही नहीं, बल्कि आदर्श पुत्र, आदर्श राजा और आदर्श मानव के रूप में भी पूजे जाते हैं। उनका जीवन हमें सिखाता है कि कठिन परिस्थितियों में भी धर्म और सत्य का मार्ग नहीं छोडऩा चाहिए।आज के बदलते सामाजिक परिदृश्य में राम के आदर्श और भी प्रासंगिक हो जाते हैं। जब समाज में नैतिक मूल्यों का ह्रास दिखाई देता है, तब राम का जीवन हमें मर्यादा, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा की याद दिलाता है। राम ने अपने पिता के वचन को निभाने के लिए 14 वर्षों का वनवास स्वीकार किया, जो आज के समय में कर्तव्य और परिवार के प्रति समर्पण का सर्वोच्च उदाहरण है।राम नवमी के अवसर पर देशभर के मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना होती है। भक्तजन व्रत रखते हैं, रामचरितमानस का पाठ करते हैं और भजन-कीर्तन के माध्यम से भगवान राम का गुणगान करते हैं। अयोध्या सहित अनेक स्थानों पर शोभायात्राएं निकाली जाती हैं, जो इस पर्व की भव्यता को और बढ़ा देती हैं।यह पर्व हमें केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं रखता, बल्कि एक बेहतर समाज के निर्माण की प्रेरणा भी देता है। रामराज्य की कल्पना–जहां न्याय, समानता और सुख-शांति हो–आज भी हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों का आधार बनी हुई है। राम नवमी हमें यह संदेश देती है कि सच्चाई, धैर्य और मर्यादा के मार्ग पर चलकर ही जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है। यदि हम भगवान राम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं, तो न केवल हमारा व्यक्तिगत जीवन सुधरेगा, बल्कि समाज में भी सकारात्मक परिवर्तन आएगा।

भारत की सांस्कृतिक परंपरा में राम नवमी केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाली प्रेरणा भी है। यह दिन भगवान राम के जन्म का प्रतीक है, जिन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है–अर्थात् मर्यादा, नैतिकता और आदर्श जीवन के सर्वोच्च उदाहरण। रामनवमी हमें सिखाती है कि जीवन केवल सफलता या सत्ता पाने का नाम नहीं है, बल्कि अपने कर्तव्यों और मूल्यों को निभाने का नाम है। भगवान राम ने हर परिस्थिति में सत्य, धर्म और कर्तव्य को सर्वोपरि रखा–चाहे वह वनवास हो, परिवार के प्रति जिम्मेदारी हो या प्रजा के प्रति कर्तव्य। आज की तेज़ रफ्तार जिंदगी में जहां स्वार्थ और प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है, राम का जीवन संयम और संतुलन का संदेश देता है। उन्होंने क्रोध, अहंकार और लोभ पर नियंत्रण रखते हुए जीवन जिया–जो आज भी हर व्यक्ति के लिए मार्गदर्शक है। रामनवमी हमें यह भी सिखाती है कि रिश्तों की गरिमा बनाए रखना कितना महत्वपूर्ण है। राम ने पुत्र, भाई, पति और राजा–हर भूमिका में आदर्श स्थापित किया। उनके जीवन से हमें यह सीख मिलती है कि संबंध केवल अधिकार नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी होते हैं। जीवन में कठिनाइयाँ आना स्वाभाविक है, लेकिन राम का जीवन बताता है कि धैर्य और सकारात्मक सोच से हर संकट को पार किया जा सकता है। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने मार्ग से कभी विचलित नहीं हुए। आज के समय में रामनवमी केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे अपने जीवन में उतारने की जरूरत है। ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा, सहनशीलता और न्याय–ये सभी गुण हमें बेहतर इंसान और बेहतर समाज बनाने में मदद करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### आजाद समाज पार्टी का किसान सम्मेलन भगुवारामपुरा में हुआ आयोजित



दतिया। शुक्रवार को आजाद समाज पार्टी के तत्वाधान में सेंवढ़ा विधानसभा क्षेत्र के भगुवाराम पुरा में किसान सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि दामोदर सिंह यादव ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सतेन्द्र विद्रोही ने किया विशिष्ट अतिथि के रूप में अनिल गुर्जर मौजूद रहे। किसानों को संबोधित करते हुए दामोदर यादव ने कहा कि मेरी लड़ाई किसी संत, किसी धर्म या किसी भी जाति से नहीं है लेकिन जो संविधान को तोड़ेगा जो आडंबर पाखंड फैलाएगा जो आरक्षण का और यूजीसी का विरोध करेगा उसका हम सबको विरोध सड़कों पर उतर कर करना चाहिए। इस दौरान सतेंद्र विद्रोही एवं अनिल गुर्जर ने कहा कि आप सभी को तो दामोदर यादव के रूप में ऐसा नेता मिला है जिसने मनुवादियों की चूलें हिलाने का काम किया है। आप लोग अगर थोड़ी और ताकत लगा देते तो 2023 में आपको अपना विधायक मिल जाता। दामोदर यादव ने धीरेंद्र शास्त्री को पर्ची वाला बाबा बताते हुए जादू टोने के दम पर पिछड़ों को मूर्ख बना रहा है लेकिन हम उसकी पोल खोलेंगे और अपने लोगों को धीरेंद्र के पंडाल से बाहर निकाल कर स्कूल और शिक्षा के पंडालों में बैठाल कर ही रहेंगे। कार्यक्रम आयोजक के रूप में मुख्य भूमिका निभा रहे मेरे छोटे भाई केशव यादव को आप लोग अपना विधायक मन कर चलें क्योंकि वह आपके क्षेत्र में हमेशा आपके साथ रहते हैं मुझे पूरा प्रदेश देखना पड़ता है।

### गायत्री शक्तिपीठ सेंवढ़ा पर बने नवीन सामुदायिक भवन का विधायक श्री अग्रवाल ने किया लोकार्पण



**समय जगत, दतिया।** गायत्री शक्तिपीठ सेंवढ़ा में विधायक प्रदीप अग्रवाल की अनुशंसा से मुख्य मंत्री स्वेच्छा निधि 4 लाख की लागत के सामुदायिक भवन का विधायक प्रदीप अग्रवाल ने बतौर मुख्य अतिथि विधि विधान से पत्थर पूजन कर लोकार्पण करते हुए कहा कि सेंवढ़ा के विकास के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय में करोड़ों के विकास कार्य स्वीकृति के लिए भेजे गए हैं जिनको स्वीकृत होते ही सेंवढ़ा नगर में विकास कार्य प्रारंभ हो जाएगें। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुकेश चौधरी ने की। गायत्री परिवार की ओर से पीके पांडेय ने विधायक श्री अग्रवाल को माला पहना कर तिलक लगाकर स्वागत किया। इस अवसर पर चंद्रेश गुप्ता, जितेंद्र उदैनियां, चंद्रपाल भदोरिया, कुलदीप यादव, सनी परिहार, चित्रा साहू, किशन सिंह यादव, भवानी माझी, रमेश वाल्मीकि, राजेश गुप्ता, संजीव डेंगरे, वीरेंद्र रावत के अलावा बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

### घर में घुसकर बैरवा समाज के परिवार पर हमला करने वाले आरोपी शीघ्र किए जाएं गिरफ्तार



**समय जगत, श्योपुर।** शहर के वार्ड क्रमांक 11 स्थित अम्बेडकर नगर में 24-25 मार्च 2026 की मध्य रात्रि एक दलित परिवार पर हुए जानलेवा हमले की घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। अज्ञात बदमाशों ने घर में घुसकर बाबूलाल बैरवा और उनके परिवार पर चाकुओं से हमला कर दिया, जिसमें परिवार के कई सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना को लेकर क्षेत्री बैरवा समाज ने शुक्रवार को कोतवाली का घेराव कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया है कि मंगलवार रात करीब 12 से 1 बजे के बीच की है, जब बाबूलाल बैरवा अपने परिवार के साथ घर में सो रहे थे। इसी दौरान कुछ आरोपी घर में घुस आए और उन पर, उनकी पत्नी व बच्चों पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में बाबूलाल बैरवा, उनकी पत्नी एवं दोनों बेटियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और एक आरोपी को पकड़ लिया, जिसने अपना नाम समीर बताया। जबकि अन्य आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल श्योपुर ले जाया गया, जहां से बेटियों की हालत गंभीर होने पर उन्हें ग्वालियर रेफर किया गया। वर्तमान में उनका उपचार जारी है। पीड़ित पक्ष द्वारा थाना कोतवाली में मामला दर्ज कराया गया है, लेकिन पुलिस अब तक केवल एक आरोपी को ही गिरफ्तार कर पाई है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से बैरवा समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। समाज के पदाधिकारियों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही सभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई, तो बैरवा समाज उग्र आंदोलन करने को मजबूर होगा।

### पनवाड़ा मेला रोड पर ऑटो-बाइक की भिड़ंत में विधायक के बेटे घायल, किया गया रेफर



**समय जगत, श्योपुर।** विजयपुर क्षेत्र के विधायक मुकेश मल्होत्रा के बेटे नितिन मल्होत्रा गुरुवार रात पनवाड़ा सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना तब हुई जब नितिन अपनी बाइक से पनवाड़ा मंदिर की ओर से कराहल की तरफ आ रहे थे। इसी दौरान बाइक की सामने से आ रहे एक ऑटो से आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि नितिन मल्होत्रा सड़क पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में उनके एक पैर में फैक्चर हुआ है, साथ ही सिर में भी गहरी चोटें आई हैं। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल नितिन को तत्काल कराहल अस्पताल पहुंचाया। कराहल अस्पताल में डॉक्टरों ने नितिन को प्राथमिक इलाज दिया। हालांकि, उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए शिवपुरी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राथमिक जांच के अनुसार, यह हादसा तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण हुआ हो सकता है। पुलिस दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए सभी पहलुओं पर गौर कर रही है।

### रामनवमी पर पीतांबरा पीठ मंदिर पर विशाल कन्या भोज एवं भंडारा संपन्न

**समय जगत, दतिया।** चैत्र शुक्ल नवरात्री के अंतिम दिन 27 मार्च 2026 को पूर्ण होने पर नगर माता विजय काली पीठ मंदिर पर जबारे चढाए गए। वहीं पीतांबरा पीठ मंदिर पर विशाल हवन एवं भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें पीठ के दीक्षित हजारों अनुयाइयों ने धार्मिक रीति-रिवाज अनुसार पूजा अर्चना कर हवन वेदी में पूर्ण आहुतियां दी। शुक्रवार को पीताम्बरा पीठ पर सुबह से ही भारी भीड़ रही। भक्तों ने मां बगलामुखी की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया लगभग 8 हजार से अधिक भक्तों ने दी पूर्ण आहुति। उल्लेखनीय है कि चैत्र नवरात्री के समापन पर हवन, पूजन और कन्या भोज का आयोजन हुआ जहां हजारों श्रद्धालुओं ने हवन कर भंडारा ग्रहण किया।

# एसपी एवं कलेक्टर ने बगाज माता मेले की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

## श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर प्रशासन सक्रिय, पुलिस अधीक्षक व कलेक्टर का हुआ संयुक्त निरीक्षण



**टीकमगढ़।** आगामी मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुव्यवस्थित व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई एवं कलेक्टर विवेक श्रोतीय द्वारा आज दिनांक 27 मार्च 2026 को बगाज माता मंदिर परिसर का संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने मंदिर परिसर में की गई सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग प्रबंधन, खोया-पाया केंद्र, यातायात व्यवस्था एवं आने-जाने के मार्गों का गहन अवलोकन किया। साथ ही विभिन्न ड्यूटी प्वाइंट्स पर तैनात पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए, ताकि मेले के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो और श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुगम वातावरण प्राप्त हो सके।

व्यवस्थाओं का सूक्ष्म निरीक्षण–सुरक्षा पर विशेष जोर*अधिकारियों द्वारा भीड़ प्रबंधन, वाहन पार्किंग, प्रवेश एवं निकास मार्गों तथा आपातकालीन व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया गया। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी व्यवस्थाएं सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से संचालित हों।

श्रद्धालुओं से संवाद–सुविधा और सुरक्षा का भरोसा*निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं श्रद्धालुओं से संवाद स्थापित कर व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली तथा उनकी सुविधाओं एवं सुझावों पर भी ध्यान दिया।

धार्मिक आस्था के प्रति सम्मान*इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक एवं कलेक्टर द्वारा बगाज माता मंदिर में दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की गई। जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा एवं सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है। टीकमगढ़ पुलिस एवं प्रशासन – सुरक्षा, सेवा और समर्पण का संकल्प।

# बोड़ा में श्री राम जन्मोत्सव पर सकल पंच फूलमाली समाज द्वारा निकाला गया भव्य चल समारोह

## श्रद्धा एवं उल्लास के साथ सैकड़ों लोग हुए शामिल



**समय जगत, बोड़ा।** हर वर्ष की परंपरा को निभाते हुए इस वर्ष भी श्री राम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बोड़ा नगर में एक भव्य चल समारोह निकाला गया। इसका आयोजन फूल माली समाज संकल पंच बोड़ा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री सत्यनारायण भगवान की कथा से हुई, जिसके पश्चात नगर में उत्सव का माहौल छा गया। चल समारोह की शुरुआत श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर बगीची से हुई जो श्री नृसिंह भगवान मंदिर ,अर्जुन महल, ठाकुर मोहल्ला, गांधी चौक, शक्ति बड़ मोहल्ला यादव मोहल्ला, अंबेडकर चौक से होते हुए श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर बगीची पर संपन्न हुआ। समारोह में विशेष आकर्षण का केंद्र रही घोड़ी की बोली। सबसे ऊँची बोली लगाने वाले प्रतिभागी शिवनारायण पुष्पद (मुनीम जी)घोड़ी पर सवार होकर चल समारोह में शामिल हुए। बेंड ,, ढोल-धमाके, आतिशबाजी और पुष्प वर्षा ने वातावरण को राममय बना दिया। युवा भगवा ध्वज हाथों में लेकर पूरे जोश के साथ नगर भ्रमण करते दिखे। प्रभु श्री राम के भजनों पर युवा और महिलाएं भजनों पर थिरके।सकल पंच फूलमाली समाज बोड़ा के वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र कुमार सुमन , मुकेश पुष्पद, रमेश पुष्पद,नारायण पुष्पद, बंटी पुष्पद, रमेश पुष्पद पेंटर, सोनू पुष्पद पार्षद गोपाल पुष्पद, सोनू सुमन, अजय पुष्पद, योगेश पुष्पद, मनोज पुष्पद, विजय पुष्पद, राकेश पुष्पद, छोटू पुष्पद, ताराचंद पुष्पद,कमल सुमन, विजय पुष्पद, दीपक पुष्पद, राधे पुष्पद मुनी,

इस आयोजन में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि करण जायसवाल, नगर परिषद उपाध्यक्ष सतीश पाटीदार,पूर्व मंडल अध्यक्ष राधेश्याम राजपूत, पार्षद राजू भिलाला, कैलाश गुप्ता काका,जगदीश परमार, गोपाल राजपूत काका,यशपाल राजपूत,कांग्रेस नगर अध्यक्ष अशोक यादव,हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष दिनेश शर्मा,आशीष पालीवाल ,रमेश पुष्पद, पार्षद महेश नाथ, वरिष्ठ शिक्षक श्याम सुंदर विश्वकर्मा, जिला मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश राठौर, पवन वैष्णव,सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सैकड़ों की संख्या में पुरुष, महिलाएं और बच्चे इस चल समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम का समापन शाम 6 बजे महाआरती और महाप्रसादी वितरण के साथ हुआ इसके पश्चात समाज बंधुओं ने सामूहिक सहभोज किया। पूरे नगर में श्री राम जन्मोत्सव का उल्लास और धार्मिक एकता का संदेश देखने को मिला।

### प्रशिक्षण लेने से ही कार्यकर्ता का होता है निर्माण: डॉ. नरोत्तम मिश्रा



**दतिया।** भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल दतिया के प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम सत्र का उद्घाटन मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा उपस्थित रहे। वर्ग में चंबल संभाग प्रभारी अभय प्रताप सिंह यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे अध्यक्षता रघुवीर सिंह कुशवाहा ने की। इस दौरान डॉ. मिश्र ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग से ही कार्यकर्ताओं का निर्माण होता है। राष्ट्र की संकल्पना को लेकर राष्ट्र की एकता एवं अखंडता के लिए दृढ़ संकल्प होकर कार्यकर्ता काम करता है। भाजपा का कार्यकर्ता प्रशिक्षित होकर राष्ट्र कल्याण और पार्टी के लिए काम करता है अन्य पार्टियां परिवार से चलती हैं भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं से चलने वाली पार्टी है। सभी वर्गों को सभी समाजों को साथ लेकर चलने वाली देश की और विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। कार्यकर्ता जब मेहनत करता है तभी जाकर पार्टी शिखर तक पहुंचती है कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही आज प्रदेश और केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकारें हैं। भारतीय जनता पार्टी अंतिम छोर के कार्यकर्ता को मजबूत करने का काम करती है। केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजना की जानकारी कार्यकर्ता घर-घर पहुंचाएं।

# हुनर और मेहनत की मिसाल बनी अरीशा अली, 93.25% अंकों से किया नाम रोशन



**समय जगत,मनावर।** हुनर किसी उम्र, संसाधन या स्थान का मोहताज नहीं होता, यह व्यक्ति के भीतर जन्मजात होता है और सही अवसर मिलने पर निखरकर सामने आता है। आत्मविश्वास और उचित मार्गदर्शन के साथ यह सीमित संसाधनों में भी अपनी अलग पहचान बना लेता है। इसी का जीवंत उदाहरण पेश किया है भोपाल स्थित रेड रोज़ स्कूल, करोंद की कक्षा 5वीं की छात्रा अरीशा अली ने। अरीशा अली ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 की एमपी बोर्ड परीक्षा में 93.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सभी विषयों में + ग्रेड हासिल किया है। खास बात यह है कि वे स्कूल के टॉपर्स में दूसरे स्थान पर रही हैं। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय, परिवार और क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। विषयवार प्रदर्शन में अरीशा ने हिंदी में 96 अंक, गणित में 95 अंक, पर्यावरण अध्ययन में 94 अंक और अंग्रेजी में 88 अंक प्राप्त किए। उनकी सफलता के पीछे उनकी निरंतर मेहनत, अनुशासन और पढ़ाई के प्रति समर्पण प्रमुख रहा है। परिजनों ने बताया कि अरीशा शुरू से ही पढ़ाई के प्रति सजग रही हैं और नियमित अभ्यास के साथ शिक्षकों के मार्गदर्शन का लाभ उठाती रही हैं। वहीं, विद्यालय के शिक्षकों ने भी उनकी इस उपलब्धि को सराहते हुए उन्हें अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया है। अरीशा अली की यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि यदि प्रतिभा को सही दिशा और अवसर मिले, तो वह किसी भी परिस्थिति में अपने लक्ष्य को हासिल कर सकती है।

# श्योपुर में ऐतिहासिक तरीके से मना रामजन्मोत्सव शहर में आयोजित की गई भव्य शोभायात्रा

## झांकी ने मोहा मन, शहर में जगह-जगह हुआ स्वागत



**समय जगत, श्योपुर।** रामजी की निकली सवारी.., रामजी की लीला है न्यारी..। कुछ इसी प्रकार की स्वर लहरियों के बीच शहर में श्रीराम जन्मोत्सव समिति के तत्वावधान में शुक्रवार की शाम को भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई है। किला स्थित श्रीराम-जानकी मंदिर से प्रारंभ हुई शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से गुजरी। इस दौरान शोभायात्रा का शहरवासियों ने स्थान-स्थान पर पुष्प वर्षाकर स्वागत किया और आरती उतारी।

इस दौरान शामिल लोग भजनों की धुनों पर जमकर नाचे। इसमें जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिकों ने भी नृत्य किया। भगवान श्रीराम की शोभायात्रा में सबसे आगे एक घुड़सवार धर्म ध्वजा थामे चल रहा था। एक सुसज्जित रथ पर भगवान श्रीराम की प्रतिमा विराजमान थी। यह शोभायात्रा किला रोड होते हुए सायंकाल जब मुख्य बाजार में पहुंची तो दर्शनों के लिए सड़क के दोनों तरफ लोगों की भीड़ लग गई। शोभायात्रा के रामतलाई हनुमान मंदिर पहुंचने पर यहां परंपरानुसार भगवान की आरती की गई। बाद में यह शोभायात्रा स्टेशन रोड, गोलंबर पार्क, जीवन टाकिज रोड, जती चौक , छारबाग होते हुए देर शाम राम जानकी मंदिर पर जाकर समाप्त हुई।

**हर द्वार पर हुई आरती, जगह-जगह लगे स्वागत स्टॉल:** रामनवमी के चल समारोह के दौरान जब भगवान राम की बारात बाजार से निकली तो लोगों ने अपने घर के आगे भगवान राम की आरती उतार कर पूजा की। चल समारोह में शामिल श्रद्धालुओं के लिए राजनैतिक व सामाजिक दलों के अलावा व्यवसायियों ने जगह-जगह स्टॉल लगाए थे। इन स्टॉलों पर चल समारोह में शामिल भक्तों को शीतल पेय पदार्थ, आईसक्रीम व स्वल्पहार कराया गया।

### सिंध नदी में डूब रही बालिका का रेस्क्यू करने वाली जांबाज टीम को किया सम्मानित

**दतिया।** नवरात्रि मेले के दौरान रतनगढ़ माता मंदिर पर जिला प्रशासन एवं पुलिस की तत्परता एवं कुशल प्रबंधन के चलते एक बड़ा हादसा होने से टल गया। महोबा (उत्तर प्रदेश) से आई एक बालिका को सिंध नदी में डूबने से समय रहते बचा लिया गया। विगत 26 मार्च 2026 को महोबा (उ.प्र.) निवासी एक परिवार अपनी पुत्री मधु सेन के साथ माता रतनगढ़ के दर्शन हेतु आया हुआ था। सिंध नदी घाट पर अचानक बालिका को मिर्गी का दौरा पड़ने से वह अनियंत्रित होकर गहरे पानी में गिर गई और डूबने लगी। घाट पर तैनात एसडीआरएफ एवं पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अदम्य साहस का परिचय दिया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा पूर्व में नाम KUTUBUDDIN था, जो मेरे पूर्व पासपोर्ट पर दर्ज है जो अब बदलकर पूरा एवं सही नाम KUTUBUDDIN SAIFY S/O SALEH MOHAMMAD निवासी वार्ड नंबर- 12, ईज्जी काम्प्लेक्स नियर बैंक आफ बड़ौदा, नजरबाग नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़ (मध्य प्रदेश) 465669 हो गया है अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

# कटाई से पहले ही जल गई फसल

## जिम्मेदारों ने समय पर नहीं भेजी फायर ब्रिगेड , किसानों को हुआ भारी नुकसान



**समय जगत, नटेरन।** मेरा खेत घटबाई में है, जहाँ 10 बीघा से ज्यादा की गेहूं की फसल पूरी तरह जलकर राख हो गई है। हम सालों से विद्युत मंडल के लाइनमैन से शिकायत करते-करते थक गए कि लाइन में स्पार्किंग होती है और मेंटेनेंस की जरूरत है, लेकिन कभी सुनवाई नहीं हुई। आज उसी लापरवाही ने मेरी साल भर की कमाई छीन ली। ऊपर से फायरब्रिगेड को फोन किया तो वे फोटो-वीडियो मांग रहे थे। अगर हम किसान खुद जान पर खेलकर आग नहीं बुझाते, तो हजारों हेक्टेयर फसल स्वाहा हो जाती।÷नटेरन तहसील के घटबाई में बिजली विभाग की लापरवाही ने किसानों की साल भर की मेहनत को चंद मिनटों में राख की ढेरी बना दिया। 33चड्ड लाइन के टूटे इंसुलेटर से निकली चिंगारी ने न केवल ऋतिक बघेल जैसे कई किसानों की 10-10 बीघा खड़ी फसल को जलाया, बल्कि प्रशासन के दावों की भी पोल खोल दी।

**फोटो दिखाओ, फिर बुझाएंगे आग:** जब खेतों में आग की लपटें आसमान छू रही थीं, तब मदद के लिए फोन करने पर फायर ब्रिगेड का जवाब सुनकर किसानों के पैरों तले जमीन खिसक गई। कर्मचारियों ने दमकल भेजने के बजाय शर्त रख दी कि पहले फोटो-वीडियो भेजो कि आग नरवाई में है या फसल में, तभी गाड़ी आएगी। इस संवेदनहीनता के कारण आग विकराल हो गई और किसानों को खुद ही जान जोखिम में डालकर आग पर काबू पाना पड़ा। ढाई घंटे थमा रहा चक्काजाम, प्रशासन के फूले हाथ-पांव प्रशासनिक देरी और बिजली विभाग की अनदेखी से नाराज किसानों ने सड़क पर उतरकर चक्काजाम कर दिया। करीब ढाई घंटे तक आवागमन पूरी तरह ठप्प रहा। मौके पर पहुँचे तहसीलदार आनंद जैन और ञ्चढ्ढ मोहर सिंह मंडलिया की समझाइश का किसानों पर असर नहीं हुआ; वे कलेक्टर को बुलाने की मांग पर अड़े रहे। बाद में एसडीएम अजय प्रताप सिंह और विद्युत मंडल के अफसर मौके पर पहुँचे और किसानों का गुस्सा शांत कराया। किसानों ने अपनी व्यथा सुनाते हुए कहा- सालों से लाइनमैन से मेंटेनेंस की शिकायत कर रहे हैं, पर कोई सुनने वाला नहीं। हर साल आगजनी होती है, लेकिन प्रशासन किसानों को ही दोषी ठहरा देता है। करोड़ों की फसल दांव पर होती है, फिर भी नटेरन तहसील में एक अदद फायर ब्रिगेड नहीं है।

**ऐक्शन में एसडीएम लाइनमैन के निलंबन के निर्देश:** मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम अजय प्रताप सिंह ने किसानों को आश्वस्त किया कि नुकसान का सर्वे कर शत-प्रतिशत मुआवजा और बीमा क्लेम दिलाया जाएगा। लापरवाह लाइनमैन को तुरंत निलंबित करने के आदेश दिए। नटेरन में स्थाई फायर ब्रिगेड की मांग वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष प्राथमिकता से रखी जाएगी। पूरे क्षेत्र की जर्जर लाइनों का जल्द मेंटेनेंस कराया जाएगा। वही शमशाबाद तहसील के बींझ जागीर गांव में किस धन्नालाल अहिरवार के खेत में आग लग गई इस घटना में गेहूं की खड़ी फसल चलकर राख हो गई आग इतनी तेजी से फैली की देखते ही देखते 4 से 5 बीघा गेहूं की फसल इस आग की चपेट में आ गई आशंका जताई जा रही है कि पास के खेत में भूसा बनाने वाली मशीन से निकली चिंगारी के कारण आग भड़की आग लगने की जानकारी मिलते ही आसपास के किसान तुरंत मौके पर पहुंचे और अपने ट्रैक्टरों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया सूचना पर शमशाबाद फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंची और बडी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया इस आगजनी से किसान को भारी नूस्कान हुआ है फिलहाल आग से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी भी मौके के लिए रवाना हो गए और मौका मुआयना कर किसान को उचित मुआवजा के लिए आश्वासन दिया।

**आमसूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री अमान सिंह पुत्र श्री परसादीलाल, निवासी मकान न. बीएलडीजी / ए.पी.टी. 79, लैंडमार्क विदिशा रोड, ग्राम खेजडा बरामद, तहसील हुजूर, जिला भोपाल ने दिनांक 11.11.2025 को पंजीयन क्रमांक MP43IGR16962025A401015735 को उप पंजीयक कार्यालय भोपाल के माध्यम से श्री रघूवीर सिंह आत्मज श्री प्रसादीलाल के पक्ष मे एक मुख्तारनामा निष्पादित किया गया था, जो कि मेरे स्वामित्व की सम्पत्ति एक किता कृषि भूमि खसरा क्रमांक 93 / 1 जिसका रकबा 0.210 हैक्टर अर्थात 0.51 एकड़ स्थित ग्राम खेजडा बरामद, वार्ड क्रमांक 74, तहसील हुजूर, जिला भोपाल के संबंध मे दिया गया था।

लेकिन अब मैं उक्त मुख्तारनामा को अपनी स्वेच्छा से, बिना किसी दबाव अथवा प्रलोभन के आज दिनांक 27.03.2026 से पुर्णत: निरस्त करना हूँ।

अत: दिनांक 27.03.2026 के पश्चात उक्त श्री रघूवीर सिंह आत्मज श्री प्रसादीलाल को मेरे किसी भी प्रकार के कार्य, लेन-देन, विक्रय अनुबंध, रजिस्ट्री अथवा किसी भी प्रकार के शासकीय / अशासकीय कार्य करने का कोई अधिकार नही रहेगा, तथा उनके द्वारा किया गया कोई भी कार्य मेरे लिए बाध्यकारी नही होगा।

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता हैं कि यदि कोई व्यक्ति उक्त श्री रघूवीर सिंह आत्मज श्री प्रसादीलाल के साथ उक्त मुख्तारनामा के आधार पर किसी प्रकार का व्यवहार / लेन-देन करता हैं, तो वह स्वयं के जोखिम पर करेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति की होगी।

परबेज खान
(एडवोकेट)
कार्यालय क्रमांक जी-1, जी.के. कॉम्पलेक्स, प्लाट नं. 77, सेक्टर-सी, इन्द्रपुरी, भोपाल।
मोबाईल - 9691628598

# रामनवमी पर्व के उपलक्ष्य में नगर में आयोजित किया भव्य चल समारोह



**समय जगत आरोन।** रामनवमी पर्व के उपलक्ष्य में नगर में श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर नगर के सभी मंदिरों को भव्य एवं आकर्षक ढंग से सजाया गया। नगर को भी भव्य सजायागया श्री दास हनुमान मंदिर से सकल रघुवंशी समाज के तत्वावधान में भगवान रामलला के छायाचित्र को सुसज्जित रथ में विराजमान कर भव्य चल समारोह निकाला गया। चल समारोह की शुरुआत सुबह 9 बजे भगवान रामलला की पूजा-अर्चना आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ हुई। इस दौरान रथ को विशेष रूप से सजाया गया था। बुंदेलखंडी ढपला, रमतुला, बाहर से आए बैंड-बाजों, ढोल-धमाकों, तोपों की गूंज एवं अखाड़े में भी युवाओं ने करतब बाजी दिखाते हुए, फूलों की वर्षा के बीच हजारों की संख्या में धर्मप्रेमी श्रद्धालु नाचते-गाते और ÷जय श्री राम÷ के जयकारे लगाते हुए मुख्य बाजार की सड़कों से होते हुए श्री सनकादिक आश्रम पहुंचे। चल समारोह के दौरान नगर के विभिन्न समाजों द्वारा पालकी की आरती उतारकर पुष्प वर्षा की गई तथा समाज प्रमुखों को स्वाफा बांधकर सम्मान किया जाकर श्रद्धालुओं का फूल-मालाओं और ठंडाई पिलाकर भव्य स्वागत किया गया। सबसे खास बात हिन्दू मुस्लिम एकता की मिसाल कायम कर मुस्लिम कोमी एकता ने सभी पर फूल बरसाए एवं समाज प्रमुखों को माला पहनाई इसके बाद निर्धारित समय दोपहर 12 बजे भगवान रामलला के जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना संपन्न हुई। पुजारी जी द्वारा भगवान को छप्पन प्रकार के भोग अर्पित कर आरती की गई। इस अवसर पर संकादिचार्य पप्पू महाराज ईश्वर दास,एवं सोनेरा पहाड़ से पधारे श्याम दास महाराज जी का तिलक लगाकर एवं फूल-माला पहनाकर सम्मान किया गया। उपस्थित युवाओं ने संतों से आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण कर आयोजन का समापन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में क्षेत्रीय विधायक जयवर्धन सिंह भी शामिल हुए। उन्होंने श्री दास हनुमान मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की तथा उपस्थित सभी लोगों को रामनवमी पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन, युवा वर्ग तथा नगर के विभिन्न समाजों के अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# चैत्र नव रात्रि के अंतिम दिन खेड़ा पति माता मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़



**समय जगत, मंडीदीप।** चैत्र नव रात्रि के अंतिम दिन खेड़ा पति माता मंदिर पर सुबह चार बजे से भक्तों की भीड़ उमड़ गई। महिलाएं घर से माता को भोग लगाने के लिए हलवा, पूड़ी, खीर लेकर अपने परिवार के साथ आई । नौ दिन माता को जल चढ़ाने के बाद आखिरी दिन भोग के लिए माताएं-बहनें अच्छा अच्छा व्यंजन बना कर लाती है और पूजा अर्चना करती है माता से अपने परिवार की खुशहाली के लिए प्रार्थना करती हैं। महिलाएं नौ दिन उपवास रख कर माता को प्रसन्न करती हैं और आखिरी दिन घर पर कन्या भोजन कराती है। नगर का प्राचीन खेड़ापति मंदिर समिति के सदस्य नौ दिन अपनी सेवा देते हैं। सुबह चार बजे से मंदिर पर भीड़ उमड़ जाती है। ऐसे में सभी को लाइन लगा कर दर्शन की व्यवस्था की जाती है। समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी भंडारे का आयोजन रखा गया है जो 30 मार्च 12 बजे से शुरू होगा, जिसमें लगभग तीस हजार श्रद्धालु भोजन प्रसादी करेंगे । सतलापुर पुलिस द्वारा नव रात्रि पर विशेष सहयोग किया जाता है। रहवासी क्षेत्र और मंदिर के बीच में हाईवे निकला है, ऐसे में दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। मगर पुलिस प्रशासन के जवान हाईवे के दोनों तरफ खड़े रहते है और ट्रैफिक को कंट्रोल करते हैं ।

## संक्षिप्त समाचार

### रामनवमी पर निकली भव्य शोभायात्रा, जगह-जगह पुष्पवर्षा से किया गया स्वागत, नगर पालिका अध्यक्ष संदीप लोधी ने भी निभाई सहभागिता



**बेगमगंज।** रामनवमी के पावन अवसर पर दीनदयाल कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सुसज्जित विमान में भगवान श्रीराम और माता सीता के चित्र विराजमान किए गए, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहे। यह शोभायात्रा दीनदयाल कॉलोनी से प्रारंभ होकर गमिरिया क्षेत्र के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकाली गई। यात्रा के दौरान क्षेत्रवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर भगवान श्रीराम का स्वागत किया और जय श्रीराम के नारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए पूरे मार्ग में शामिल रहे। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष संदीप लोधी सहित समस्त वार्डवासी शोभायात्रा में शामिल हुए और धर्म लाभ अर्जित किया। आयोजन समिति द्वारा शोभायात्रा की सुव्यवस्थित व्यवस्थाएं की गईं।

### श्री हनुमान जयंती पर होगा 1100 लोगों द्वारा सामूहिक श्री हनुमान चालीसा का पाठ का भव्य आयोजन



**समय जगत, नर्मदापुरम।** सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ समिति नर्मदापुरम द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी स्थानीय सेठानी घाट पर सामूहिक रूप से श्री हनुमान चालीसा पाठ एवं भारत माता आरती का भव्य आयोजन दिनांक 2 अप्रैल को रात्रि 8 बजे से किया जायेगा। आयोजक समिति से जुड़े राजीव गौर ने बताया कि समिति के हिंदुत्व ,जन जागरण व एकत्रीकरण के उद्देश्य को लेकर विगत 5 वर्षों से नगर एवं नगर के आसपास विभिन्न मंदिरों में प्रत्येक मंगलवार को शाम 7 बजे से 8 बजे के मध्य आयोजन किया जाता है यह आयोजन समिति द्वारा पूर्णत: निशुल्क किया जाता है। आयोजन से सैकड़ों श्रद्धालु गण द्वारा धर्म लाभ अर्जित किया जाता है। इसी क्रम में इस बार हनुमान जी महाराज के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में समिति द्वारा 1100 लोगों द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ करने का निर्णय लिया गया है एवं नन्हे प्यारे श्री बाल हनुमान प्रतियोगिता का आयोजन भी 1 वर्ष से लेकर 10 वर्ष के आयु के बच्चों के मध्य किया जाएगा। जिसमें आकर्षक पुरस्कार एवं समिति द्वारा सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा।

### लोकायुक्त प्रकरण में दिये गये सख्त निर्देश


**समय जगत, झाबुआ।** लोकायुक्त इंदौर इकाई द्वारा जिला झाबुआ में जिला कार्यक्रम प्रबंधक (आरजीएसए) यश पंवार के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम, 2018 की धारा 7 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किए जाने के पश्चात कलेक्टर नेहा मीना ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कड़ी प्रशासनिक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्री जितेन्द्र सिंह चौहान को निर्देशित किया है कि संबंधित जिला कार्यक्रम प्रबंधक, आरजीएसए (संविदा कर्मचारी) यश पंवार को तत्काल प्रभाव से जिला पंचायत से हटाकर अन्य कार्यालय में अटैच किया जाए।

# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के पालन प्रतिवेदन की हुई समीक्षा




**झाबुआ।** मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन श्री अनुराग जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के पालन प्रतिवेदन की विस्तृत समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई। बैठक में राज्य शासन द्वारा निर्धारित प्राथमिकताओं एवं पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की जिलेवार समीक्षा की गई। सुशासन से जुड़े विभागों (राजस्व, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, सामान्य प्रशासन एवं लोक सेवा प्रबंधन) की समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने ÷कृषि कल्याण वर्ष÷ एवं ÷संकल्प से समाधान÷ अभियान को शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए इनके प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने, लंबित आवेदनों की नियमित समीक्षा करने तथा पळ्व्ज् पोर्टल पर सक्रिय उपयोगकर्ताओं की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए गए। मुख्य सचिव ने संवेदनशील बस्तियों का जोनल प्लान तैयार करने, आपातकालीन वाहनों के सुगम आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित करने, छब्व्क् की जिला स्तरीय समिति की नियमित बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही साइबर अपराध नियंत्रण तथा शस्त्र लाइसेंस के लिए डिजिटल पोर्टल के उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। पेट्रोल, डीजल, ब्छळ एवं च्छळ की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। ब्वउउमतबपंस ब्छळ की आपूर्ति पर विशेष निगरानी रखने तथा कालाबाजारी एवं जमाखोरी पर सख्त नियंत्रण हेतु नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही नागरिकों को च्छळ कनेक्शन हेतु प्रेरित करने पर बल दिया गया। अनुसूचित जाति एवं जनजाति एक्ट के प्रकरणों में राहत राशि का समय पर भुगतान, जिला सड़क सुरक्षा समिति (क्रौ्ब) द्वारा ब्लैक स्पॉट सुधार, नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन,

# मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल 2.0 योजना अंतर्गत हितग्राहियों के खातों में राशि अंतरित



**बुरहानपुर।** बुरहानपुर गुरुवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जिला छिंदवाड़ा में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए प्रदेश सहित जिले के मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल 2.0) योजना अंतर्गत हितग्राहियों के खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से राशि अंतरित की। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिले के जिला नियंत्रण कक्ष में उपस्थितजनों द्वारा देखा एवं सुना गया।

श्रम विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार योजना अंतर्गत जिले के असंगठित क्षेत्र के पंजीकृत 74 मृत श्रमिकों के परिवार/हिताधिकारियों को सामान्य मृत्यु की दशा में प्रति श्रमिक रूपये 2 लाख की दर तथा दूर्घटना की स्थिति में मृत श्रमिकों के परिवार/हिताधिकारियों को रूपये 4 लाख की दर से सहायता राशि का वितरण सिंगल क्लिक कर डीबीटी के माध्यम से हितग्राहियों के खातों में किया गया। गुरूवार को जिले के सामान्य मृत्यु के 68 प्रकरणों तथा दुर्घटना में मृत्यु के 6 प्रकरणों में 1 करोड़ 60 लाख रूपये की राशि अंतरित की गयी।

# जनगणना की तैयारियों को मिली रफ्तार: पांढुरना में प्रशिक्षण का सफलतापूर्वक किया गया आयोजन

## ग्राम कलमगांव में हैंड्स-ऑन अभ्यास से प्रशिक्षुओं को मिला वास्तविक कार्य अनुभव, तकनीकी दक्षता पर दिया गया विशेष जोर



**पांढुरना, (देवेन्द्र खुरसंगे)।** भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित जनगणना 2027 के सुचारू, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पांढुरना जिले में 25 मार्च से 27 मार्च तक जिला स्तरीय फील्ड ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। तीन दिवसीय इस प्रशिक्षण में फील्ड स्तर पर कार्यरत कार्मिकों को जनगणना की संपूर्ण प्रक्रिया, तकनीकी प्रावधानों तथा आधुनिक मोबाइल एप आधारित डेटा संकलन प्रणाली की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिवस पर प्रतिभागियों को ग्राम पंचायत कलमगांव में फील्ड विजिट कराते हुए व्यावहारिक (हैंड्स-ऑन) प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान चार्ज स्तर के फील्ड ट्रेनरों ने घर-घर जाकर मोबाइल एप के माध्यम से जनगणना से संबंधित आंकड़ों का संकलन करने की प्रक्रिया का अभ्यास किया। इस अभ्यास से प्रशिक्षुओं को जमीनी स्तर पर आने वाली परिस्थितियों, चुनौतियों और उनके समाधान की वास्तविक समझ प्राप्त हुई, जिससे उनके आत्मविश्वास में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। फील्ड विजिट के दौरान जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर नरेंद्र बांबल, रविंद्र गडकरी तथा जनगणना निदेशालय भोपाल के जिला प्रभारी कैलाशचंद्र साहू द्वारा प्रतिभागियों को डेटा संकलन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, जानकारी की शुद्धता बनाए रखने के उपायों तथा मोबाइल एप के प्रभावी एवं सुचारू संचालन के संबंध में विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं को निर्देशित किया कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में समयबद्धता, पारदर्शिता और सटीकता सर्वोपरि है।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत कलमगांव के सचिव मुकेश राउत, शासकीय विद्यालय के शिक्षक निलेश सहारे, श्रीमती ललिता नासरे सहित अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। सभी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग प्रदान किया और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

# सिलवानी में चैत्र नवरात्रि का भव्य समापन, नवमी पूजन एवं जवारे विसर्जन में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**समय जगत, सिलवानी।** नौ दिनों तक श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाए गए चैत्री नवरात्रि पर्व का समापन महाअष्टमी एवं नवमी पूजन के साथ हर्षोल्लासपूर्वक संपन्न हो गया। पूरे नगर में धार्मिक उत्साह का वातावरण बना रहा और अंतिम दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिरों में उमड़ी।

नवमी के अवसर पर प्रातःकाल से ही नगरवासी बड़ी संख्या में माता रानी के मंदिरों में दर्शन एवं पूजन के लिए पहुंचने लगे। मंदिरों में पूजा-अर्चना का क्रम दोपहर तक निरंतर चलता रहा। भक्तों ने विधि-विधान से माता की आराधना कर सुख-समृद्धि की कामना की।

नवमी के दिन कन्या पूजन का विशेष महत्व होने के कारण नगर के अनेक परिवारों ने अपने-अपने घरों में कन्याओं को आमंत्रित कर विधिपूर्वक उनका पूजन किया तथा उन्हें भोजन कराकर आशीर्वाद प्राप्त किया। यह सिलसिला पूरे दिन चलता रहा और श्रद्धा का अनूठा दृश्य देखने को मिला।

शाम के समय हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में ज्वारे घट पूजन एवं विसर्जन का भव्य चल समारोह आयोजित किया गया। यह शोभायात्रा काली चौक स्थित माता मंदिर से प्रारंभ होकर प्राचीन श्रीराम मंदिर, जमनिया पूरा तक निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जिन्होंने भक्ति गीतों और जयकारों के साथ पूरे मार्ग को भक्तिमय बना दिया।

### खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्यवाही सतत रूप से है जारी

**समय जगत, बुरहानपुर।** कलेक्टर श्री हर्ष सिंह के निर्देशानुसार जिले में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों के विक्रय स्थलों पर सतत् निरीक्षण एवं कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में विभाग द्वारा चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से बाहर से आने वाले दूध वाहनों एवं शहर में संचालित करीबन एक दर्जन से अधिक दूध डेयरियों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दूध एवं दुग्ध उत्पादों के लगभग 30 नमूने लेकर उनकी मौके पर ही जांच की गई। जांच के दौरान डेयरी संचालकों को स्वच्छता बनाए रखने एवं बिना लाइसेंस खाद्य सामग्री का विक्रय नहीं करने के सख्त निर्देश दिए गए। वहीं कार्यवाही के दौरान डेयरियों में अस्वच्छ परिस्थितियों में रखे गए लगभग 30 लीटर दूध, 20 किलोग्राम दही, 5 किलोग्राम मावा एवं 70 लीटर छाछ को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा संबंधित विक्रेताओं की उपस्थिति में मौके पर ही नष्ट कराया गया। इसी के साथ चौपाटी क्षेत्र में संचालित फास्ट फूड स्टालों का भी निरीक्षण किया गया तथा संचालकों को स्वच्छता मानकों का पालन करने एवं निर्धारित नियमों के अनुसार खाद्य पदार्थों का विक्रय करने के निर्देश दिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि बिना वैध लाइसेंस के किसी भी प्रकार का खाद्य व्यवसाय संचालित नहीं किया जाए, नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# भ्याना में निकाली गई भव्य कलश यात्रा

## महिलाओं ने निकाली भव्य कलश यात्रा, भजनों पर श्रद्धालुओं ने जमकर लगाए ठुमके



**समय जगत, भ्याना।** नगर के प्रमुख नरसिंह मठ मंदिर में शिखर चढ़ाने के उपलक्ष्य में शुभ अवसर पर महिलाओं एवं ग्रामीणों द्वारा कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें छोटी कन्याओं ने एवं माता बहनों ने भाग लिया। बीते चार दिनों से रात्रि में भागवत कथा सहित अन्य आयोजन चल रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को गांव में कलश यात्रा निकाली गई इस दौरान महिलायें अपने सिर पर कलश रख चल रही थीं। पूरे रास्ते भर डीजे की थाप पर भक्त नाचते-गाते नरसिंह भगवान के जयकारे लगाते चल रहे थे। कलश यात्रा पूरे नगर में भ्रमण करते हुए नरसिंह मंदिर पर कलश यात्रा का समापन हुआ और सभी कन्याओं को कलश बांटे गए। महाप्रसादी का वितरण किया गया। पूरे नगरवासियों ने महाप्रसादी में पहुंच कर प्रसाद का आनंद लिया। सभी नगर वासियों ने नरसिंह भगवान के दर्शन किए और माता बहनों ने भजन श्रवण किए गए सभी ग्रामवासी मनमोहक नजारा देखकर आनंदित हो रहे थे। सुरक्षा को लेकर संतोष मंडलोई, अमित रघुवंशी एवं पटवारी राकेश सूर्यवंशी व चौकीदार राकेश भिलाला पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# महाप्रसादी वितरण के साथ हुई महायज्ञ की पूर्णाहुति एवं रामकथा विश्राम

**समय जगत, भ्याना।** मालवांचल के प्रसिद्ध देवी शक्ति पीठ माता बिजासन के धाम पर गुड़ी पड़वा के पावन अवसर से चैत्र नवरात्र में शुरू हुए 108 कुंडिय श्री शतचंडी महायज्ञ का शुक्रवार को विधिवत प्रसाद वितरण एवं पूर्णाहुति के साथ समापन हुआ। गुरुवार को जहां महाअष्टमी को विशेष आहुतियां यजमानों द्वारा दी गई थी तो दूसरी ओर शुक्रवार को रामनवमी के अवसर पर महायज्ञ की पूर्णाहुति सम्पन्न हुई। जिसमें राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार मध्यप्रदेश सरकार गौतम टेटवाल, सांसद रोडमल नागर, राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त जन अभियान परिषद उपाध्यक्ष मोहन नागर, पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय वा अन्य गणमान्य नागरिक बंधुओं के साथ सभी एक सौ आठ कुंड यजमान जोड़े और प्रधान यजमान सत्यनारायण माहेश्वरी परिवार सहित समिति के सभी सदस्य माता बिजासन पुजारी परिवार सदस्य शामिल हुए। यज्ञाचार्य पंडित इंद्रजीत पाराशर यज्ञाचार्य पंडित संजय कृष्ण व्यास सहित सभी सैकड़ा भर कुंडाचार्य एवं ग्रामचार्य ओम पाठक द्वार विशेष पूजन सम्पन्न कराई गई। वहीं प्रसिद्ध कथावाचक प्रेममूर्ति प्रेमभूषण जी महाराज अयोध्या धाम के मुखारबिंद से पिछले नो दिनों से चल रही रामकथा का विश्राम भी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जी के राज्याभिषेक के साथ सम्पन्न हुआ।

# टीकमगढ़ में श्रीराम जन्मोत्सव की धूम भक्ति और उल्लास से गूंजा नजरबाग मंदिर



**समय जगत, टीकमगढ़।** शुक्रवार को शहर के प्राचीन नजरबाग मंदिर में श्रीराम जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। दोपहर 12 बजे भगवान श्रीराम के जन्म का उत्सव पारंपरिक विधि-विधान और बधाई गीतों के बीच मनाया गया, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भगवान के प्राकट्य के साथ ही बुंदेलखंड पीठाधीश्वर महंत सीताराम दास महाराज ने 'भए प्रगट कृपाला' स्तुति का सुमधुर गायन किया, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। इस दौरान ढोल-नगाड़ों की गूंज और आतिशबाजी ने माहौल को और उत्सवमय बना दिया। मंदिर को आकर्षक फूलों से सजाया गया था और भगवान को छप्पन भोग अर्पित किया गया। इसके साथ ही श्रद्धालुओं के बीच गुड़ एवं ड्राई फ्रूट से तैयार लगभग साढ़े तीन क्विंटल सिठौरा प्रसाद वितरित किया गया। बधाई गीतों का कार्यक्रम दोपहर 2 बजे तक चलता रहा।

आयोजकों के अनुसार, नजरबाग मंदिर में वर्ष 2006 से श्रीराम जन्मोत्सव भव्य रूप में मनाया जा रहा है और इस वर्ष यह आयोजन 21वें वर्ष में प्रवेश कर गया। महोत्सव की तैयारियों के तहत 11 मार्च से 26 मार्च तक शहर में प्रभात फेरियां निकालकर घर-घर आमंत्रण और धर्म ध्वज वितरित किए गए।

शाम 5 बजे से शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें दो दर्जन से अधिक आकर्षक झांकियां, घोड़े, बैंड और डीजे शामिल होंगे। यह यात्रा शहर का भ्रमण करते हुए रात करीब 9 बजे पुनः नजरबाग मंदिर पहुंचकर संपन्न होगी।

इस अवसर पर कलेक्टर विवेक श्रोतिय, एसपी मनोहर मंडलोई, तहसीलदार सत्येंद्र सिंह गुर्जर, कोतवाली थाना प्रभारी रवि भूषण पाठक, विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला सहित कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने इस पावन अवसर पर भगवान श्रीराम के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

# गेहूं की फसल में आग लगने से हुआ लाखों का नुकसान





**समय जगत, विदिशा।** जतरापुरा क्षेत्र में शॉर्ट सर्किट के चलते खेत में खड़ी गेहूं की फसल में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते एक बड़ा हिस्सा इसकी चपेट में आ गया। पास के ही खेत में किसान अपनी फसल की कटाई कर रहे थे। जैसे ही उनकी नजर आग पर पड़ी तो उन्होंने तुरंत ही इसकी सूचना दमकल विभाग के अधिकारियों को दी और मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया। आग की सूचना मिलते ही तहसीलदार और राजस्व विभाग के कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे। काफी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड और किसानों की मदद से आग पर काबू पाया गया। आसिफ खान ने बताया कि पास के खेत में फसल काट रहे किसानों ने तुरंत ट्रैक्टरों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। आसपास के किसानों द्वारा अपने ट्रैक्टरों में कल्टीवेटर लगाकर आग के आगे खड़ी हुई फसल को हाक दिया गया। जिससे कारण आग विकराल रूप नहीं ले पाई और इसी दौरान फायर ब्रिगेड पहुंचने से आग पर तुरंत ही काबू पा लिया गया। लेकिन जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक करीब 10 से 12 बीघा की गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। बताया गया है कि 300000 के आसपास का नुकसान हो गया है। उन्होंने कहा कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी है। विद्युत मंडल द्वारा लाइन का मेंटेनेंस नहीं किया जाता है जिसके कारण से किसानों का काफी नुकसान हो जाता है। बताया गया है कि झूलते हुए तारों के कारण उनके खेत में खड़ी हुई गेहूं की फसल शॉर्ट सर्किट से आग लगने के कारण बर्बाद हो गई है। उन्होंने कहा कि विभाग को इस ओर ध्यान देना चाहिए ताकि इस प्रकार की घटनाएं आगे घटित न हो सकें। आग की जानकारी मिलते ही तहसीलदार प्रीति पंथी और राजस्व अधिकारी मौके पर पहुंचे और नुकसान का आकलन किया गया।

# राष्ट्र सर्वोपरि की संगीतमयी प्रस्तुति से गूंजा महामाई परिसर, देशभक्ति गीतों पर झूमे श्रद्धालु



**समय जगत, सिरोंज।** बुधवार की देर शाम महामाई मंदिर परिसर में राष्ट्र सर्वोपरि, संघ और सनातन संस्कृति पर आधारित एक भव्य संगीतमयी प्रस्तुति का आयोजन किया गया, जिसने पूरे वातावरण को देशभक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध कलाकार मोहित शेवानी एवं उनकी टीम ने संघ के उदय से लेकर उसके 100 वर्ष पूर्ण होने तक के गौरवशाली सफर को गीतों के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री महामाई, श्री भारत माता, प्रथम सरसंघ संचालक प.पू.डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार, द्वितीय सरसंघ संचालक प.पू. माधव सदाशिवराव गोलवलकर गुरूजी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात श्री महामाई सेवा समिति द्वारा कलाकारों को उत्तरीय उड़ाकर स्वागत किया गया और संगीतमयी यात्रा का शुभारंभ हुआ। प्रस्तुति में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना से लेकर आज तक के संघर्ष, विस्तार और राष्ट्र निर्माण में उसके योगदान को जीवंत रूप में दर्शाया गया। कलाकारों ने बताया कि कैसे संघ एक वटवृक्ष की भांति अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए निरंतर सनातन संस्कृति और राष्ट्र सर्वोपरि की भावना को समाज में सुदृढ़ कर रहा है, और इसके स्वयंसेवक आज भी समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत चरैवेति-चरैवेति यही तो मंत्र है अपना जैसे प्रेरणादायक गीत से हुई, जिसने श्रोताओं में ऊर्जा का संचार किया। इसके बाद चंदन है इस देश की माटी, जहाँ डाल-डाल पर सोने की चिड़िया, मेरा रंग दे बसंती चोला, यह देश है वीर जवानों का, उठो जवानों, देश की वसुंधरा पुकारती एवं वंदेमातरम, जैसे देशभक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं। हर गीत पर उपस्थित जनसमुदाय मंत्रमुग्ध होकर झूमता नजर आया। कार्यक्रम का समापन मेरे राम आएंगे जैसे भावपूर्ण गीत के साथ हुआ, जिसने पूरे परिसर को भक्ति और आस्था के वातावरण में सराबोर कर दिया। देर रात तक चले इस आयोजन ने उपस्थित सभी लोगों के मन में राष्ट्रभक्ति, सांस्कृतिक गौरव और आध्यात्मिक भावनाओं को और अधिक प्रगाढ़ कर दिया, इस अवसर पर महामाई सेवा समिति के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं भक्तगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### जिले में जारी है भूसा परिवहन अधिकारी दें ध्यान

**समय जगत, पन्ना।** पन्ना जिले में भूसा परिवहन पर प्रतिबंध के बावजूद खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। कलेक्टर ऊषा परमार द्वारा बीते दिनों भूसा परिवहन पर रोक लगाने के स्पष्ट निर्देश दिए गए थे, लेकिन जमीनी स्तर पर इन आदेशों का पालन होता नजर नहीं आ रहा है। ताजा मामला अमानगंज बाईपास पिपरवाह मार्ग का है, जहां तीन ट्रॉला भूसा लोड कर ले जाते देखे गए। इस दौरान संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारी पूरी तरह से निष्क्रिय नजर आए और किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिले में लगातार भूसा परिवहन किया जा रहा है, लेकिन प्रशासनिक अमला इस पर अंकुश लगाने में विफल साबित हो रहा है। सवाल यह उठता है कि जब कलेक्टर द्वारा स्पष्ट आदेश जारी किए गए हैं, तो फिर इनका पालन क्यों नहीं कराया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, परिवहन पर रोक के बावजूद कुछ लोग नियमों को दरकिनार कर बेखौफ तरीके से भूसा बाहर भेज रहे हैं, जिससे शासन के आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ रही है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषियों पर कार्रवाई करता है या फिर इसी तरह आदेश कागजों तक ही सीमित रहेंगे। प्रशासन की सख्ती के बिना ऐसे मामलों पर नियंत्रण संभव नहीं दिख रहा है। यह पूरा मामला गुरुवार के दोपहर 3 का बताया जा रहा है।

### चोरी करने वाले आरोपी को न्यायालय द्वारा सश्रम कारावास से किया गया दंडित

**समय जगत, सिरोंज।** न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी मोना शुक्ला पांडे के न्यायालय द्वारा बटैया बाबडी के मंदिर में चोरी करने के आरोपी अखिलेश बघेल को 1 वर्ष का आयोजन सश्रम कारावास व 1000 रूपये के अर्थदंड से दंडित किया है। सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी मोहित सिंह कुशवाह ने बताया कि विगत दिनांक 20 जुलाई को बटैया बाबडी मंदिर के पुजारी जगदीश त्यागी ने थाना सिरोंज में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जब वह मंदिर में पूजा करने गये तो देखा कि मंदिर में हनुमान जी के चांदी के खड़ाऊं व चांदी का छत्र नहीं थे। पुलिस द्वारा पुलिस ने धारा 305(डी) एवं 331(3) भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण दर्ज किया था। अपराध की विवेचना प्रधान आरक्षक राकेश शर्मा द्वारा कि गयी। प्रकरण में पैरवी सहायक लोक अभियोजक मोहित सिंह कुशवाह द्वारा कि गयी। व प्रकरण शीघ्र सुनवाई के लिए महिला आरक्षक प्रियंका बघेल द्वारा समंस जारी कर सहयोग किया गया। जिसपर न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी न्यायाधीश श्रीमति मोना शुक्ला पांडे द्वारा आरोपी अखिलेश बघेल को 1 वर्ष का सश्रम कारावास व 1000 रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया।

### आंगनवाड़ी केन्द्रों पर विद्यारंभ उत्सव का किया गया आयोजन

**समय जगत, दमोह।** आंगनवाड़ी केन्द्रों पर विद्यारंभ उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान शाला पूर्व शिक्षा पूर्ण करने के बाद 5-6 वर्ष के बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। आंगनवाड़ी केन्द्रों पर न केवल पोषण अपितु 3-6 आयुवर्ग के बच्चों के साथ खेल आधारित शिक्षण द्वारा विकास के पांचों आयामों पर कार्य किया जाता है। बच्चों के शारीरिक, संज्ञानात्मक, भावनात्मक, सामाजिक व नैतिक और रचनात्मक विकास शामिल है। विद्यारंभ उत्सव का उद्देश्य बच्चों के सीखने-सिखाने के क्रम को समुदाय और अभिभावकों के साथ साझा करना और बच्चों के स्कूल प्रवेश हेतु प्रमाण पत्र वितरित करना रहा।

# कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने कानूनविदों से किया विचार-विमर्श



**समय जगत, विदिशा।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा से शिक्षक पत्रता परीक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू याचिका हेतु चर्चा की। जिसमें विवेक तन्खा के द्वारा याचिका दायर करने हेतु अपनी सहमति प्रदान की है और शीघ्र ही राज्य कर्मचारी संघ के नाम से याचिका दायर की जाएगी। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार से भी बातचीत की जा रही है। सरकार का रूख भी शिक्षक संवर्ग के प्रति सकारात्मक है, शासन स्तर पर भी कानूनविदो से विचार विमर्श किया जा रहा है। हम आश्वस्त है कि शीघ्र ही सरकार की ओर से भी शिक्षक संवर्ग के लिए राहत भरी पहल होगी। प्रदेश महमंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा की संघ हर विषम परिस्थिती में शिक्षकों के साथ तन मन धन से खड़ा हुआ है। मध्य प्रदेश के समस्त शिक्षक साथियों की इस लड़ाई को राज्य कर्मचारी संघ तन मन धन से लड़ेगा इसके साथ-साथ राज्य कर्मचारी संघ सभी शिक्षक साथियों से अपील करता है कि किसी भी व्यक्ति के बहकावे में आकर किसी भी प्रकार की राशि किसी को भी न दें। वहीं देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर, रामु भैया के माध्यम से कार्तिक पंत काउंसलर से भी चर्चा हुई। जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि अभी तक कुल 44 याचिका दायर की गई हैं जिसमें मध्य प्रदेश से कोई भी याचिका दायर नहीं की गई हैं। जिला प्रभारी व प्रदेश प्रवक्ता डाक्टर अनिल भार्गव ने भी समस्त शिक्षक संवर्ग के साथियों से अपील करते हुए कहा है कि किसी को भी डरने अथवा चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। जिलाध्यक्ष ईश्वर शर्मा ने बताया कि संगठन की लीगल टीम दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं एवं सभी विकल्पों पर बारीकी से जांच कर मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि संगठन की ओर से नियुक्त टीम में प्रदेश मंत्री निरंजन सिंह घुरैया, अशोक शर्मा दीपेरा, संभाग उपाध्यक्ष नारायण प्रसाद चतुर्वेदी, भोपाल जिलाध्यक्ष जितेन्द्र शाक्य बहुत ही बुद्धिमानी से विचार कर शिक्षक संवर्ग के हित संरक्षण हेतु कार्य कर रहे हैं। निश्चित रूप से शिक्षक संवर्ग को राहत मिलेगी।

जिला सचिव जगदीश श्रीवास्तव, कार्यकारी अध्यक्ष भगत सिंह राजावत, जिला संगठन मंत्री नीलेश तिवारी, आंनद श्रीवास्तव, विपुल शर्मा, बृजमोहन शर्मा, जसवंत सिंह ठाकुर, जीतेंद्र सिंह रघुवंशी, राहुल मालवीय, देवेन्द्र सिंह रघुवंशी शैलेश गायकवाड़ ने सभी शिक्षक साथियों से अनुरोध किया है कि किसी के बहकावे में न आएं और संगठित रहे एवं कोई भी चिंतित न हो।

# जमीनी विवाद पर किया कुल्हाड़ी से हमला



**समय जगत, पन्ना।** पन्ना शाहनगर थाना शाहनगर क्षेत्रांतर्गत बोरी चौकी के समीप सुनपुरा गांव मे बुधवार की शायं 4बजे दो भाईयों पर जमीनी विवाद को लेकर मारपीट की गई जानकारी के मुताबिक फरियादी शिवकुमार पिता रामचन्द्र यादव उम्र 40 वर्ष निवासी सुनपुरा ने बताया की मेरी खेती की जमीन बरूआबारन हार मे मेरे चचेरे भाई की जमीन से लगी है आज मे खेत के किनारे लगी सरकारी जमीन पर लगे झाड झंकार की सफाई मे लगा था तभी रामभाई यादव पिता बलिराम यादव उम्र 55 वर्ष निवासी सुनपुरा और उसका दोनों बेटा मुकेश यादव और सुखेन्द्र यादव आये और गाली गालौज करने लगे तभी रामभाई ने हाथ मे ली हूई कुल्हाडी मेरे सिर पर मुदाही की तरफ से मार दी तभी वहीं पास में मेरी धर्मपत्नी उमारानी यादव ने बीच बचाव किया उसके दोनों बेटों ने लाठी डन्डो से मारपीट की वही दूसरे पक्ष ने भी रामभाई पिता बलीराम यादव ने भी मारपीट का आरोप लगाया है पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत के अधार दोनों पक्षों मे कांऊटर केश का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने घायलों को शाहनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर ईलाज के लिये लाया गया जहा से प्राथमिक उपचार पश्चात रामभाई यादव और बलिराम यादव को कटनी रेफर कर दिया गया।

# टेट परीक्षा के विरोध में अध्यापक शिक्षक संघ द्वारा दिया गया ज्ञापन



**समय जगत, दमोह।** समस्त अध्यापक शिक्षक साथियों द्वारा हटा विधायक श्रीमती उमा देवी खटीक को सामूहिक रूप से टेट परीक्षा के विरोध में ज्ञापन दिया। ज्ञापन में महत्वपूर्ण रूप से मांग रखी गई कि सरकार टैट परीक्षा के संबंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर करे। मध्य प्रदेश सरकार शिक्षकों के लिए टेट परीक्षा का आयोजित करने जा रही है जो कि न्याय संगत नहीं है। इसके विरोध में सभी शिक्षक साथी जो टेट परीक्षा से पीड़ित हैं एवं सभी संगठनों के पदाधिकारियों ने एवं अन्य शिक्षक साथियों ने मिलकर विधायक को ज्ञापन दिया। जिसमें मांग रखी है कि सरकार टेट परीक्षा के संबंध में पुनर्विचार याचिका दायर करें क्योंकि परीक्षा न्याय संगत नहीं है जो शिक्षक साथी 20 वर्षों से लगातार अध्यापन कार्य करा रहे हैं और अपनी नियुक्ति के समय सरकार की सेवा शर्तें के आधार पर एवं आवश्यक दस्तावेजों के आधार पर पात्र होने के बाद शिक्षक पद पर भर्ती हुए थे। आज 20 से 28 वर्षों बाद उनसे पुनः पात्रता साबित करने के लिए टीईटी परीक्षा क्यों ली जा रही है। यह न्याय संगत नहीं है सरकार तुरंत टेट परीक्षा के संबंध में जारी आदेश स्थगित करें विधायक उमादेवी खटीक ने संवर्ग को आश्वस्त किया है कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को अनुरोध पत्र ज्ञापन सहित भेजा जाएगा। संघ ने कहा यदि सरकार हमारी इस मांग को गंभीरता पूर्वक नहीं लेती है तो आगामी समय में एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी सरकार की होगी। इस संबंध में 12 अप्रैल को समस्त संगठनों के माध्यम से भोपाल में वृहद कार्यक्रम रखा गया है जिसमें लाखों शिक्षक भोपाल पहुंचकर सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाएंगे। ज्ञापन की प्रक्रिया में अजेंद्र सिंह राजपूत मुकेश सराफ जितेंद्र सिंह राजपूत सुनील सोनी एम एल अहिरवार मुलायम सिंह पटेरा दिनेश प्यासी महेंद्र पटेल रोहणी तंतुवाय श्यामसुंदर प्यासी निमीराज सिंह प्रीतम गोस्वामी आदि शामिल रहे।

# पेट्रोल पंपों पर उमड़ी भीड़ केन लेकर पहुंचे लोग



**समय जगत, दमोह।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईरान-अमेरिका और इज़रायल के बीच बढ़ते तनाव की खबरों ने गुरुवार को हटा नगर में अचानक चिंता का माहौल बना दिया। संभावित ईंधन कमी की अफवाहों ने ऐसा असर दिखाया कि सुबह होते ही शहर के लगभग सभी पेट्रोल पंपों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई और टंकी फुल कराने की होड़ मच गई। हटा नगर के प्रमुख पेट्रोल पंप राय पंप, चौरसिया पंप, यादव पंप और हजारी पंप पर सुबह से ही भीड़ उमड़ने लगी। कई लोग ड्रम और कैन लेकर पेट्रोल-डीजल भरवाने पहुंचे जिससे कुछ समय के लिए अव्यवस्था जैसी स्थिति बन गई। बाइक और कार चालकों की लंबी कतारों ने शहर के प्रमुख मार्गों पर भी ट्रैफिक का दबाव बढ़ा दिया। स्थिति केवल हटा तक सीमित नहीं रही। आसपास के कस्बों पटेरा, रनेह और बटियागढ़ में भी पेट्रोल पंपों पर ग्राहकों की भारी भीड़ देखने को मिली। सोशल मीडिया पर तेजी से फैली खबरों ने लोगों की चिंता और जल्दबाजी को और बढ़ा दिया।

### प्रशासन ने किया स्पष्ट : ईंधन की कोई कमी नहीं

मामले को लेकर प्रशासन ने तुरंत स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि क्षेत्र में पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है और सप्लाई पूरी तरह सामान्य है। नागरिकों से अपील की गई है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आवश्यकता अनुसार ही ईंधन लें ताकि अनावश्यक भीड़ और व्यवस्था पर दबाव न बढ़े। यह पूरा घटनाक्रम एक बार फिर दिखाता है कि सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहें कितनी तेजी से जनजीवन को प्रभावित कर सकती हैं। प्रशासन ने लोगों से संयम और जागरूकता बरतने की अपील की है।

# शराब दुकानों के खिलाफ महिला कांग्रेस का हल्ला बोल

## सौंपा गया ज्ञापन, आंदोलन की दी चेतावनी



**समय जगत, कटनी।** शहर के सबसे व्यस्त और संवेदनशील इलाकों में खुलेआम शराबखोरी के खिलाफ जिला महिला कांग्रेस कमेटी ने मोर्चा खोल दिया है। जिला अध्यक्ष रजनी वर्मा के नेतृत्व में कलेक्टर को सौंपे गए तीखे ज्ञापन में प्रशासन को सीधे शब्दों में चेतावनी दी गई है कि यदि हालात पर तुरंत लगाम नहीं लगाई गई, तो सड़कों पर उग्र आंदोलन किया जाएगा। महिला कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सुभाष चौक, घंटाघर और गर्ग चौराहा जैसे प्रमुख स्थानों पर संचालित शराब दुकानों ने पूरे शहर का माहौल बिगाड़ कर रख दिया है। दुकानों के बाहर खुलेआम बैठकर शराब पीना, गाली-गलौज, झगड़े अब आम बात हो गई हैं, जिससे महिलाओं, छात्राओं और आम नागरिकों का निकलना दूभर हो गया है। ज्ञापन में साफ कहा गया कि मंदिर, कॉलेज और बाजार जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के पास शराब दुकानों का संचालन न केवल नियमों की अनदेखी है, बल्कि यह शहर की सुरक्षा और सामाजिक मर्यादा पर सीधा हमला है। हर दिन बढ़ती अव्यवस्था के बावजूद प्रशासन की चुप्पी पर भी सवाल खड़े किए गए हैं। महिला कांग्रेस ने दो टूक मांग रखी है कि शहर के बीच स्थित सभी शराब दुकानों को तत्काल हटाया जाए और दुकानों के बाहर शराब पीने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। संगठन ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो महिला कांग्रेस सड़कों पर उतरकर जोरदार विरोध प्रदर्शन करेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस संबंध में ज्ञापन की प्रति आबकारी विभाग को भी प्रेषित की गई है। महिला कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो आगे उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# विधायक संजय पाठक के प्रयासों से 15 करोड़ से कैमोर आईटीआई बिल्डिंग सहित हॉस्टल, क्वार्टर का होगा निर्माण



**समय जगत, कटनी।** ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को रोजगारमुखी कौशल शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से विजयराघवगढ़ विधानसभा के कैमोर नगर में विधायक संजय पाठक के प्रयासों के बाद दो वर्ष पहले विधानसभा के तीसरे औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) को प्रारंभ किया गया था। जोकि अभी अस्थाई रूप से खलवारा बाजार में प्राइवेट बिल्डिंग में चल रहा है। कुछ माह पहले विधायक संजय पाठक ने भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से भेंट कर कैमोर आईटीआई के नई बिल्डिंग के निर्माण सहित छात्रावास भवन के राशि स्वीकृत करने का आग्रह किया था। आज के औद्योगिक विकास के युग में उद्योगों को कौशल कला जानने वाले कामगारों की आवश्यकता होती है इसी सोच से प्रारंभ कराए गए आईआईटी के लिए अब शासन स्तर से कैमोर में आईटीआई भवन, छात्रावास भवन बनाने के लिए 15 करोड़ 28 लाख रुपए का बजट जारी किया है। भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत होने पर विधायक संजय पाठक ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से उन्होंने विजयराघवगढ़ क्षेत्र के लिए जब जब उन्होंने जो मांगा है वह उपलब्धि मिली है, विधानसभा में विजयराघवगढ़, बरही, कैमोर में 3 आईटीआई चल रहे बरही एवं विजयराघवगढ़ में नए भवन छात्रावास भवन पहले ही बन गए है अब कैमोर में भी आईटीआई भवन एवं छात्रावास भवन बनने से युवाओं के कौशल उन्नयन के लिए 6 अलग-अलग ट्रेड्स में प्रशिक्षण दिया जा सकेगा। छात्रावास भवन बनने से ग्रामीण क्षेत्रों और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से आने वाले छात्रों को लाभ मिलेगा। नया छात्रावास छात्रों पर वित्तीय बोझ कम करेगा और उन्हें अपनी पढ़ाई पर अधिक ध्यान केंद्रित करने में सक्षम बनाएगा। इसके साथ ही टीचर्स और स्टाफ आदि के रहने के लिए क्वार्टर बनना है।

# मुख्यमंत्री ने दिवंगत नागरिकों के परिजन से भेंट कर दी सांत्वना

## जिला चिकित्सालय छिंदवाड़ा में घायलों के उपचार की भी जानकारी ली

### मुख्यमंत्री डॉ यादव रामनवमी के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम निरस्त कर छिंदवाड़ा पहुंचे

**समय जगत, छिंदवाड़ा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली से भोपाल होकर छिंदवाड़ा जिले का दौरा किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने रामनवमी के पूर्व निर्धारित सतना जिले के चित्रकूट के कार्यक्रम निरस्त कर छिंदवाड़ा का दौरा किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छिंदवाड़ा जिले के सड़क दुर्घटना में दिवंगत हुए नागरिकों के परिजन से भेंट की और उन्हें सांत्वना प्रदान की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह दुर्घटना पीड़ा दायक है। मध्यप्रदेश सरकार प्रभावित परिवारों के संकट की घड़ी में उनके साथ है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दुर्घटना के दिन अर्थात गुरुवार 26 मार्च को सड़क दुर्घटना में दिवंगत नागरिकों के परिवारों के लिए चार-चार लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की थी। इसके साथ ही दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को भी आवश्यक सहायता और उपचार सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिला चिकित्सालय छिंदवाड़ा में गुरूवार को हुई सड़क दुर्घटना के घायल व्यक्तियों से भेंट की और उनके स्वास्थ्य का हाल-चाल प्राप्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चिकित्सकों को सभी घायलों की समुचित चिकित्सा के निर्देश दिए। उन्होंने अब तक किए गए उपचार की जानकारी ली और निर्देश दिए कि आवश्यकता पड़ने पर नागपुर अथवा



अन्य उच्च चिकित्सा संस्थानों में भेजने की व्यवस्था भी की जाए। राज्य सरकार घायलों के निःशुल्क उपचार के लिए कटिबद्ध है। अन्य जगह रेफर किए जाने की स्थिति में भी राज्य सरकार पूर्ण सहयोग करेगी।

**इन परिवारों से मिले मुख्यमंत्री डॉ. यादव:** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छिंदवाड़ा जिले के ग्राम करेर तहसील मोहखेड़ की श्रीमती सिया पति श्री कृष्णा इनवाती, श्री रामदास पिता श्री सुकलू पराने, श्री दौलत पवार, श्रीमती भागवती पति श्री दान सिंह और श्रीमती शकुन पत्नी श्री लखीचन्द्र यादव के निवास जाकर मुलाकात की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इन परिवारों के सदस्यों से बातचीत कर उन्हें कहा कि चिंतित न हों। परिवार की दुख की घड़ी में मध्यप्रदेश सरकार आपके साथ है। आपको हरसंभव सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्राम करेर में प्रभावित परिवारों से भेंट के बाद ग्राम ग्वारा और ग्राम झिरिया जाकर भी प्रभावित परिवारों के सदस्यों से भेंट की और उन्हें दुख की इस घड़ी में हिम्मत से कार्य लेने का अनुरोध किया। साथ ही उन्हें आश्वस्त किया कि मध्यप्रदेश सरकार परिवारों की सभी संभव सहायता करेगी।

### मुख्यमंत्री डॉ यादव ने प्रभावित परिवारों से भेंट कर सांत्वना दी

**भोपाल /छिंदवाड़ा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने नई दिल्ली से भोपाल होकर छिंदवाड़ा जिले का दौरा किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने छिंदवाड़ा जिले के सड़क दुर्घटना में दिवंगत हुए नागरिकों के परिजनों से भेंट की और उन्हें सांत्वना प्रदान की। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि यह दुर्घटना पीड़ा दायक है। मध्य प्रदेश सरकार प्रभावित परिवारों के संकट की घड़ी में उनके साथ है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ यादव ने दुर्घटना के दिन अर्थात गुरुवार 26 मार्च को सड़क दुर्घटना में दिवंगत नागरिकों के परिवारों के लिए चार-चार लाख रुपए की सहायता राशि और गंभीर रूप से घायलों को एक - एक लाख रूपये की सहायता राशि स्वीकृत की है।

# श्रद्धालुओं को सुविधाएं उपलब्ध कराने में नहीं रखी जाएगी कोई कमी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### क्षिप्रा नदी पर निर्माणाधीन घाटों का किया निरीक्षण

**भोपाल/छिंदवाड़ा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में क्षिप्रा नदी पर निर्माणधीन घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को सुविधाएं उपलब्ध कराने में कोई कमी नहीं रखी जायें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री अंगारेश्वर और श्री सिद्धवट के मध्य क्षिप्रा नदी पर बन रहे नए घाटों का अवलोकन भी किया। ये घाट आगामी सिंहस्थ महापर्व-2028 को ध्यान में रखते हुए श्रद्धालुओं के स्नान और अन्य सुविधाओं के लिए तैयार किए जा रहे हैं। घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए विभिन्न व्यवस्थाएं की जा रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवनिर्मित घाटों के लगभग 200 मीटर क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए वस्त्र बदलने की व्यवस्था तथा सुविधाजनक स्थानों पर टॉयलेट बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रमुख घाटों पर लगभग 200 मीटर की दूरी पर सुविधा घर विकसित करने के निर्देश भी दिए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घाटों के आसपास श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए लगभग 500 मीटर की दूरी पर सीढ़ियाँ या अन्य पहुँच मार्ग सुनिश्चित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए, जिससे मुख्य घाटों तक पहुंचना आसान हो सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री सिद्धवट और श्री अंगारेश्वर मंदिर के बीच निर्माणाधीन पुल का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि पुल के निर्माण से दोनों प्रमुख धार्मिक स्थलों के बीच आवागमन सुगम होगा और श्रद्धालुओं को एक वैकल्पिक मार्ग भी उपलब्ध होगा। घाटों पर स्नान के लिए लगभग 5 मीटर चौड़ा घाट तैयार किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं के आने-जाने के साथ बैठने की भी पर्याप्त सुविधा उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घाटों पर श्रद्धालुओं के बैठने सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं भी विकसित करने के निर्देश दिए।

# श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में भव्य धर्मध्वजा फहराई



**समय जगत, हरदा।** नगर के समीप इंदौर रोड स्थित 1008 श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर (हरसूद वाला) में शुक्रवार को भगवान पारसनाथ की प्राचीन प्रतिमा के सानिध्य में शुभ मुहूर्त पर मंदिर के शिखर पर भव्य धर्मध्वजा फहराई गई। यह आयोजन जैन धर्म की आस्था,परंपरा और गौरव का प्रतीक बना,जिसने पूरे परिसर को धार्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण से सराबोर कर दिया। ध्वजारोहण से पूर्व मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजन-अर्चन संपन्न हुआ,जिसे पुजारी मनोज जैन ने संपन्न कराया। मंदिर समिति के सचिव सचिन सिंघई ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रातःकाल शास्त्रोक्त विधि से ध्वज की शुद्धि की गई,जिसके पश्चात मंदिर के मुख्य शिखर सहित चारों दिशाओं में विधिवत ध्वजारोहण किया गया।मंदिर के मुख्य शिखर पर धातु ध्वज फहराने का सौभाग्य पंडित प्रदीप जैन (शिक्षक) परिवार को प्राप्त हुआ,जबकि जैन धर्म की पताका फहराने का सौभाग्य योगेश जैन (अमरावती) को मिला। वहीं चारों दिशाओं में ध्वजारोहण का अवसर राजीव-रविंद्र जैन परिवार, छविंद्र-भूपेंद्र जैन परिवार,पंडित मनोज जैन परिवार एवं वीरेन्द्र जैन परिवार को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के उपरांत पंडित प्रदीप जैन के सौजन्य से उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। ध्वजारोहण का धार्मिक महत्व जैन धर्म में मंदिर के शिखर पर ध्वजा फहराने का विशेष महत्व है। मान्यता है कि दूर से ध्वजा के दर्शन कर नमो जिणाणं कहकर प्रणाम करने मात्र से भगवान के दर्शन का पुण्य फल प्राप्त होता है। इस अवसर पर दिगंबर जैन समाज के अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिनमें योगेश जैन,पंकज रपरिया, छविंद्र बजाज,राजीव जैन,मनोज जैन,प्रदीप जैन,आयुष बजाज,मीना कठनेरा,शशि जैन,प्रियंका जैन, भावना बजाज,संगीता बकेबरिया सहित अन्य समाजजन शामिल रहे।

## कागजों में सड़क-नाली, जमकर हो रहा घपला- घोटाला, अधिकारी दें ध्यान

# पड़रिया कला पंचायत में लाखों का फर्जीवाड़ा

**समय जगत, सिलवानी।** जनपद पंचायत सिलवानी अंतर्गत ग्राम पंचायत पड़रिया कला में विकास कार्यों के नाम पर बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। यहां सड़क, नाली, नाडेप और चबूतरा निर्माण जैसे कार्य कागजों में पूर्ण दर्शाकर लाखों रुपए की शासकीय राशि आहरित करने के आरोप लगे हैं। ग्रामीणों ने सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक पर मिलीभगत कर सरकारी धन के दुरुपयोग का गंभीर आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि पारदर्शिता के लिए बनाए गए पंचायत दर्पण पोर्टल का भी दुरुपयोग किया गया। नियमानुसार निर्माण कार्यों की जीपीएस लोकेशन व प्रगति के फोटो अपलोड होने के बाद ही भुगतान होना चाहिए, लेकिन यहां बिना कार्य कराए ही राशि निकाल ली गई।

**अधूरी सड़क पर पूरा भुगतान:** गांव में केशर सिंह के मकान से इंदर सिंह धाकड़ के घर तक बनने वाली सीसी सड़क अधूरी पड़ी है, जबकि करीब 6.20 लाख रुपए का भुगतान कर दिया गया। मौके पर अधूरा निर्माण कार्य भुगतान प्रक्रिया पर सवाल खड़े कर रहा है।

**डुंगरिया खुर्द में सड़क-नाली गायब:** ग्राम डुंगरिया खुर्द में अनार सिंह के मकान से



जगदीश के मकान तक सड़क व नाली निर्माण के लिए 5.66 लाख रुपए स्वीकृत हुए थे। आरोप है कि मौके पर कोई निर्माण कार्य नहीं हुआ, फिर भी पूरी राशि निकाल ली गई। वहीं नाडेप निर्माण के नाम पर भी करीब 30 हजार रुपए आहरित किए गए हैं।

**विधायक निधि के चबूतरे भी सिर्फ कागजों में:** ग्रामीणों के अनुसार डुंगरिया खुर्द में विधायक निधि से 50 हजार रुपए की लागत से स्वीकृत चबूतरा भी जमीन पर नहीं मिला। इसी तरह ग्राम गगनवाड़ा में भी राशि खर्च दिखाकर कार्य नहीं कराया गया।

पूरे मामले में पंचायत दर्पण पोर्टल की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। यदि नियमानुसार जीपीएस आधारित फोटो व प्रगति रिपोर्ट अपलोड होती, तो बिना कार्य भुगतान संभव नहीं था।

इससे सिस्टम में मिलीभगत या गंभीर लापरवाही की आशंका जताई जा रही है।

**ग्रामीणों में आक्रोश, जांच की मांग:** ग्रामीणों ने प्रशासन से सभी निर्माण कार्यों की निष्पक्ष व तकनीकी जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि जांच होने पर लाखों रुपए के फर्जीवाड़े का बड़ा खुलासा हो सकता है।

**सीईओ का बयान:** जनपद पंचायत सिलवानी की सीईओ नीलम रैकवार ने कहा कि शिकायत को गंभीरता से लिया गया है। मामले की जांच के लिए टीम गठित की जाएगी और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**78 साल बाद भी 'काला पानी' जैसी जिंदगी:** ग्राम पंचायत पड़रिया कला के अंतर्गत आदिवासी बहुल ग्राम डुंगरिया खुर्द आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। आजादी के 78 वर्ष बाद भी यहां तक पक्की सड़क नहीं पहुंच पाई है, जिससे ग्रामीणों का जीवन कठिन बना हुआ है। सियलबाड़ा से महज 2 किमी दूरी होने के बावजूद रास्ता उबड़-खाबड़ व कच्चा है। बारिश में हालात और बिगड़ जाते हैं, जिससे गांव का संपर्क लगभग कट जाता है।

**शिक्षा और स्वास्थ्य पर असर:** गांव में केवल कक्षा 5वीं तक स्कूल है। आगे पढ़ाई के लिए बच्चों को दूसरे गांव जाना पड़ता है, लेकिन खराब सड़क के कारण कई छात्राओं ने पढ़ाई छोड़ दी है। वहीं बीमार पड़ने पर मरीजों को खाट या बाइक से ले जाना पड़ता है। करीब 350 आबादी वाले इस गांव में सड़क, स्वास्थ्य व शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। ग्रामीणों ने कई स्तरों पर शिकायतें कीं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

**आंदोलन की चेतावनी:** ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सड़क निर्माण व भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच नहीं हुई, तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## सार-समाचार

### नए थाना प्रभारी रवि चौहान ने पोहरी में संभाली कमान, सुदृढ़ होगी विधि- व्यवस्था



**राहुल जैन, समय जगत पोहरी।** पोहरी क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में पोहरी को नए थाना प्रभारी के रूप में रवि चौहान मिले हैं।

पदभार ग्रहण करते ही उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए अपराध नियंत्रण को सर्वोच्च लक्ष्य बताया। पदभार संभालने के बाद थाना प्रभारी चौहान ने क्षेत्रीय पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि सट्टा, नशा और अन्य अवैध गतिविधियों पर पूरी सख्ती के साथ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि किसी भी प्रकार की गैर-कानूनी गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करते हुए पीड़ितों को त्वरित और निष्पक्ष न्याय दिलाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए अपराधियों पर लगातार नजर रखी जाएगी, जिससे आमजन में सुरक्षा का विश्वास कायम रहे। थाना प्रभारी चौहान ने आम नागरिकों को भरोसा दिलाया कि उनके दरवाजे हमेशा पीड़ितों के लिए खुले रहेंगे और हर व्यक्ति की समस्या को गंभीरता से सुनकर उसका समाधान किया जाएगा। गौरतलब है कि रवि चौहान इससे पहले कोलारस, बदरवास, अशोकनगर, ईशागढ़, लहार और भिंड सहित प्रदेश के कई थानों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

### नगर पालिका हरदा की दूरदर्शी पहल, डंपिंग ग्राउंड पर कराया बोरिंग, आगजनी पर अब तुरंत होगा काबू



**समय जगत,हरदा।** नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति भारती राजू कमेडिया ने बताया की नगर पालिका परिषद द्वारा शहर की स्वच्छता एवं सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में एक सराहनीय और दूरदर्शी पहल की गई है। कचरा डंपिंग ग्राउंड पर संभावित आगजनी की घटनाओं को रोकने तथा उन पर त्वरित नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए यहां बोरिंग (नलकूप खनन) की सुविधा प्रारंभ कर दी गई है। नगर पालिका उपाध्यक्ष अंशुल गोयल ने बताया कि गर्मी के मौसम में डंपिंग ग्राउंड पर कचरे के ढेर में आग लगने की घटनाएं आम हो जाती हैं। पहले ऐसी स्थिति में फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को शहर से बार-बार पानी भरकर लाना पड़ता था, जिससे समय की बर्बादी होती थी और आग के फैलने का खतरा बढ़ जाता था। अब डंपिंग ग्राउंड पर ही पानी की स्थायी व्यवस्था होने से आग लगने की स्थिति में तत्काल मौके पर ही नियंत्रण पाया जा सकेगा। इससे न केवल समय की बचत होगी, बल्कि आग की गंभीरता को भी शुरुआती स्तर पर ही रोका जा सकेगा। नगर पालिका द्वारा उठाया गया यह कदम न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण है, बल्कि शहरवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी बेहद कारगर साबित होगा।

# पसान-जैतहरी के बजट को लगाया ठिकाने, उपयंत्री के हॉलिडे मोड ने विकास को बनाया वेंटिलेटर का मरीज

**पुनीत कुमार सेन, अनूपपुर।** नगर पालिका पसान और जैतहरी इन दिनों विकास कार्यों के लिए नहीं, बल्कि एक अनोखे प्रशासनिक मॉडल के लिए चर्चा में हैं। यहाँ पदस्थ उपयंत्री उमेश त्रिपाठी ने कथित तौर पर अपना एक अलग थ्री-सिटी सिस्टम विकसित कर लिया है, जिसमें रीवा की सुख-सुविधा और पसान-जैतहरी की जिम्मेदारी के बीच विकास कहीं गुम हो गया है।

**रीवा से रिमोट कंट्रोल पर चल रहा काम?:** स्थानीय गलियारों में चर्चा है कि उपयंत्री सप्ताह के कीमती तीन दिन रीवा में बिताते हैं। शेष बचे दिनों में वे दो नगर पालिकाओं (जैतहरी और पसान) के बीच अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। जनता सवाल पूछ रही है कि जो अधिकारी सप्ताह के आधे दिन क्षेत्र से नदारद रहे, वह करोड़ों के निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग और गुणवत्ता की जांच दिव्य दृष्टि से कैसे कर रहा है?



**स्थानांतरण नीति का उड़ाया मखौल:** शासन की पारदर्शी स्थानांतरण नीति को धता बताते हुए श्री त्रिपाठी वर्षों से एक ही क्षेत्र में कुंडली मारकर बैठे हैं। प्रशासनिक गलियारों में यह चर्चा आम है कि आखिर वह कौन सा चुंबकीय प्रभाव है, जिसके कारण उच्चाधिकारी भी उन पर हाथ डालने से कतरा रहे हैं। नियमों के मुताबिक तीन साल से अधिक एक ही स्थान पर जमे अधिकारियों का तबादला अनिवार्य है, लेकिन यहाँ नियम फाइलों में दफन नजर आते हैं।

**ठेकेदारों की बल्ले-बल्ले, गुणवत्ता राम भरोसे:** उपयंत्री की अनुपस्थिति का सीधा फायदा निर्माण एजेंसियों और ठेकेदारों को मिल रहा है। जब जिम्मेदार अधिकारी ही मैदान में नहीं होगा, तो काम की मोटाई और सीमेंट का अनुपात कौन नापेगा? स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि गुणवत्ता के अभाव में नवनिर्मित सड़कें और नालियां पहली ही बारिश झेलने की स्थिति में नहीं दिख रही हैं।

**जनता का तंज : ये रिश्ता क्या कहलाता है?:** क्षेत्र की जनता अब व्यंग्य करने लगी है कि सिस्टम और साहब के बीच फेविकोल वाला अटूट रिश्ता है। रसूख और सांठगांठ के आरोपों के बीच अब मांग उठ रही है कि संभाग आयुक्त और शासन स्तर पर इसकी निष्पक्ष जांच हो।

# राज्यपाल श्री पटेल ने रामनवमी पर लोकभवन मंदिर में की पूजा-अर्चना



**समय जगत, भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने शुक्रवार को रामनवमी के पावन पर्व पर लोकभवन स्थित मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने कन्या-पूजन किया और कन्याओं को उपहार भी प्रदान किए। राज्यपाल श्री पटेल ने श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर प्रदेशवासियों की खुशहाली, सुख समृद्धि की कामना की है। साथ ही उन्होंने प्रदेशवासियों को रामनवमी पर्व की शुभकामनाएं भी प्रदान की। कार्यक्रम में नियंत्रक हाउस होल्ड श्रीमती शिल्पी दिवाकर और लोकभवन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भगवान भोलेनाथ एवं हनुमान जी एवं जल देवता का विधि विधान से किया पूजन

# नहर उत्सव मनाने तवा डैम पहुंचा भारतीय किसान संघ

**समय जगत, हरदा।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मूंग सिंचाई हेतु तवा डेम पहुंचकर सर्वप्रथम भगवान भोलेनाथ एवं हनुमान जी, तथा नहर,डेम एवं जल देवता का विधि विधान से पूजन कर हरदा एवं नर्मदा पुरम जिले की मूंग फसल सिंचाई के लिए तवा बांयी तट मुख्य नहर में प्रारंभिक तौर पर 766 क्यूसेक पानी छोड़ा गया।नहर में पानी की मांग अनुसार धीरे-धीरे बढ़ाया जा रहा है,यह पानी आज 28 मार्च को रात में हरदा जिले में पहुंचेगा और 29 मार्च को जिले की सभी नहरों में पानी दिखने लगेगा,और ग्रीष्मकालीन मूंग फसल सिंचाई का कार्य प्रारंभ हो जावेगा। भारतीय किसान संघ के जिला जल संसाधन विभाग प्रभारी दीपचंद नवाद ने बताया कि 19 मार्च 2013 को पहली वार मूंग फसल के लिए तवा डेम से पानी की मांग को लेकर भारतीय किसान संघ के पांच पदाधिकारी कार्यकर्ता, सुरेश दोगने, नरेंद्र दोगने, विनोद पाटिल, विजय मलगाया, दीपचंद नवाद, भोपाल पहुंचे थे और तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं अवर मुख्य सचिव राधेश्याम जुलानिया से सहमति प्राप्त कर ग्रीष्मकालीन मूंग फसल के लिए पानी छुड़वाया था, जिसके बाद कई वार तवा डेम से ग्रीष्मकालीन मूंग फसल के लिए पानी छोड़ा गया और किसानों को अरबों रूपए का फायदा हुआ है। वही लाखों लोगों को रोजगार मिला एवं व्यापारियों को भी फायदा हुआ और शासन को भी हर प्रकार के टैक्स में फायदा हो रहा है,यदि वास्तविक में देखा जाए तो हरदा एवं नर्मदापुरम जिले में जो चमक दिख रही है वह



तवा डैम के अमृत तुल्य जल के द्वारा जो मूंग की उपज हो रही है वह इस तवा डैम की देन है,तवा डेम से ग्रीष्मकालीन मूंग फसल में पानी के लिए नींव के पत्थर भारतीय किसान संघ जिला हरदा के पदाधिकारी कार्यकर्ता हैं, और संगठन द्वारा आगे भी कृषक हित में लगातार प्रयास किए जावेंगे। दीपचंद नवाद ने बताया कि नहर एवं जल पूजन के पीछे मुख्य उद्देश्य यह है कि आम जनता में नहरों एवं जल के प्रति सम्मान जनक भावना जगाने के लिए प्रतिवर्ष यह कार्यक्रम किया जा रहा है,पानी की एक-एक बूंद का उपयोग हो और व्यर्थ बहने वाले पानी को रोककर पेयजल एवं रवि सिंचाई के साथ अमृत तुल्य जल को बड़ी मात्रा में बचाकर ग्रीष्मकालीन मूंग फसल पैदा की जा सकती है और अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित किया जा सकता है। प्रतिनिधिमंडल द्वारा जब आते समय समस्त नहरों का निरीक्षण किया गया तो किसी भी नहर पर उचित स्थान पर नहर का एफ.एस.एल.लेवल एवं नहर का नाम तथा डिजाइन डिस्चार्ज अंकित नहीं पाए गए,जबकि हर बैठक में अधिकारियों द्वारा यह बताया जाता है कि सभी गेज बना दिए गए हैं यहां तक की एक मुख्य नहर के गेज पर तो नंबर भी नहीं लिखे गए जो सिंचाई विभाग की किसानों के प्रति उदासीनता को दर्शाता है।प्रतिनिधि मंडल में भारतीय किसान संघ के जिला मंत्री विजय मलगाया,जिला जल संसाधन विभाग प्रभारी दीपचंद नवाद, बाबूलाल कमेड़िया, प्रेमनारायण बेड़ा, हर्ष नवाद मौजूद रहे। वहीं सिंचाई विभाग से तवा डैम के इंचार्ज एस डीओ एन के सूर्यवंशी, सब इंजीनियर सोनारे,एस डी ओ विजय पांचाल,ई एन डम सब इंजीनियर मनीष सहित कई अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, समय जगत मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक अशोक त्रिपाठी द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स प्लॉट नं. 21, सेक्टर-एच, गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया, भोपाल 462011 से मुद्रित कर जी-1 गोयल निकेत अपार्टमेंट प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1 एमपी नगर भोपाल म.प्र. से प्रकाशित। पिन नं. 462011, संपादक **अभिनव त्रिपाठी।**
RNI-MPHIN/2004/13180 (समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार) सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। **फोन :** 0755-4700402, ई-मेलः dainiksamayjagat@gmail.com

# थाना सौजना का वार्षिक निरीक्षण, साफ -सफाई व कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने के निर्देश




**समय जगत, ललितपुर।** अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह ने पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में थाना सौजना का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर का भ्रमण कर कार्यालय, हवालात, कम्प्यूटर कक्ष, मिशन शक्ति केन्द्र, साइबर हेल्प डेस्क, ड्यूटी रजिस्टर, सीसीटीवी कैमरे, ई-मालखाना व बैरक आदि व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया तथा साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विभिन्न अभिलेखों व रजिस्टरों रजिस्टर नं. 8, एनसीआर, रजिस्टर नं. 4, त्यौहार रजिस्टर, क्रियाशील अपराधी रजिस्टर, टॉप-10, हत्या/बलवा रोकथाम, भूमाफिया, महिला उत्पीडन, सम्पूर्ण समाधान, फ्लाईशीट, एचएस एवं आईजीआरएस का अवलोकन किया गया, जो अद्यावधिक व संतोषजनक पाए गए। इसके अलावा ई-मालखाना, शस्त्रागार व बन्दीगृह का निरीक्षण कर शस्त्रों की नियमित सफाई, माल के विधिक निस्तारण व जीडी प्रविष्टियों को समयबद्ध रखने के निर्देश दिए गए। साइबर हेल्प डेस्क की समीक्षा करते हुए वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों में त्वरित कार्रवाई, बैंक समन्वय, डेबिट फ्रीज व लियन प्रक्रिया को प्रभावी बनाने तथा प्रतिबिम्ब व समन्वय पोर्टलों के बेहतर उपयोग के निर्देश दिए गए।

अपर पुलिस अधीक्षक ने कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ रखने हेतु पैदल व रात्रि गश्त बढ़ाने, संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की सघन चेकिंग करने तथा अपराध नियंत्रण के लिए गुण्डा, गैंगस्टर व हिस्ट्रीशीट कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए। साथ ही वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी व अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने पर जोर दिया। मिशन शक्ति केन्द्र के निरीक्षण में महिला सुरक्षा, परामर्श व शिकायत निस्तारण को प्राथमिकता देने, एंटी रोमियो टीम की सक्रियता बढ़ाने तथा वैज्ञानिक साक्ष्यों के उपयोग पर बल दिया गया। थाना प्रभारी को जनसुनवाई प्रभावी बनाने, बीट पुलिसिंग मजबूत करने तथा यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के अंत में सभी पुलिसकर्मियों को जनता से शालीन व्यवहार करने, उनकी समस्याओं को संवेदनशीलता से सुनने एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# श्रद्धालुओं को जल प्रसाद किया वितरण

**ललितपुर।** रामनवमी पर श्रीजगदीश मंदिर प्रांगण में महाप्रभु श्रीरामजी के जन्मोत्सव कार्यक्रम में आए श्रद्धालुओं को शीतल जल प्रसाद व्यवस्था अखिल भारतीय श्रीपटवा महासभा इकाई ललितपुर जिला अध्यक्ष वासुदेव पटवा, गोविन्द पुरी द्वारा की गई। जिसमें आए श्रद्धालुओं ने भीषण गर्मी में शीतल जल प्रसाद की सराहना करते इस स्लोगन को शीतल जल है अनमोल जय जगन्नाथ की बोल को काफी सराहा और काफी लोकप्रिय रहा है। इस दौरान अध्यक्ष वासुदेव पटवा गोविन्दपुरी ने सभी श्रद्धालुओं का स्वागत वंदन अभिनंदन किया और तिलक लगाया। इस दौरान अध्यक्ष सुधांशु शेखर हुंडैत, श्याम सुंदर हुंडैत, पत्रकार विभाकांत हुंडेत, पीयूष हुंडैत, बब्लू हुण्डैत, जीतू हुण्डैत, हृदेश हुण्डैत परिवार देवकीनंदन पटवा, लालजी पटवा, मनमोहन पटवा, जगदीश पटवा, रोहित पटवा, वन्टी पटवा, श्रीराम नामदेव के अलावा अनेक श्रद्धालुओं ने उपस्थित जताई।

# राम हम सबके आदर्श: मनोज तिवारी



**समय जगत, तेरईफाटक ।** महाकाल प्रभातफेरी तेरईफाटक जिला ललितपुर के द्वारा आज श्रीराम जन्मोत्सव का कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस कार्यक्रम में ग्राम के सभी लोग प्रातः 5 बजे स्नान करके प्रभात फेरी में सम्मिलित हुए। ग्राम के प्रमुख मन्दिर पर? ग्रामवासियो के द्वारा भव्य आरती का आयोजन किया गया। समापन अवसर पर महाकाल प्रभातफेरी के संरक्षक मनोज कुमार तिवारी ने ग्रामवासियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि राम हमारे आदर्श है उनकी कृपा से ही हम सभी का जीवन सुखमय व्यतीत होता है।आज हम सभी रामनवमी पर्व पर एकत्रित होकर जन्मोत्सव का कार्यक्रम मना रहे हैं। राम का जीवन हर वर्ग के? लोगो के लिए प्रेरणा देता है। मां शबरी, जटायु,बानर,केवट इस सब के उदाहरण हैं। हमें अपने बच्चों को राम की कहानी सुनाना चाहिए जिससे उनमें संस्कार आयेगा। कार्यक्रम में सनातन सांस्कृतिक संघ के राष्ट्रीय पदाधिकारी डा वी आर विश्वकर्मा ने कहा कि हमें सनातन धर्म बचाना है तो संगठित होकर काम करना पड़ेगा।इस प्रकार के कार्यक्रम प्रत्येक गांव में होना चाहिए जिससे नौजवानों में देशभक्ति का भाव जगे।इस अवसर पर ग्राम के सहयोग से साबूदाना की खीर वितरित की गयी।इस अवसर पर महाकाल प्रभातफेरी के पदाधिकारी ओमप्रकाश शास्त्री, मनोज कुमार तिवारी, छोटेलाल प्रजापति, कमलेश भारद्वाज, बाबूलाल शिवहरे, देशराज कुशवाहा, कोमल अहिरवार, राजपाल राजपूत, धर्मेन्द्र साहू,सतीष पाण्डेय, पंकज भारद्वाज, मुकेश राजपूत, गजराज राजपूत, प्रमोद साहू, अशोक रैकवार, प्रह्लाद झा, महेंद्र सिंह परिहार, सुरेश अहिरवार, रामसिंह यादव, मनोज कुशवाहा, मनोज साहू,रामनाथ राजपूत, रामेश्वर कुशवाहा, स्वामी प्रसाद राजपूत, जयकुमार भारद्वाज, रामकुमार साहू, पंकज राजा, मनोज झा, शिवराज कुशवाहा,राज राजपूत, केहर राजपूत,अरुण शिवहरे,श्याम रैकवार, फूलचंद कुशवाहा, प्रवेश कुशवाहा, सौरभ रैकवार, दीपक रैकवार, रमा तिवारी,कुशमा,चन्दा, गुड्डी राजा,मंगला, पार्वती, गुड्डी, सीमा, पार्वती, साक्षी,कृष्णा, गायत्री, इमरती, अनुराधा,फूला, प्रीती, श्रेया तिवारी, रैना यादव,समेत सैकड़ों की संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।इस अवसर पर अनेक ग्रामवासियों द्वारा धूम्रपान व बाल-विवाह न करने की शपथ ली।

# शासकीय महाविद्यालय ओरछा में एन डी आर एफ टीम ने किया क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित




**समय जगत, निवाड़ी।** 11वी वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल वाराणसी के श्री मनोज कुमार शर्मा (उप-महानिरीक्षक) के दिशा-निर्देशन में आपदा प्रबंधन एवं प्रशिक्षण हेतु वृहद पैमाने पर सामुदायिक जागरूकता , स्कूल सुरक्षा एवं क्षमता निर्माण के कार्यक्रम के अभियान चला रही है। इसी क्रम में आज 26 मार्च 2026 को राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (छक्त्थ) वाराणसी के निरीक्षक श्रीनिवास मीना एवं उनकी टीम के द्वारा शासकीय पीजी कॉलेज ओरछा जिला निवारी (म.प्र) में क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आपदा प्रबंधन के तकनीकों को टीम द्वारा डेमोंसट्रेशन , क्रियान्वित किया गया। कार्यक्रम में आपदा प्रबंधन एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रम के तहत आपदाओं से बचने व उसके नुकसान को कम करने के तरीके बताएं गए। साथ ही अग्निशमन यंत्र चलाना, दुर्घटना में घायल व्यक्ति को इंप्रोवाइज मेथड से एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाने स्ट्रेचर बनाना, सीपीआर देना, फर्स्ट एड देना, सर्पदंश के समय उपचार देने के तरीके शामिल रहे। प्राकृतिक आपदाओं एवं मानवीय आपदाओं से बचाव के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में श्री अनीश शुक्ला ( प्रिंसिपल श्री संजय यादव (प्रिंसिपल ८) सहित अन्य स्टॉफ एवं छै के छात्र छात्रायें एवं म. प्र. जन अभियान के सदस्य उपस्थित थे। एन डी आर एफ के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की सभी लोगों ने सरहना किया ।

# इश्क बना साजिश: प्रेमिका ने बुलाया, घेरकर हत्या, फिर शव जलाकर झाड़ियों में फेंका

**समय जगत, उरई।** हत्या के बाद आरोपियों ने सबूत मिटाने के उद्देश्य से शव को जला दिया और सड़क किनारे झाड़ियों में फेंक दिया। मंगलवार की रात करीब 9रू30 बजे स्थानीय लोगों ने झाड़ियों में जले हुए शव को देखा, जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिसकैलिया थाना क्षेत्र के ब्यौना राजा रोड पर झाड़ियों में मिले युवक के जले हुए शव की शिनाख्त होने के बाद सनसनीखेज खुलासा हुआ है। मृतक की पहचान अजय कुमार दोहरे (25 वर्ष), पुत्र गिरजा शंकर दोहरे, निवासी उमरी का पुरा थाना रेंढ़र के रूप में हुई है, जो वर्तमान में मध्य प्रदेश के लहार थाना क्षेत्र के जनकपुरा में रह रहा था। प्रारंभिक जांच में यह मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ी साजिशन हत्या का बताया जा रहा है।जानकारी के अनुसार, अजय 24 मार्च को अपनी प्रेमिका से मिलने कैलिया थाना क्षेत्र में आया था। बताया जा रहा है कि युवती, जो उसके ही गांव की रहने वाली है और जिसकी शादी कैलिया क्षेत्र में हो चुकी थी, ने उसे किसी बहाने से अपने पास बुलाया। आरोप है कि इसी दौरान पहले से रची गई साजिश के तहत युवक को घेरकर बेरहमी से उसकी हत्या कर दी गई।मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। शव की शिनाख्त होने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच तेज कर दी है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक इस जघन्य वारदात में तीन लोगों के शामिल होने की आशंका है, जिनकी गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं।

जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किए जाने की बात कही जा रही है।इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। वहीं, मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# चंद्रदेव द्वारा स्थापित मूल सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के अंश झांसी में

## स्वर्गाश्रम बरुआसागर पर 30 मार्च को होगा भव्य रुद्राभिषेक



**समय जगत, झांसी।** आस्था, इतिहास और पुनर्जागरण की भावना को समर्पित एक भव्य धार्मिक आयोजन 30 मार्च को स्वर्ग आश्रम, बरुआसागर में आयोजित किया जाएगा। आर्ट ऑफ लिविंग परिवार, झांसी एवं स्वर्ग आश्रम समिति के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले इस कार्यक्रम में संत-महात्माओं का सान्निध्य और श्रद्धालुओं की बड़ी भागीदारी देखने को मिलेगी।

सर्किट हाउस में पत्रकारों को संबोधित करते हुए स्वर्गाश्रम बरुआसागर समिति के उपाध्यक्ष राहुल रिछारिया ने बताया कि यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि हजारों वर्षों की आस्था, संघर्ष और पुनर्निर्माण की परंपरा का प्रतीक है। आयोजन में सोमनाथ महादेव की गौरवगाथा को बुंदेलखंड की धरती पर जीवंत किया जाएगा। कार्यक्रम में सोमनाथ मंदिर के इतिहास को भी प्रमुखता से प्रस्तुत किया जाएगा। आपने बताया कि 11वीं सदी में महमूद गजनवी के आक्रमण के बावजूद मंदिर की आस्था कभी नहीं टूटी। अनेक बार विध्वंस के बाद भी श्रद्धालुओं और शासकों ने इसे पुनः स्थापित किया, जो सनातन संस्कृति की अटूट शक्ति को दर्शाता है। आर्ट आफ लिविंग की जोनल? जोनल? कोर्डिनेटर डा.कंचन आहूजा ने बताया कि स्वतंत्रता के बाद सरदार वल्लभभाई पटेल के प्रयासों से सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का निर्णय लिया गया। 11 मई 1951 को राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की। इसे स्वतंत्र भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक माना जाता है। डा.संजय त्रिपाठी ने बताया कि आयोजन में सोमनाथ मंदिर के धार्मिक महत्व के साथ-साथ इसके वैज्ञानिक पहलुओं पर भी चर्चा की जाएगी। प्राचीन मान्यताओं के अनुसार, मंदिर का स्थान और संरचना विशेष खगोलीय महत्व रखते हैं, जो भारतीय ज्ञान परंपरा की गहराई को दर्शाते हैं। कार्यक्रम में शहर के कई गणमान्य लोग और सामाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित रहेंगे।

इस मौके पर आर्ट ऑफलिविंग की जोनल कॉर्डिनेटर कंचन आहूजा, उपाध्यक्ष राहुल रिछारिया, महासचिव जेपीएन मिश्रा, डॉ महावीर वाजपेई, ओमी कुशवाहा, शिवप्रसाद अग्रवाल, रुचि अरोरा आदि मौजूद रहे।

# चाय-नाश्ते की दुकान पर छापा, 21 क्वार्टर अवैध देशी शराब बरामद

**समयजगत, ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के सिलगन फाटक के पास जिला पंचायत की बनी हुई चाय-नाश्ते की दुकान पर पुलिस ने बुधवार शाम को छापा मारा। दुकानदार सुदीप कुमार को 21 क्वार्टर (टेट्रा पैक) अवैध देशी शराब (मार्का रसभरी) बेचते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया गया। 26 मार्च 2026 को शाम 7.01 बजे चौकी प्रभारी दैलवारा ललित उज्जवल को मुखबिर की सूचना मिली कि सिलगन फाटक के पास चाय की दुकान चलाने वाला व्यक्ति अपनी दुकान के बाहर बैठकर अवैध देशी शराब बेच रहा है। सूचना पर तुरंत टीम के साथ पहुंची पुलिस ने दुकान के सामने बैठे व्यक्ति को घेर लिया। व्यक्ति भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन पुलिस ने उसे तुरंत दबोच लिया। पूछताछ पर उसने अपना नाम मोहल्ला लक्ष्मीपुरा निवासी सुदीप कुमार पुत्र लक्ष्मीनारायण बताया। पुलिस ने उसके पास से बाएं हाथ में लिये लाल रंग के थैले (देवास क्लाथ हाउस) में से 21 क्वार्टर टेट्रा पैक अवैध देशी शराब मार्का रसभरी बरामद की। आरोपी से लाइसेंस मांगा गया तो वह कुछ नहीं दिखा सका और गलती की माफी मांगने लगा। उसने बताया कि साहब, घर में पूजा है, इन्हें पूजा में इस्तेमाल करने के लिए रखा था, एक-आध बेच भी लेता हूं। पुलिस ने उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60(1) के तहत मामला दर्ज किया है।

# परिवार पर लाठी-डंडों से हमला

ललितपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के नेहरू नगर पेश दरवाजा वादी मुहल्ला में बुधवार रात एक परिवार पर पड़ोसियों ने लाठी-डंडे और घूंसे-लातों से हमला कर दिया। आरोपियों ने गंदी-गंदी मां-बहन की गालियां दीं और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित रामसेवक ने परिवार समेत थाने में लिखित शिकायत देकर एफआईआर दर्ज कराई है। बताया कि 25 मार्च 2026 को रात 8 बजे पीड़ित रामसेवक पुत्र भैयालाल विश्वकर्मा घर के बाहर बैठे थे। तभी अचानक नरेन्द्र, सुरेन्द्र, सुखनन्दन विश्वकर्मा और पुष्पा सुखनन्दन विश्वकर्मा के परिवार के सदस्य वहां पहुंचे। शिकायत के अनुसार आरोपियों ने पहले गंदी गालियां देनी शुरू कीं। जब रामसेवक ने विरोध किया तो उन्होंने लाठी-डंडे, लात-घूंसे से उनकी जमकर मारपीट की। सिर और पैरों में चोटें आईं। जब पीड़ित की पत्नी रानी, भाभी यशोदा, भतीजा आकाश और भाई देवेंद्र बीच बचाव करने आए तो आरोपियों ने उन्हें भी पीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफबीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

# आटा गूंथ रही महिला पर डंडे से सिर पर हमला, जान से मारने की धमकी

**समयजगत, ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम जिजयावन चौकी मसौरा बैरियर में बुधवार रात एक महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पड़ोसी पति-पत्नी ने घर में अकेली मिली महिला को गाली-गलौज के बाद लाठी-डंडे से पीटा। आरोपी ने डंडा उठाकर महिला के सिर पर जोरदार वार किया, जिससे गंभीर चोट आई। दोनों ने जान से मारने की धमकी भी दी। 25 मार्च 2026 को रात 8 बजे पीड़िता गुडडी पत्नी भजनलाल घर पर अकेली आटा गूंथ रही थीं। तभी अनिल पुत्र बिसनलाल बरार और उसकी पत्नी रजनी वहां पहुंचे। दोनों ने पहले गाली-गलौज शुरू कर दी।

# मैक्स लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी के नाम पर साइबर ठगी

**समय जगत, ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के गांधीनगर नई बस्ती निवासी शिव मोहन रिछारिया की पत्नी अंजली रिछारिया के नाम से मैक्स लाइफइंश्योरेंस की पॉलिसी के बहाने साइबर फ्रॉड ने 6,54,000 की ठगी कर ली। फ्रॉडस्टर्स ने मैच्योरिटी अमाउंट दिलाने का झांसा देकर पहले 74,000 फिर 5,80,000 की रकम फोन-पे से मंगवाई। बताया गया है कि 12 मार्च 2026 को मोबाइल नंबर से फोन आया। फ्रॉडस्टर्स ने बताया कि पॉलिसी मैच्योर हो गई है। मैच्योरिटी राशि 5,50,664 निकालने के लिए पहले 74,000 जमा कराओ।

# पेट्रोल-डीजल की कालाबाजारी और जमाखोरी पर लगेगा अंकुश



## डीएम-एसपी के सख्त निर्देश

**समय जगत, ललितपुर।** पेट्रोलियम पदार्थों की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने और कालाबाजारी को रोकने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। गुरुवार को पुलिस लाइन स्थित हॉल में राज्य मंत्री मनोहर लाल और सदर विधायक रामरतन कुशवाहा की उपस्थिति में जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के आला अधिकारियों ने पेट्रोल पंप संचालकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने कड़े निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि डीजल-पेट्रोल की कालाबाजारी, ओवररेटिंग या जमाखोरी करने वालों के खिलाफआवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी। कहा कि अब किसी भी पेट्रोल पंप से बोतल, केन या ड्रम में पेट्रोल नहीं दिया जाएगा। पेट्रोल केवल वाहनों में ही भरा जा सकेगा। कृषि कार्यों के लिए किसानों को अधिकतम 20 लीटर डीजल मानक कंटेनर में मिल सकेगा। इसके लिए पंप संचालक को ग्राहक का आधार कार्ड, नाम, पता और मोबाइल नंबर रजिस्टर में दर्ज करना होगा। एक ही परिवार के सदस्य अलग-अलग केन में डीजल नहीं ले पाएंगे। सभी पेट्रोल पंपों पर सीसीटीवी कैमरे सक्रिय रखने होंगे, ताकि तेल भरने के स्थान की स्पष्ट रिकॉर्डिंग हो सके। व्यवस्था बनाए रखने के लिए पेट्रोल पंपों पर दो-दो पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी। साथ ही, जनपद के सभी 28 बॉर्डर पॉइंट्स पर पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है ताकि जिले का तेल बाहर तस्करी न हो सके। एसडीएम और पुलिस क्षेत्राधिकारी को निर्देश दिए गए हैं कि वह अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहें और पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण करें। सेल ऑफिसर द्वारा बैठक में आश्वस्त किया गया कि जनपद में स्टॉक की कोई कमी नहीं है और टर्मिनल से लगातार सप्लाई मिल रही है। बैठक में अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक सहित खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## यमुना में कूदने की आशंका बनी रहस्य : लापता अंजलि तिवारी के मामले में नया मोड़

**समय जगत, उरई।** चुर्खी थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर एक बार फिर देखने को मिला, जहां एक बाइक की जोरदार टक्कर से 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजेंद्र सिंह (50 वर्ष) निवासी ग्राम कुकोहनू, थाना चुर्खी, जनपद जालौन किसी निजी कार्य से जमना पार गए हुए थे। गुरुवार को वह अपना काम समाप्त कर वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान न्यामतपुर मार्ग पर सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े।घटना के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तुरंत मानवता का परिचय देते हुए घायल को संभाला और तत्काल मेडिकल कॉलेज उरई पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत नाजुक देखते हुए झांसी मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

# घरेलू एलपीजी और ईंधनों की निर्बाध आपूर्ति हेतु निवाड़ी जिले में कंट्रोल रूम स्थापित

**समय जगत, निवाड़ी।** कलेक्टर कार्यालय (खाद्य शाखा), जिला निवाड़ी द्वारा आम उपभोक्ताओं के हित में एक महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। आयुक्त, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय, मध्य प्रदेश, भोपाल के निर्देशों के अनुपालन में जिले में घरेलू एलपीजी, पेट्रोल और डीजल की निरंतर और सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विकासखंड स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। इन कंट्रोल रूम के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि आम जनता को दैनिक उपयोग के ईंधनों की प्राप्ति में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। विकासखंड निवाड़ी के लिए स्थापित कंट्रोल रूम की जिम्मेदारी श्रीमती दीक्षा गुप्ता (कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, मोबाइल नंबररू 8223934507) और श्री जितेन्द्र अहिरवार (ऑपरेटर, मोबाइल नंबररू 7222965817) को सौंपी गई है। इसी प्रकार, विकासखंड पृथ्वीपुर के कंट्रोल रूम हेतु श्री अमित अहिरवार (कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, मोबाइल नंबररू 8120292657) और श्री महेश प्रजापति (ऑपरेटर, मोबाइल नंबररू 9340475491) को नियुक्त किया गया है।इन केंद्रों पर तैनात अधिकारी और कर्मचारी तेल कंपनियों के प्रतिनिधियों, गैस एजेंसियों और पेट्रोल पंप संचालकों के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखेंगे। उनका मुख्य उत्तरदायित्व प्रतिदिन के स्टॉक की जानकारी संकलित करना और आम जनता द्वारा फोन पर दर्ज कराई गई समस्याओं का त्वरित निराकरण करना होगा। शिकायतों और उनके निराकरण का पूरा विवरण एक पृथक पंजी (रजिस्टर) में संधारित किया जाएगा। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि ईंधन आपूर्ति से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान के लिए वे संबंधित कंट्रोल रूम के नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं।

# संच की बैठक में भारतीय संस्कृति के संरक्षण का संकल्प

## नई पीढ़ी को मोबाइल की आभासी दुनिया से निकालकर संस्कारों से जोड़ेंगे संच विद्यालय : शत्रुघ्न सिंह




**समय जगत, गुरसराय (झांसी)।** रामनवमी के पावन पर्व के उपलक्ष्य में नगर के चार संच की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में संच द्वारा किए गए विगत कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत करने के साथ ही भविष्य की कार्ययोजनाओं पर विस्तार से मंथन किया गया। संस्कृति की पाठशाला हैं संच विद्यालय बैठक को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य शत्रुघ्न सिंह परिहार ने संच के आचार्यों के समर्पण की सराहना की। उन्होंने आधुनिक जीवनशैली पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि, ष्आज की युवा पीढ़ी मोबाइल और गेमिंग की आभासी दुनिया में उलझकर अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भूलती जा रही है। विडंबना यह है कि सरकारी स्कूलों के पाठ्यक्रम से भी वे पाठ गायब हो चुके हैं जो बच्चों को अपनी जड़ों और मर्यादाओं से जोड़ते थे।ष्उन्होंने जोर देकर कहा कि संच द्वारा संचालित विद्यालय ग्रामीण क्षेत्रों में नौनिहालों को न केवल साक्षर बना रहे हैं, बल्कि उन्हें जीवन जीने की कला और राष्ट्रप्रेम का पाठ भी पढ़ा रहे हैं। भारतीय संस्कृति को जीवंत रखने के लिए संच विद्यालयों का प्रयास सराहनीय है।संगठन की मजबूती पर चर्चा बैठक के दौरान शिक्षा की गुणवत्ता और संगठन के विस्तार को लेकर पदाधिकारियों ने अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अध्यक्षता अवधेश सिंह फौजी संच अध्यक्ष ने क्ी। अरुण चतुर्वेदी संच उपाध्यक्ष, गुरसराय संच प्रमुख प्रमोद, टहरौली संच प्रमुख लोकेंद्र सिंह, दिनेश संच प्रमुख टोड़ी सहित आचार्य उपस्थित रहे।वैठक उपरांत सभी आचार्य राम नवमी क्ी भव्य शोभायात्रा में हुए शामिल हुये ।

# रामनवमी पर नगर में निकली शोभा यात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत, मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के आदर्शों पर चलकर मनुष्य अपने जीवन को धन्य बनाएं : विधायक जवाहरलाल राजपूत



– अजय शुक्ल अज्जू –

**समय जगत, पूंछ/ झांसी ।** रामनवमी के पर्व पर स्थानीय राम जानकी मंदिर पर सुबह से ही राम भक्तों की भीड़ लगी रही भजन कीर्तन हवन पूजन जैसे धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के जन्म होते ही पुष्प बरसा एवं जमकर आतिशबाजी की गई इसके बाद नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ो राम भक्त शामिल हुए क्षेत्रीय विधायक जवाहरलाल राजपूत भी शोभा यात्रा में शामिल हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को भगवान श्री राम के आदर्शों पर चलने की नितांत आवश्यकता है इससे उनका जीवन धन्य हो जाएगा उन्होंने कहा कि संपूर्ण देश आज रामनवमी के पर्व पूर्ण श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मना रहा है क्षेत्रीय विधायक ने भगवान राम का तिलक कर उनकी आरती की एवं शोभा यात्रा में शामिल हुए भव्य शोभा यात्रा राम जानकी मंदिर से होते हुए नगर के सभी धार्मिक स्थलों से होकर गुजरी शोभा यात्रा में शामिल सभी लोगों का नगर वासियों ने भव्य स्वागत किया स्वल्पाहार एवं शीतल पेय की जगह-जगह व्यवस्था की गई इस धार्मिक कार्यक्रम में पुलिस व्यवस्था एकदम चौकस रही थाना प्रभारी वेद प्रकाश पांडे के नेतृत्व में जगह-जगह पुलिस तैनात रही डीजे की धुन पर शोभा यात्रा में धार्मिक भजनों पर जय श्री राम की उद्घोषों के साथ युवा जमकर थिरके संपूर्ण नगर में द्वार द्वार पर लोगों ने भगवान श्री राम की आरती एवं पूजा की शोभा यात्रा राम जानकी मंदिर से बड़ी माता मंदिर तालाब वाले हनुमान मंदिर दालान वाले हनुमान मंदिर मरई माता मंदिर राधा कृष्ण मंदिर अष्टभुजी माता मंदिर होते हुए संपूर्ण नगर से निकली ।

इस मौके पर डॉक्टर प्रमोद गुप्ता पप्पूकन्देले मिथिलेश गुप्ता सचिन कुरेले दीपक गुप्ता शीलू अग्रवाल गोपाल अग्रवाल गगन नीखरा रोहित गुप्ता प्रमोद अग्रवाल सौरभ गुप्ता गौरव गुप्ता शब्द गुप्ता संजू गुप्ता दीपक मलैया जीतू यादव मुकेश यादव अक्षय शुक्ला वासु महाराज बबलू एटोरया यगेश यादव आशु सोनी निक्की खरे दीपक यादव धर्मेंद्र साहू सहित सैकड़ो राम भक्त शामिल हुए ।

# हमीरपुर जिले में डीजल-पेट्रोल की किल्लत सुनकर पंपों पर उमड़ी भीड़

**समय जगत हमीरपुर।** जिले में डीजल और पेट्रोल की किल्लत की अफवाह ने शुक्रवार को अचानक हड़कंप मचा दिया। सुबह होते ही हमीरपुर, राठ, गोहांड, सरीला, सुमेरपुर, कुरारा, बिवांर और मुस्करा क्षेत्रों के पेट्रोल पंपों पर लंबी-लंबी कतारें लग गईं। लोग अपने वाहनों के साथ-साथ ड्रम, कैन और कट्टियों लेकर बड़ी मात्रा में ईंधन भरवाने पहुंच गए, जिससे कई स्थानों पर स्थिति अव्यवस्थित हो गई। मुस्करा कस्बे के सभी पांच पेट्रोल पंपों पर डीजल खत्म होने की खबर से किसानों की परेशानी बढ़ गई। उन्हें मजबूर होकर राठ और बिवांर जाकर डीजल खरीदना पड़ा। वहीं राठस्थित



नवीन गल्ला मंडी के पास भारत पेट्रोलियम पंप पर सैकड़ों लोग घंटों लाइन में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। कई अन्य पंपों पर भी डीजल समाप्त होने से लोगों के चेहरों पर मायूसी साफ दिखी। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। ड्रम, कैन और कट्टियों में पेट्रोल-डीजल देने पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। सभी पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश दिया गया है कि केवल वाहनों की टंकी में ही ईंधन दिया जाए, ताकि कोई भी व्यक्ति जरूरत से ज्यादा भंडारण न कर सके। बताया जा रहा है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव और निजी कंपनी नायरा एनर्जी द्वारा कीमतों में वृद्धि की खबरों से लोगों में किल्लत की आशंका बढ़ी। हालांकि जिला पूर्ति अधिकारी ब्रजेश कुमार शुक्ला ने स्पष्ट किया कि जिले में पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।

## रामनवमी पर कस्बे में आस्था का सैलाब, बारिश-ओलों के बावजूद निकली भव्य शोभायात्रा

**समय जगत हमीरपुर।** रामनवमी पर्व पर कस्बे में श्रद्धा और उल्लास के साथ नयनाभिराम झांकियों से सजी भव्य शोभायात्रा निकाली गई। गाजे-बाजे के साथ निकली इस शोभायात्रा ने पूरे कस्बे को भक्तिमय माहौल में रंग दिया। शोभायात्रा का शुभारंभ सदर विधायक डॉ. मनोज कुमार प्रजापति और ब्लॉक प्रमुख जयनारायन यादव ने भगवान श्रीराम के स्वरूप की आरती उतारकर किया। यात्रा नवीन गल्ला मंडी से शुरू होकर बस स्टॉप, थाना चौराहा, मैथिलीशरण गुप्त मार्ग, कमलेश तिराहा और पैलानी मार्ग होते हुए पुन: बस स्टॉप से श्री गायत्री तपोभूमि प्रांगण पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में करीब तीन दर्जन आकर्षक झांकियां शामिल रहीं, जिनमें देवी-देवताओं के विभिन्न स्वरूपों का मनमोहक प्रदर्शन किया गया। कस्बेवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। बाजार में लगे पंडालों में श्रद्धालुओं ने मिष्ठान वितरित कर उनका स्वागत किया गया। यात्रा के दौरान शाम करीब 4-45 बजे बस स्टॉप क्षेत्र में अचानक बारिश और ओलावृष्टि शुरू हो गई, जिससे कुछ समय के लिए यात्रा की रफ्तार थम गई। हालांकि बारिश रुकते ही श्रद्धालुओं का उत्साह फिर से चरम पर पहुंच गया और शोभायात्रा दोबारा शुरू होकर सकुशल अपने गंतव्य तक पहुंची।

# संसद में गूंजी 'कलमकारों' के पक्ष में आवाज

## कलम की आजादी भी, जवाबदेही भी, संतुलित नीति की मांग - दर्शन सिंह चौधरी

**समय जगत, सिवनी मालवा (नन्दकिशोर व्यास)।** संसद के लोकसभा सत्र में शुक्रवार को होशंगाबाद-नरसिंहपुर क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने शून्यकाल के दौरान पत्रकारों की सुरक्षा और जवाबदेही से जुड़े अहम मुद्दे को मजबूती से उठाया। उन्होंने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ, पत्रकारिता की सुरक्षा, सम्मान और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए ठोस नीति बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। सांसद श्री चौधरी ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र की आत्मा है, जो सत्ता और जनता के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करती है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि फील्ड में कार्यरत पत्रकार आज भी कई जोखिमों का सामना कर रहे हैं और उन्हें अपेक्षित सुरक्षा नहीं मिल पा रही हैं। उन्होंने सरकार से पत्रकार सुरक्षा एवं कल्याण नीति बनाने की मांग करते हुए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए, जिनमें



पत्रकारों की सुरक्षा और जवाबदेही पर सांसद दर्शन सिंह चौधरी का सशक्त प्रहार

पत्रकार सुरक्षा एवं कल्याण नीति बनाने की मांग, पत्रकार सुरक्षित तो लोकतंत्र मजबूत

सुरक्षा व्यवस्था, बीमा, शिक्षा सहायता, आवास सुविधा और यात्रा में रियायत शामिल हैं।

**जब कलम सुरक्षित होगी, तभी सच निर्भीक होकर सामने आएगा:** सांसद ने अपने वक्तव्य में कहा जब कलम सुरक्षित होगी, तभी सच निर्भीक होकर सामने आएगा और लोकतंत्र मजबूत होगा। इसके साथ ही उन्होंने पत्रकारिता की आड़ में हो रहे दुरुपयोग और अनैतिक गतिविधियों पर सख्ती से अंकुश लगाने की भी बात कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईमानदार पत्रकारों की सुरक्षा जितनी जरूरी है, उतना ही जरूरी गलत प्रवृत्तियों पर नियंत्रण भी हैं। अंत में सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने सरकार से इस दिशा में जल्द ठोस कदम उठाने का आग्रह करते हुए कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा और जवाबदेही सुनिश्चित करना समय की मांग हैं, जिससे लोकतंत्र और अधिक सशक्त बन सके।

## संक्षिप्त समाचार

### रामनवमी पर पोहरी में भरा भव्य मेला, आस्था और उत्साह का संगम



**समय जगत, पोहरी।** रामनवमी के पावन अवसर पर पोहरी में अड्डा वाले हनुमान मंदिर के पास हर वर्ष की तरह इस बार भी भव्य मेले का आयोजन किया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिर परिसर में उमड़ पड़ी, जहां भक्तगणों ने माता के मंदिर पर श्रद्धा पूर्वक नेजे चढ़ाकर सुख-समृद्धि की कामना की। मेले में धार्मिक आस्था के साथ-साथ उत्साह और रौनक भी देखने को मिली। दूर-दराज से आए दुकानदारों ने विभिन्न प्रकार की दुकानों के माध्यम से मेले को आकर्षक बना दिया। यहां चाट के ठेले, मनिहारी की दुकानें, खिलौनों की दुकानें बच्चों और महिलाओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। तेज गर्मी को देखते हुए जगह-जगह मटकों की व्यवस्था भी की गई, जिससे श्रद्धालुओं को ठंडे पानी की सुविधा मिल सके। मेले में परिवारों और बच्चों की चहल-पहल ने माहौल को और जीवंत बना दिया। स्थानीय प्रशासन की व्यवस्था के चलते मेले में शांति और सुरक्षा बनी रही। कुल मिलाकर, रामनवमी का यह मेला पोहरी में आस्था, परंपरा और सामाजिक मेलजोल का प्रतीक बनकर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### वीडियो पर आरोपी गिरफ्तार

**बांदा।** थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा अवैध तमंचे के साथ वीडियो वायरल करने वाले अभियुक्त विपिन पुत्र शत्रुघन निवासी महोखर थाना कोतवाली देहात को गिरफ्तार कर लिया गया।अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा बरामद हुआ।थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम महोखर के रहने वाले एक विपिन नामक एक युवक का अवैध तमंचे से साथ एक वीडियो वायरल हुआ था,जिसको थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा संज्ञान में लेते हुए अभियुक्त को उसके घर के गिरफ्तार किया गया तथा कड़ाई से पूछताछ करते हुए उसकी निशादेही पर उसके अर्धनिर्मित मकान से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किया गया।जानकारी के अनुसार अभियुक्त ने वर्ष 2023 में अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर अपने पिता की हत्या की थी।जिसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।वर्तमान में वह जमानत पर बाहर था।

### 42 सीताराम कीर्तन का पूर्ण आहुति के साथ हुआ समापन महा प्रसादी लेने उमड़ा भक्तों का अपार जन सैलाब



**हरिप्रसाद गोहे- समय जगत,आमला।** नगर के भीमनगर वार्ड हवाई पट्टी क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध मनोकामना नाथ शिव मंदिर में साकेतवासी महामंडलेश्वर 1008 श्री रघुवरदास जी महाराज विद्या कुंड अयोध्या निवासी के मार्गदर्शन में चल रहा 42 वा सीताराम कीर्तन का शुक्रवार पूर्ण आहुति एवं महा भंडारे के साथ समापन हुआ। मंदिर समिति प्रमुख लक्छमण शेषराव जी चौकीकर ने बताया मंदिर में यह भव्य धार्मिक आयोजन चैत्र नवरात्रि के मौके पर 19 मार्च से श्री मनोकामना नाथ नागेश्वर शिव मंदिर, आमला में निरंतर जारी था। गौरतलब हो की साकेतवासी महामंडलेश्वर 1008 श्री रघुवरदास जी महाराज विद्याकुंड अयोध्या निवासी के मार्गदर्शन में पिछले 42 वर्षों से चैत्र नवरात्र के अवसर पर चल रहे इस कीर्तन में क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लेकर भक्ति रस में सराबोर हो रहे हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना था। कार्यक्रम के दौरान नवयुवक रामायण मंडल आमला, रामायण मंडल बोड़खी, महिला मंडल एवं ग्रामीण भजन मंडलों द्वारा नौ दिनों तक निरंतर कीर्तन प्रस्तुत किया गया, जिससे आयोजन की गरिमा और भी बढ़ गई। समापन अवसर पर हवन-पूजन एवं पूर्णाहुति का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं की विशेष उपस्थिति रही। आयोजक समिति प्रमुख लक्ष्मण शेषराव जी चौकीकर ने सभी सहयोगी धर्मप्रेमी नागरिकों का आयोजन को सफ़ल बनाने में मिले सहयोग के लिए आभार जताया। कार्यक्रम का आयोजन उमराव चौकीकर भगत जी रामायण मंडल, आमला बोडखी के तत्वावधान में समस्त भजन मंडल एवं महिला मंडल के सहयोग से किया गया। समापन अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार, समाजसेवी मुकेश खंडेलवाल एवं विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे सपत्नीक विशेष रूप से उपस्थित रहे और आयोजन की सराहना की।

# विद्यालय एवं महाविद्यालयों के पास बीड़ी, सिगरेट, गुटखा आदि की बिक्री ना हो-डीएम

**धौलपुर।** जिला स्तरीय नार्को कॉर्डिनेशन कमेटी की बैठक शुक्रवार को जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिला कलक्टर ने औषधि निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि पुलिस विभाग के सहयोग से जिले में संचालित मेडिकल स्टोर पर संयुक्त कार्यवाही करें एवं निरीक्षण के दौरान दवाई की दुकानों में अनियमितता पाए जाने पर मेडिकल स्टोर संचालक के खिलाफ कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सहायक निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता को जिले में नशा मुक्ति अभियान का संचालित करने के निर्देश दिए एवं नशा मुक्ति भवन निर्माण कार्य में गति प्रदान करते हुए शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। नशा मुक्ति कार्ययोजना की रूपरेखा तैयार कर



आमजन को मादक पदार्थो के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी आमजन को प्रदान करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में महाविद्यालय एवं विद्यालयों के पास बीड़ी, सिगरेट, गुटखा, तम्बाकू आदि नशीले पदार्थो की बिक्री ना हो। अवैध मादक पदार्थो की बिक्री व तस्करी करने वालों पर निगाह रखी जाना सुनिश्चित करें।

जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने कहा कि अवैध मादक पदार्थो के भण्डारण व क्रय-विक्रय की रोकथाम हेतु प्रभावी कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। अवैध मादक दृव्यों के क्रय-विक्रय में लिप्त व्यक्तियों की सूचना पुलिस को मौखिक अथवा लिखित रूप में दें जिससे पुलिस द्वारा कठोर कार्यवाही की जा सके। जिले में ड्रग्स विभाग द्वारा मेडिकल स्टोरों की नियमित जांच करें। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में कार्यदिवस के दौरान नशीले पदार्थो के सेवन से होने वाले हानिकारक दुष्प्रभावों को रोकने हेतु पोस्टर व बैनर रैली निकालकर जन चेतना जागरूक की जा सकती है। बैठक में उपखण्ड मजिस्ट्रेट सैपऊ बंशीधर योगी, समाज कल्याण अधिकारी देवेन्द्र सिंह जांगल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी धर्म सिंह मीणा, औषधि निरीक्षक सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## चोरी का अभियुक्त गिरफ्तार

**बांदा।** थाना कालिंजर पुलिस द्वारा मकान का ताला तोड़कर आभूषण चोरी करने वाले अभियुक्त विजय उर्फ धमकू पुत्र देशराज निवासी ग्राम रेहुंची थाना कालिंजर को गिरफ्तार कर लिया गया। थाना कालिंजर क्षेत्र के ग्राम रेहुँची के रहने वाले पवन कुमार राजपूत द्वारा थाना कालिंजर पर सूचना दी कि बीती रात्रि को उनके घर का ताला तोड़कर उनकी सोने,चांदी के आभूषण चोरी कर ली गई है।जिसके संबंध में थाना कालिंजर पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया।थाना कालिंजर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त को खोरा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया।अभियुक्त के कब्जे से चोरी के आभूषण बरामद हुए।कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्त ने अपना जुर्म स्वीकार किया।अन्य अभियुक्त के गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

## ओलावृष्टि से मवई जार के किसानों को भारी नुकसान, फसलें बर्बाद

**समय जगत (हमीरपुर)।** विकासखंड सुमेरपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत मवई जार में अचानक हुई ओलावृष्टि ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। बुधवार देर शाम तेज हवाओं के साथ गिरे ओलों ने खेतों में खड़ी और कटी पड़ी फसलों को बुरी तरह नुकसान पहुंचाया। इस प्राकृतिक आपदा से किसान गहरे सदमे में हैं और उनकी



चिंताएं बढ़ गई हैं। बताया जा रहा है कि गेहूं, चना और सरसों जैसी प्रमुख फसलें, जो कटाई के लिए तैयार थीं या पहले ही काटकर खेतों में रखी गई थीं, ओलों की मार से बर्बाद हो गईं। कई किसानों की पूरी फसल जमीन पर बिछ गई, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर गंभीर असर पड़ने की आशंका है। किसानों का कहना है कि इस बार फसल अच्छी हुई थी और उन्हें बेहतर उत्पादन की उम्मीद थी, लेकिन अचानक हुई ओलावृष्टि ने सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। घटना के बाद किसानों में मायूसी छा गई है और वे प्रशासन से मुआवजे की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने क्षेत्रीय अधिकारियों से जल्द से जल्द नुकसान का सर्वे कराकर उचित राहत प्रदान करने की अपील की है। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते सहायता नहीं मिली, तो उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो सकता है। फिलहाल, प्रशासन द्वारा नुकसान का आंकलन किए जाने की बात कही जा रही है। वहीं, किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए अपने भविष्य को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं।

# क्लीनिक पर मारा गया छापा

**बांदा।** सीएमओ ब्रिजेंद्र सिंह ने पैलानी तहसील के खप्टिहाकला में झोलाछाप डॉक्टरों पर नकेल कसने के लिए दो सदस्यीय टीम भेजी।जैसे ही टीम खप्टिहाकला में पहुंची।करीब आधा दर्जन निजी अस्पतालों में काम कर रहे झोलाछाप डॉक्टरों में हड़कंप मच गया।आनन फानन में डॉक्टरों की टीम देखकर झोलाछाप डॉक्टरों ने अस्पताल की सटर गिराकर भाग खड़े हुए।दो सदस्यीय स्वास्थ्य विभाग की टीम रपरागंज मोहल्ले पहुंची।जहां पंकज चतुर्वेदी नही मिले।घर में चला रहे अस्पताल पर छापा मारा और छापे के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी का पंजीकरण न पाया जाना,बिना किसी चिकित्सीय योग्यता के चिकित्सीय व्यवसाय किया जाना,निरीक्षण के समय क्लीनिक चिकित्सा संस्थान पैथोलॉजी लैब पर कोई भी योग्य चिकित्सक उपलब्ध ना पाया जाना,एलोपैथिक पद्धति से चिकित्सा व्यवसाय किया जाना,मानक विहीन अस्पताल संचालित करना,अग्निशमन प्रमाण पत्र एवं बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट का प्रमाण पत्र उपलब्ध न करा पाना,मानक के अनुरूप चिकित्सीय पैरा मेडिकल स्टाफ नर्सिंग स्टाफ का न पाया जाना



आदि शर्तों के उल्लंघन पर दरवाजे पर नोटिस चश्पा कर तीन दिन के अंदर चिकित्सा व्यवसाय से संबंधित शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र,भारतीय चिकित्सा परिषद लखनऊ का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र,मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रदत्त पंजीकरण प्रमाण पत्र कार्यालय में उपस्थित कराया जाने को लेकर संबंधित नोटिस में निर्देश दिए गए हैं।वही ऐसा ना पाए जाने पर इंडियन मेडिकल कॉउंसिल एक्ट की 1956 की धारा 15( 3) भारतीय दंड संहिता की धारा 319(2) एवं 318 (3) पर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।सीएमओ ब्रिजेंद्र सिंह ने बताया कि पैलानी तहसील क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों पर लगातार कार्यवाही की जाएगी और शर्तों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराके कठोर कार्वाई की जाएगी।

# कार्यशाला का किया गया आयोजन

**समय जगत, धौलपुर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजीव मागो के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं प्रयत्न संस्था धौलपुर के संयुक्त तत्वाधान में संचालित परियोजना कवच एवं मानव-वन्यजीव संघर्ष के पीड़ितों के लिए न्याय तक पहुंच संबंधी नालसा योजना, एचडब्ल्यूसी 2025, बचपन बचाओ आंदोलन, साइबर अपराध, नालसा की थीम एक मुट्ठी आसमान एवं जिले में एक आदर्श बाल संरक्षण इकाई स्थापित करने हेतु बाल सुरक्षा एवं संरक्षण के मुद्दों के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन एडीआर परिसर के सभाकक्ष में सचिव रेखा यादव, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति मधु शर्मा, स्थाई लोक अदालत सदस्य वीरेंद्र उपाध्याय एनसीपीआर के सलाहकार राकेश तिवारी, मानव तस्करी विरोधी इकाई के प्रभारी गोपाल, संस्था के उपनिदेशक रामखिलाडी पोशवाल की अध्यक्षता में मां सरस्वति की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर एवं माला अर्पण कर किया गया। इस अवसर पर सचिव रेखा यादव ने उपस्थित लोगो को एक मुट्ठी आसमान नालसा का एक थीम सॉन्ग है, जिसे लोगों को न्याय तक




समान पहुंच के प्रति जागरुक करने के लिए बनाया गया है यह गीत कमजोर वंचित और जरूरतमंद लोगों को संदेश देता है कि हर व्यक्ति को न्याय पाने का अधिकार है एवं निशुल्क विधिक सहायता का भी अधिकार है। साथ ही राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं एवं निःशुल्क विधिक सहायता के प्रावधानों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गो को न्याय दिलाना प्राधिकरण की पहली प्राथमिकता है।

साथ ही वन्यजीव संघर्ष पीड़ितों के अधिकार के बारे में बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ते मानव-वन्यजीव संघर्ष के ऐसे मामलों मे पीड़ित परिवारों को प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है तथा प्रशासन एवं वन विभाग के समन्वय से शीघ्र राहत दिलाई जाती है। बचपन बचाओ आंदोलन के माध्यम से बाल अधिकारों की सुरक्षा पर जोर दिया जाता है एवं बाल श्रम, बाल तस्करी एवं शोषण के विरुद्ध कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए बच्चों को शिक्षा, सुरक्षा एवं पुनर्वास उपलब्ध कराने के महत्व को बताया गया साथ ही साइबर अपराधों के संबंध में डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए उपस्थित लोगों को ऑनलाइन ठगी, फेक कॉल, ओटीपी धोखाधड़ी आदि से सतर्क रहने की सलाह दी। किसी भी प्रकार की साइबर घटना होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930, नालसा टोल फ्री नंबर 15100 आदि के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। प्रयत्न संस्था के परियोजना अधिकारी रजनी जैन व बाल कल्याण अधिकारी विजेंद्र कटारिया द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण का उद्देश्य एवं संस्था द्वारा संचालित परियोजना कवच की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यशाला में एनसीपीसीआर दिल्ली से आमंत्रित विषय-विशेषज्ञ राकेश तिवारी द्वारा विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण के प्रारूप् अनुसार निम्न प्रकार से जानकारी उपलब्ध करवाई सर्वप्रथम मिशनवात्सल्य के उद्देश्यों एवं दिशा-निर्देशों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई जिसमें धौलपुर जिले को एक आदर्श बाल संरक्षित जिला बनाने के विभिन्न आयामों पर सहभागियों की क्षमता विकसित की गई साथ ही बाल विवाह मुक्ति की ओर अग्रसर 2025 योजना है जिसका उद्देश्य बाल विवाह की रोकथाम, पीड़ित बच्चों का संरक्षण एवं पुनर्वास सुनिश्चित करना है। इसके अंतर्गत बाल विवाह की सूचना पर त्वरित कानूनी कार्यवाही, पीड़ित बच्चों को निःशुल्क विधिक सहायता, प्रशासन एवं बाल संरक्षण इकाइयों के साथ समन्वय तथा व्यापक जन-जागरूकता अभियान संचालित किए जाते हैं। इस अवसर पर तिवारी द्वारा पोक्सो कानून एवं सपोर्ट परसन के दिशा-निर्देशों एवं कानून के विभिन्न प्रावधानों की विस्तारपूर्वक जानकारी उपलब्ध करवाई गई साथ ही बाल सुरक्षा एवं संरक्षण से संबंधित घटित ग्राम पंचायत स्तर से जिला स्तर तक की सभी समितियों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

## श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनकर भाव विभोर हुए श्रद्धालु



**बांदा नरैनी।** श्रीमद्भागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव प्रसंग को सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। भादो मास की अष्टमी के दिन मथुरा कारागार में भगवान के अवतार की कथा और सजीव झांकियों ने पंडाल को वृंदावन जैसा माहौल प्रदान किया, %नंद के घर आनंद भयो% के उद्घोष गूंज उठे है। कस्बा के किदवई नगर स्थित रामलीला प्रांगण में मिश्रा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन गुरुवार को श्रद्धा और भक्ति का माहौल चरम पर रहा। श्री धाम वृन्दावन से आई कथा व्यास देवी राधिके ने भक्त प्रहलाद चरित्र, हिरण्य कश्यप वध, भगवान वामन,भगवान राम एवं श्री कृष्ण जन्मोत्सव प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होने कहा कि दुख में हर व्यक्ति ईश्वर का स्मरण करता है लेकिन सुख में उन्हें भूल जाता हैं। यदि सुख के समय भी ईश्वर का स्मरण किया जाए तो जीवन में दुख का स्थान ही नहीं रहेगा। कथा वाचक ने भगवान कृष्ण के विभिन्न स्वरूपों का उल्लेख करते हुए उन्हें पूर्ण एवं महाअवतार बताया। उन्होंने गीता के श्लोक यदा यदा हि धर्मस्य...का उल्लेख करते हुए कहा कि जब-जब धर्म की हानि और अधर्म की वृद्धि होती है। तब तब भगवान स्वयं अवतार लेकर दुष्टों का संहार और सज्जनों का कल्याण करते हैं। कथा में जन्मोत्सव प्रसंग का सजीव चित्रण किया गया है। झांकियों के माध्यम से भगवान श्री कृष्ण के आविर्भाव को दर्शाया गया जिससे पूरा पंडाल वृंदावन जैसा प्रतीत होने लगा। पांडाल में उपस्थित श्रद्धालु कर्णप्रिय भजनों को सुनकर नृत्य करने लगे। कथा परीक्षित अवधेश कुमार मिश्रा सपरिवार , कस्बा एवं दूर दराज से सैकड़ों की संख्या में आए श्रद्धालु कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित कर अपना जीवन धन्य कर रहे हैं।

# खनिज विभाग की कार्यशैली व व्यवस्थाओं पर उठ रहे हैं गंभीर सवाल

**मेघनगर(दशरथ सिंह कट्ठा)।** झाबुआ जिले के मेघनगर रेलवे रेंक पॉइंट पर खनिज विभाग द्वारा एक चयनात्मक कार्रवाई करने का मामला बहुचर्चित हो गया है और इस कार्रवाई से कई सवाल खड़े हो गए। दरअसल औद्योगिक क्षेत्र में संचालित कृष्णा फॉस्केम लिमिटेड कम्पनी से सिंगल सुपर फॉस्फेट और डीएपी उत्पादक इकाई से निकलने वाले वेस्ट जिप्सम को परिवहन के लिए रेलवे रेंक पाइंट पर वाहनों से लाया जा रहा था तभी खनिज विभाग ने जिप्सिम से भरे नौ वाहनों को रेलवे रैंक पाइंट पर से पकड़ा और जिप्सम को रॉक फॉस्फेट का कच्चा माल बताते हुए सैम्पल लिए तो वही कंपनी प्रबंधन का कहना हैं कि यह जिप्सम है जिसे सीमेंट कारखानों को आपूर्ति की जा रही है। वही मेघनगर रेलवे रैंक पाइंट से पिछले कई महीनों से यह परिवहन नियमित रूप से हो रहा था तभी खनिज विभाग के अधिकारी कहा सोए हुए थे जो कि गुरुवार को कार्रवाई करने पहुचे और रेलवे रैंक पाइंट से नौ वाहनों को जब्त किया और उसके बाद जब्त किए गए वाहन वापस कम्पनी को ही सौप दिए ये सबसे बड़ा सवाल हैं..?

**जब्त किये गए वाहनो को खनिज विभाग ने उसी कंपनी को ही सौंपे दिए ?**

सबसे बड़ा सवाल यह हैं कि आखिरकार खनिज विभाग के अधिकारियों द्वारा जब्त किये गए वाहनों को कंपनी को ही वापस क्यो सौप दिए गए जब्त किए गए वाहनों को खनिज कार्यालय या तो पुलिस के सुपुर्द करने थे के बजाय उसी कंपनी को वापस सौंप दिया गया यहाँ खनिज विभाग की कार्रवाई की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं

**खनिज विभाग की द्वेषपूर्वक कार्रवाई से कंपनी की छवि का सवाल:** मेघनगर के औद्योगिक क्षेत्र में कई वर्षो से संचालित कृष्णा फॉस्केम लिमिटेड के संयंत्र में मुख्य रूप से सिंगल सुपर फॉस्फेट पाउडर और दानेदार के रूप में, लाभकारी रॉक फॉस्फेट ,सल्फ्यूरिक एसिड, और एनपीके उर्वरक का निर्माण होता है। यह कंपनी अपने अन्नदाता ब्रांड के तहत इन उर्वरकों का उत्पादन और विपणन करती है। मुख्य रूप से उपयोग कृषि में मिट्टी सुधारक और निर्माण कार्यों में प्लास्टर या सीमेंट के रूप में किया जाता है। यह मिट्टी की संरचना सुधारता है और फसलों को कैल्शियम और सल्फर प्रदान करता है और इसी कम्पनी में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलता है लेकिन विभाग की इस कार्रवाई से कंपनी की छवि धूमिल हो सकती है। खनिज निरीक्षक संतोष सूर्यवंशी ने रेलवे रेंक पाइंट



पर पहुच कर लोडिंग करा रहे कंपनी कर्मचारियों से बहस कर लोडिंग तुरंत रोकने के निर्देश दिए तभी मौके पर कंपनी के कर्मचारियों ने परिवहन से जुड़े सभी आवश्यक दस्तावेज़ प्रस्तुत किए लेकिन खनिज अधिकारियों ने उनकी बात तक नही सुनी और जिप्सिम से भरे वाहनों को एमपी स्टेट माइनिंग कार्यालय के प्रांगण में लेजा कर खड़े कर दिए जिससे काफी बवाल मंचा खनिज विभाग के अधिकारियों द्वारा वाहनों में भरा जिप्सिम के सैंपल लेकर पंचनामा बनाया इसके बाद सभी जब्त वाहनो को कंपनी प्रबंधन को वापस सौंप दिए

**मीडिया के सवालों से बचते नजर आए जिला खनिज अधिकारी:** जिप्सिम मटेरियल से भरे वाहनों पर कार्रवाई के दौरान जिला खनिज अधिकारी जुवानसिंह भिण्डे मौके पर उपस्थित मीडियाकर्मियों को कार्रवाई से जुड़ी जानकारी देने से बचते नजर आए उनका यह रवैया देख खनिज विभाग की कार्रवाई को और भी संदिग्ध बना दिया है आखिर कार किसकी सूचना पर खनिज विभाग की टीम मोके पर पहुँची और विवादास्पद कार्रवाई की?

गुरुवार को जिले के खनिज अधिकारियों द्वारा कृष्णा फॉस्केम लिमिटेड कम्पनी के जिप्सिम से भरे वाहनों को जब्त कर माइनिंग कार्यालय पर ले गए और घण्टो तक खाना पूर्ति करते रहे और वाहनों को वापस उसी फैक्ट्री प्रबंधन को सौप देना बात कुछ हजम नही हो रही ये सब समझ के परे हैं या तो दाल में कुछ काला है।

**माधुसिंह डामोर जयस जिला कार्यवाहक अध्यक्ष**

रेलवे रेंक पाइंट मेघनगर से जो माल ले जाया जा रहा था तो मौके से हमने नौ वाहन जब्त किए गए थे,उसी वाहनो में भरा मटेरियल के जाँच के सैंपल लिए हैं ओर फैक्ट्री प्रबंधन को वाहन सुपुर्द कर दिया गया है। मटेरियल की जाँच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी

**संतोष सूर्यवंशी, खनिज निरीक्षक, झाबुआ**

## महंगाई, गैस संकट और किसानों पर कुर्की के खिलाफ फूटा गुस्सा - कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन, उग्र आंदोलन की चेतावनी



**समय जगत, आगर मालवा।** प्रदेश में लगातार बढ़ती महंगाई, गैस सिलेंडरों की किल्लत और किसानों पर विद्युत मंडल की कुर्की कार्रवाई के विरोध में गुरूवार को छावनी चौराहे का माहौल पूरी तरह उग्र नजर आया। जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में आयोजित धरना-प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा, जिसने प्रशासन के खिलाफजमकर नारेबाजी की। धरना समाप्त होते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आक्रोश रैली निकाली, जो शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंची। रैली के दौरान महंगाई हटाओ , किसान विरोधी नीतियां बंद करो जैसे नारों से पूरा शहर गूंज उठा। कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जिला कांग्रेस कमेटी ने एडीएम आरपी वर्मा को ज्ञापन सौंपा और प्रदेश व जिले की गंभीर समस्याओं से अवगत कराया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय लक्ष्मी तंवर ने प्रशासन को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि जल्द ही महंगाई पर नियंत्रण नहीं पाया गया, गैस सिलेंडरों की किल्लत दूर नहीं हुई और किसानों के खिलाफहो रही कुर्की कार्रवाई बंद नहीं की गई, तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी। इस मौके पर पूर्व विधायक वल्लभभाई अम्बावतीया, कांग्रेस प्रवक्ता गुड्डू लाला सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, शहर अध्यक्ष, यूथ कांग्रेस एनएसयूआई, महिला कांग्रेस वरिष्ठ पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह और आक्रोश देखने को मिला, जिससे प्रशासन पर दबाव बढ़ता हुआ साफ नजर आया। जानकारी जिला मीडिया प्रभारी सचिन खरे ने दी।

# एमसीबी में खुलेआम हो रही है शराबखोरी पुलिस-आबकारी की चुप्पी पर उठे सवाल

### 31 मार्च से पहले बढ़ेगी तस्करी, प्रशासन अलर्ट या फिर लापरवाह?

**समय जगत, मनेंद्रगढ़।** अगर आप सोचते हैं कि छत्तीसगढ़ में सिर्फ सरकारी दुकानों की शराब ही मिलती है, तो एक बार मनेंद्रगढ़ की गलियों का चक्कर लगा लीजिए। यहां कानून से ज्यादा सेटिंग मजबूत है। मध्य प्रदेश की शराब खुलेआम बिक रही है और जिम्मेदार अधिकारी ऐसे चुप बैठे हैं जैसे उन्हें कुछ दिखाई ही नहीं देता।

शहर का बस स्टैंड, स्टेशन रोड, वृद्धा आश्रम के आसपास का इलाका हर जगह कुछ तय ठिकाने ऐसे हैं जहां बिना किसी डर के एमपी की शराब बेची जा रही है। होटल, ढाबों और किराना दुकानों की आड़ में यह खेल लंबे समय से चल रहा है। फर्क सिर्फ इतना है कि अब यह छुपा हुआ धंधा नहीं, बल्कि खुला कारोबार बन चुका है।

सबसे हैरानी की बात यह है कि आम लोगों को पूरी जानकारी है कि कहां कौन शराब बेच रहा है। लेकिन जिनके जिम्मे कार्रवाई की जिम्मेदारी है, वही सबसे ज्यादा अनजान बने हुए हैं। सवाल सीधा है क्या यह लापरवाही है या फिर जानबूझकर आंख मूंद लेना?

जब जिले में पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह ने पदभार संभाला था, तब कुछ समय के लिए हालात जरूर बदले थे। अवैध शराब का कारोबार लगभग बंद हो गया था और कोचियों के चेहरों पर डर साफ दिखता था। लेकिन जैसे-जैसे समय बीता, कार्रवाई की धार कुंद होती गई और अब स्थिति फिर वहीं पहुंच गई है जहां कानून सिर्फ फाइलों में जिंदा है।

सूत्र बताते हैं कि यह कोई छोटा-मोटा खेल नहीं, बल्कि पूरी चेन के साथ चल रहा संगठित धंधा है। मध्य प्रदेश से सस्ती शराब लाई जाती है और यहां ऊंचे दामों में बेची जाती है। इससे तस्करों की जेब भर रही है और सरकार के खजाने को सीधा नुकसान हो रहा है। बड़ा सवाल यह है कि इतनी बड़ी मात्रा में शराब शहर में प्रवेश कैसे कर रही है? क्या चेकपोस्ट सिर्फ दिखावे के लिए हैं? क्या पेट्रोलिंग महज औपचारिकता बनकर रह गई है?

अब एक और बड़ा खतरा सामने खड़ा है। 31 मार्च को मध्य प्रदेश में नए ठेकेदारों के आने से पहले पुराने ठेकेदार अपने स्टॉक को सस्ते दामों में खपाने की तैयारी में हैं। इसका मतलब साफ है आने वाले दिनों में मनेंद्रगढ़ में अवैध शराब की बाढ़ आ सकती है। यानी हालात अभी बिगड़े हुए हैं और आगे और बिगड़ने वाले हैं।

इस पूरे मामले पर पहले ही छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री व मनेंद्रगढ़ विधायक श्याम बिहारी जायसवाल सख्त रुख दिखा चुके हैं। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा था एमसीबी जिले में मध्य प्रदेश की अवैध शराब की बिक्री बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इससे राजस्व को नुकसान हो रहा है। पुलिस और आबकारी विभाग को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि तत्काल अभियान चलाकर इसे रोका जाए। यदि लापरवाही पाई गई, तो संबंधित अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई होगी।

मंत्री के इस सख्त निर्देश के बाद शुरुआती कुछ महीने तक कार्रवाई भी नजर आई। अवैध शराब के खिलाफ अभियान चला, दबिश दी गई और सख्ती भी दिखाई दी। लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता गया, वैसे-वैसे यह सख्ती ठंडी पड़ती गई। अब हालात ऐसे हैं कि मानो मंत्री के आदेश को ही जिम्मेदार अधिकारियों ने ठेंगा दिखा दिया हो।

शहर के लोगों का कहना है कि अब स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि अवैध शराब बेचने वालों को किसी का डर ही नहीं रह गया है। और जब अपराधी बेखौफ हो जाए, तो यह साफ संकेत होता है कि सिस्टम या तो कमजोर हो चुका है या फिर कहीं न कहीं समझौता कर चुका है।

सबसे चुभने वाली बात यह है कि यह पूरा खेल नाक के नीचे चल रहा है। कोई छुपाव नहीं, कोई डर नहीं सब कुछ खुलेआम। इसके बावजूद कार्रवाई शून्य है। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर जिम्मेदार विभाग किस बात का इंतजार कर रहा है? क्या किसी बड़े हादसे का?

## जल संरक्षण, जन-जागरुकता,वृक्ष पूजन एवं जल स्रोत साफ-सफाई कार्यक्रम आयोजित



**समय जगत, आगर मालवा।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम के तहत विकासखंड बडौद के सेक्टर क्रमांक 4 में नवांकुर संस्था कामधेनू युवा जन कल्याण सामाजिक संगठन रलायती एवं संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रलायती द्वारा आदर्श ग्राम रलायती में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत जन-जागरूकता बैठक आयोजित कर ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया तथा जल स्रोतों की साफ-सफाई की गई। इस अवसर पर परामर्शदाता राजेन्द्र सिंह लववंशी ने जल गंगा संवर्धन अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जल संरक्षण के विभिन्न उपायों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जल का संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। पक्षियों के लिए दाना-पानी एवं सकोरे रखने की भी अपील की गई। उन्होंने ग्रामीणों को समझाया कि अनावश्यक रूप से नलों को खुला न छोड़ें, नलों में टोटी लगाकर पानी की बर्बादी रोकें तथा आवश्यकता अनुसार ही जल का उपयोग करें। जल का दुरुपयोग भविष्य में जल संकट का कारण बन सकता है, इसलिए सभी को जल बचाने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित ग्रामीणों को जल संरक्षण हेतु शपथ दिलाई गई।

# रामनवमी पर आस्था का महासागर उमड़ा





**समय जगत, खिरकिया।** रामनवमी के पावन अवसर पर शहर में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अनुपम दृश्य देखने को मिला। विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में भगवान श्रीराम की भव्य एवं आकर्षक झांकियों के साथ विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे नगर में 'जय श्रीराम' के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा और हर मार्ग राममय नजर आया। शोभायात्रा का शुभारंभ प्राचीन संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर से विधिवत पूजा-अर्चना एवं मंत्रोच्चार के साथ किया गया। भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी की सजीव एवं आकर्षक झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। जैसे ही शोभायात्रा आगे बढ़ी, मार्ग के दोनों ओर खड़े श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और भक्तिमय गीतों के साथ अपनी आस्था प्रकट की। यह भव्य शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कृषि उपज मंडी स्थित राधा कृष्ण मंदिर पहुंची, जहां विशेष पूजन-अर्चना की गई। इसके पश्चात यात्रा पुनः अपने प्रारंभिक स्थल संकट मोचन हनुमान मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान पूरे मार्ग में भक्ति संगीत, ढोल-नगाड़ों, झांझ-मंजीरों और डीजे की धुनों पर रामभक्त झूमते नजर आए। शोभायात्रा में अयोध्या विराजमान भगवान श्रीराम की मूर्ति विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं जिसे देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी रही। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी में अपार उत्साह देखने को मिला। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं मुस्तैद रहा। यात्रा मार्ग पर जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया था, जिससे शोभायात्रा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सकी। प्रशासन द्वारा यातायात व्यवस्था भी सुचारू रूप से संचालित की गई, जिससे किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। इस अवसर पर शहर के विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक संगठनों ने शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। कहार समाज संगठन, नगर परिषद अध्यक्ष इंद्रजीत महेंद्र सिंह खनूजा की टीम, बंगाली संगठन सहित अनेक संस्थाओं ने जगह-जगह स्वागत मंच लगाकर राम भक्तों पर पुष्प वर्षा की, शीतल पेयजल, फल एवं प्रसाद का वितरण किया। कई स्थानों पर भंडारे का भी आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शोभायात्रा के दौरान युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। भगवा ध्वज हाथों में लिए युवा 'जय श्रीराम' के नारों के साथ पूरे जोश में नजर आए। महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई और पारंपरिक वेशभूषा में भक्ति गीतों के साथ वातावरण को और अधिक भावपूर्ण बना दिया। पूरे आयोजन में अनुशासन और व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया। स्वयंसेवकों ने भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सहायता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजकों ने बताया कि इस तरह के धार्मिक आयोजनों का उद्देश्य समाज में एकता, भाईचारा और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करना है। कार्यक्रम के समापन पर संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में सामूहिक आरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया और सभी ने भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# ग्राम देवरी में कैडर कार्यक्रम किया गया आयोजितः एड. विक्रम सूर्यवंशी



**मैहर ।** दिनांक 26 मार्च को भीम आर्मी भारत एकता मिशन, जिला मैहर के तत्वावधान में ग्राम देवरी में कैडर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष एडवोकेट विक्रम सूर्यवंशी रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राघवेंद्र अहिरवार (जिलाध्यक्ष, आसपा) एवं विधि प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष प्रदीप सूर्यवंशी व बहुजन गायक रामलखन साकेत उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुनील दत्त साकेत द्वारा किया गया, जबकि अध्यक्षता संतलाल साकेत ने की। मुख्य अतिथि एडवोकेट विक्रम सूर्यवंशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान बुद्ध, साहू जी महाराज और डॉ. भीमराव अंबेडकर की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना समय की मांग है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे भीम आर्मी से जुड़कर बहुजन महापुरुषों के विचारों का प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने कहा कि जहां कहीं भी अन्याय और अत्याचार होगा, वहां भीम आर्मी का प्रत्येक कार्यकर्ता बहुजन समाज को न्याय दिलाने के लिए सदैव तत्पर रहेगा। साथ ही कैडर के माध्यम से गांव-गांव में जागरूकता फैलाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान भीम आर्मी ग्राम देवरी की नवीन कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। इस अवसर पर नागेंद्र सूर्यवंशी, रंजीत गिरगिटा, नाथूलाल साकेत, मनोज जायसवाल, श्याम सुंदर, रविराज साकेत, प्रमोद साकेत, राजेंद्र, सुनील, अरुण, प्रकाश, अर्जुन, राहुल, राजकुमार, राजकमल, राजा, रविंद्र, जितेंद्र, अशोक, वीरू, अनवर, संतोष, निलेश, रामलखन वर्मा, अनिल, मुकेश, करण, अमित, कृष्ण कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# अब रिछाई औद्योगिक क्षेत्र जाना हुआ और आसान

## नगर निगम ने मार्ग को किया अतिक्रमण मुक्त



**जबलपुर।** जिला, पुलिस और निगम प्रशासन के संयुक्त अभियान में आज अधारताल औद्योगिक क्षेत्र रिछाई मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कर यातायात व्यवस्था को सुगम बनाया गया। यह कार्यवाही कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में शहर को अतिक्रमण मुक्त और व्यवस्थित बनाने का अभियान पूरी गति से जारी है। नगर निगम की टीम ने आज शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कड़ी कार्रवाई करते हुए न केवल अवैध कब्जों को हटाया, बल्कि विस्थापन की प्रक्रिया के जरिए प्रभावित परिवारों को सुरक्षित ठिकाना भी मुहैया कराया। इस कार्यवाही से अब रिछाई औद्योगिक क्षेत्र पहुँचना और आसान और सुरक्षित हो गया है।

अतिक्रमण अधिकारी मनीष तड़से ने बताया कि आज आयुर्वेदिक महाविद्यालय क्षेत्र के समीप अवैध रूप से बनी झुग्गियों और बस्ती को हटाकर क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इससे शैक्षणिक संस्थान के आस-पास का वातावरण स्वच्छ और सुरक्षित होगा। उन्होंने बताया कि महाराजपुर रिछाई क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित मटन-मछली मार्केट के अवैध ढांचों को हटाया, बल्कि सामग्री की जब्ती करते हुए क्षेत्र को व्यवस्थित किया। वहीं पिसनहारी मढ़िया मार्केट में व्यापारियों को अनुशासन का पाठ पढ़ाते हुए दुकान के बाहर रखी सामग्री और ठेले-टपरों को हटवाया गया। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि सार्वजनिक रास्तों पर बाधा उत्पन्न करने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि मदन महल पहाड़ी क्षेत्र के संरक्षण के लिए विस्थापन कार्य निरंतर जारी है। मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए आज 24 परिवारों को सम्मानजनक रूप से तेवर में विस्थापित किया गया।

अतिक्रमण अधिकारी मनीष तड़से ने बताया कि यह कार्रवाई किसी को परेशान करने के लिए नहीं, बल्कि शहर की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए है। विशेषकर मदन-महल पहाड़ी क्षेत्र को खाली कराकर उसे प्राकृतिक स्वरूप में लौटाना और परिवारों को बेहतर जगह बसाना प्रशासन की प्राथमिकता है। इस अभियान से शहर की मुख्य सड़कों पर यातायात का दबाव कम होगा और आम नागरिकों को आवागमन में सुगमता होगी। नगर निगम की इस सक्रियता की जागरूक नागरिकों द्वारा सराहना की जा रही है।

## आगर-मालवा जिला जल अभावग्रस्त घोषित, निजी नलकूप खनन पर प्रतिबंध कलेक्टर द्वारा आदेश जारी

**आगर मालवा।** जिले में लगातार गिरते भू-जल स्तर एवं संभावित पेयजल संकट को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रीति यादव द्वारा मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 (संशोधन 2002 एवं 2022) के अंतर्गत आगर-मालवा जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है। जारी आदेशानुसार जिले में अधिनियम की धारा 6(1) के अंतर्गत सम्पूर्ण जिले में अशासकीय एवं निजी नलकूप खनन पर प्रतिबंध लगाया गया है। बिना संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) की अनुमति के कोई भी बोरिंग मशीन जिले की सीमा में प्रवेश नहीं करेगी तथा नया नलकूप खनन नहीं किया जा सकेगा। अवैध रूप से नलकूप खनन करने या प्रतिबंध का उल्लंघन करने पर मशीन जब्त कर एफआईआर दर्ज की जाएगी। राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को कार्रवाई हेतु अधिकृत किया गया है। शासकीय योजनाओं के अंतर्गत किए जाने वाले नलकूप उत्खनन पर यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा। आवश्यकता पड़ने पर निजी जल स्रोतों का अधिग्रहण सार्वजनिक पेयजल व्यवस्था हेतु किया जा सकेगा। यह आदेश 25 मार्च 2026 से प्रभावशील होकर 31 जुलाई 2026 तक लागू रहेगा। आदेश में आवश्यक मामलों में जांच उपरांत अनुमति देने का अधिकार संबंधित एसडीएम को प्रदान किया गया है। दंड का प्रावधान- आदेश का उल्लंघन करने पर प्रथम अपराध में 5,000 रुपए तक जुर्माना तथा पुनरावृत्ति पर 10,000 रुपए तक जुर्माना या दो वर्ष तक कारावास का प्रावधान किया गया है।

# सरकारी नौकरी का सपना बना ठगी का जाल



**समय जगत, कोरिया।** थाना पटना क्षेत्र में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का बड़ा मामला सामने आया है, जहां पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लाखों रुपये हड़पने वाले शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। ग्राम तेंदुआ निवासी आरती पटेल ने शिकायत दर्ज कराई थी कि टेंगनी निवासी संदीप सिंह सारथी ने दिसंबर 2024 में महिला एवं बाल विकास विभाग में आंगनबाड़ी सुपरवाइजर की नौकरी दिलाने का झांसा देकर उससे किस्तों में करीब ?2.40 लाख के साथ ?44,000 और ?24,750 की अतिरिक्त रकम ठग ली। आरोपी की ठगी का दायरा यहीं तक सीमित नहीं रहा। उसने स्तुति पटेल और प्रियंका कुजूर को आत्मानंद विद्यालय में शिक्षक पद दिलाने का लालच देकर दोनों से ?1.80-?1.80 लाख रुपये ऐंठ लिए। हैरानी की बात यह रही कि किसी भी पीड़ित को नौकरी नहीं मिली और आरोपी ने पूरी रकम हड़प ली।

मामले में थाना पटना में अपराध क्रमांक 89/2026 धारा 318(4) भारतीय न्याय संहिता के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए पाया कि आरोपी ने ठगी की रकम से एक कार खरीदी थी, जिसकी मासिक किश्त ?24,700 चुकाई जा रही थी। पुलिस ने वाहन (सी .जी. 15 के. 0226) को आरोपी के कब्जे से जब्त कर लिया। 27 मार्च 2026 को शाम 4-30 बजे पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय बैकुंठपुर में पेश किया, जहां से न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के आदेश पर उसे जिला जेल बैकुंठपुर भेज दिया गया।

पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रवि कुर्रे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. सुरेशा चौबे एवं एसडीओपी राजेश साहू के निर्देशन में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक प्रमोद पांडे व उनकी टीम द्वारा अंजाम दी गई।

**जनता के लिए चेतावनी -** पुलिस ने साफ कहा है-नौकरी के नाम पर पैसे मांगने वाले ठगों से सावधान रहें। किसी भी अज्ञात व्यक्ति को रकम देने से पहले पूरी जांच करें और संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## महंगाई से उपभोक्ता भी हो रहे हैं प्रभावित

# कूलर उद्योग पर भी पड़ा पश्चिम एशिया की जंग का असर

**गाजियाबाद।** अमेरिका और ईरान के बीच छिड़े युद्ध से क्रूड ऑयल के दाम में लगी आग की तपिश जिले के कूलर उद्योग में भी महसूस की जा रही है। कच्चा माल महंगा होने के कारण उत्पादन लागत बढ़ने से देश की प्रमुख कूलर मंडियों में शामिल गाजियाबाद में प्लास्टिक कूलर के दाम आठ से 15 फीसदी तक बढ़ गए हैं। इससे व्यापारियों के साथ-साथ आम उपभोक्ताओं पर भी अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़े तनाव का असर स्थानीय उद्योगों पर साफ दिख रहा है।



व्यापारियों के अनुसार, बीते 10 दिनों में कूलरों की कीमत में तेजी से उछाल आया है। पिछले साल 1,500 से 1,800 रुपये में मिलने वाला छोटा कूलर अब 2,000 रुपये तक पहुंच गया है। इसी तरह 8,500 से 9,000 रुपये तक बिकने वाले बड़े कूलर की कीमत बढ़कर लगभग 10 हजार रुपये हो गई है। गाजियाबाद से फरवरी से मई के बीच बड़ी संख्या में कूलरों की सप्लाई देश के विभिन्न राज्यों में होती है। कूलर एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष गोपीचंद ने बताया कि क्रूड ऑयल के दाम बढ़ने से कच्चे माल की लागत में इजाफा हुआ है। इसका सीधा असर कूलर उद्योग पर पड़ा है। प्लास्टिक कूलर बनाने में इस्तेमाल होने वाला कच्चा माल क्रूड ऑयल से तैयार होता है। इससे बनने वाले प्लास्टिक दानों का उपयोग कूलर समेत कई उत्पादों में किया जाता है। व्यापारी नेता सौरभ के अनुसार, मध्य एशिया में जारी संघर्ष के कारण कच्चा माल महंगा हो गया है। गाजियाबाद में प्लास्टिक दाना बनाने वाली सैकड़ों इकाइयां हैं, जो इस बढ़ोतरी से प्रभावित हुई हैं। कूलर उद्योग से जुड़े लोगों के मुताबिक, जिले में कूलर उद्योग का सालाना कारोबार एक हजार करोड़ रुपये से अधिक का है। फरवरी से मई के बीच यहां से लाखों कूलरों की सप्लाई देशभर में होती है। थोक व्यापारी और उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंच के प्रदेश अध्यक्ष संजीव गुप्ता ने बताया कि जिले में 100 से अधिक कूलर निर्माण इकाइयां हैं। इनकी सबसे अधिक सप्लाई उत्तर प्रदेश के भीतर ही होती है। प्रमुख ब्रांड्स का कारोबार सैकड़ों करोड़ रुपये तक पहुंचता है। गाजियाबाद के साउथ साइट जीटी रोड, बुलंदशहर रोड, मालीवाड़ा, विकासनगर, मेरठ रोड और मसूरी-गुलावठी रोड औद्योगिक क्षेत्र कूलर निर्माण के प्रमुख केंद्र हैं। कूलर व्यापारियों का कहना है कि हर साल अप्रैल में गर्मी बढ़ते ही कूलर की मांग बढ़ जाती है। आम लोगों की पहुंच से एसी अब भी दूर है। इसलिए ठंडी हवा लेने और गर्मी की तपिश से राहत पाने के लिए ज्यादातर लोग कूलर खरीदते हैं। इस बार युद्ध के कारण उपजी महंगाई का असर आम लोगों की जेब पर पड़ेगा। गोविंदपुरम निवासी सौरभ चौधरी ने बताया कि इस बार नया कूलर लेने की सोच रहे थे। पुराना कूलर कूलिंग नहीं कर रहा है। बाजार में कई दुकानों पर पता किया। एक महीने पहले जिस कूलर का दाम चार हजार रुपये था, अब वह साढ़े चार से पांच हजार का बताया जा रहा है। समझ नहीं आ रहा कि क्या करें। शास्त्रीनगर निवासी मोहित कुमार ने बताया कि उन्हें भी नया कूलर लेना है। अब ठंडी हवा लेने के लिए बजट बढ़ाना पड़ेगा या इंतजार करना होगा।

## अस्पताल में कराया गया भर्ती

# केशव पुरम इलाके में घर में लगी आग, पांच लोग झुलस

**नई दिल्ली।** शुक्रवार सुबह केशव पुरम पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत अनाज मंडी में स्थित एक घर में आग लग गई। आग लगने की इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया और अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया। सूचना मिलते ही आग बुझाने के लिए तीन दमकल गाड़ियां और केशव पुरम पुलिस थाने की टीमें मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम किया। दमकल विभाग के कर्मियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आग की लपटों को फैलने से रोका और उस पर काबू पा लिया। इस घटना में पांच लोग आग की चपेट में आकर झुलस गए हैं। झुलसे हुए लोगों को तुरंत इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।



जानकारी के मुताबिक, घर में आग सुबह लगभग सात बजे लगी। हालांकि, आग लगने का सटीक कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। दिल्ली अग्निशमन सेवा को सुबह 7.10 बजे एक इमारत की तीसरी मंजिल पर स्थित एक घर में आग लगने के संबंध में एक कॉल मिली। इसके बाद अग्निशमन विभाग की तीन दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। केशव पुरम पुलिस स्टेशन की टीमों को भी एक एम्बुलेंस के साथ घटनास्थल पर भेजा गया। खबर मिली है कि आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया, जिसके कारण पांच लोग झुलस गए। घटनास्थल पर पुलिस और एम्बुलेंस के पहुंचने पर, सभी घायल व्यक्तियों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

## सार-समाचार

### दिल्ली के मंत्री ने केजरीवाल पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** दिल्ली बीजेपी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें सीएम रहते हुए केजरीवाल के सरकारी आवास जिसे भाजपा ने शीश महल का नाम दिया है उसका एक वीडियो जारी किया है। दिल्ली बीजेपी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें सीएम रहते हुए केजरीवाल के सरकारी आवास जिसे भाजपा ने शीश महल का नाम दिया है उसका एक वीडियो जारी किया है। बीजेपी सरकार में मंत्री प्रवेश वर्मा ने अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला है। उस पोस्ट का शीर्षक धुरंधर पार्ट 3 का नाम दिया है। दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के शीश महल पर दिल्ली के मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि फिल्म (धुरंधर) की वजह से रहमान डकैत का किरदार आजकल काफी चर्चा में है। दिल्ली को भी इसी तरह लूटा गया। दिल्ली में 11 साल तक सरकार चलाने वाले अरविंद केजरीवाल, जो दिल्ली के मुख्यमंत्री थे उन्होंने लोगों को बड़े-बड़े सपने दिखाए, लेकिन उन्होंने जनता का सारा पैसा लूटकर अपने ही घर में लगा दिया और एक शीश महल बनवा लिया। उन्हें लगा था कि कोई भी उन्हें हरा नहीं पाएगा। लेकिन हमारे धुरंधर मतदाताओं ने उन्हें हरा दिया। वहीं शीश महल पर कांग्रेस नेता अलका लांबा ने कहा कि दिल्ली की जनता ने अरविंद केजरीवाल को हरा दिया है और उन्हें सत्ता से हटा दिया है। अरविंद केजरीवाल ने जिस पैसे का इस्तेमाल किया, उसका इस्तेमाल जनता की भलाई के लिए किया जाना चाहिए था। अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए और उन्हें अपनी सरकार की नाकामियों को छिपाना नहीं चाहिए।

### दिल्ली के 48 गांव होंगे शहरीकृत, एमसीडी की स्थायी समिति को भेजा प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** राजधानी के विकास को नई दिशा देने की तैयारी के तहत दिल्ली के 48 ग्रामीण गांवों को शहरीकृत गांव घोषित करने की प्रक्रिया तेज हो गई है। डीएमसी एक्ट के तहत इस बारे में एमसीडी की स्थायी समिति को प्रस्ताव भेज दिया गया है। वहां से स्वीकृति के बाद यह दिल्ली सरकार को भेजा जाएगा। प्रस्ताव की पृष्ठभूमि दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने तैयार की है। उसने प्रस्ताव में मास्टर प्लान दिल्ली-2041 (एमपीडी-2041) में लैंड पूलिंग, हरित क्षेत्र विकास, मौजूदा क्षेत्रों के पुनरुद्धार और ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट जैसी रणनीतियों को प्रमुखता देने का हवाला दिया है। इनके क्रियान्वयन के लिए ग्रामीण क्षेत्रों को भी शहरी ढांचे में लाने की आवश्यकता महसूस की गई। डीडीए ने 20 फरवरी को बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इसके बाद 27 फरवरी को उप-निदेशक (योजना), लैंड पूलिंग ने एमसीडी को पत्र भेजकर इन गांवों को शहरी घोषित करने की प्रक्रिया शुरू करने का अनुरोध किया। अब एमसीडी ने इसे आगे बढ़ाते हुए स्थायी समिति के समक्ष प्रस्तुत कर दिया है। पल्ला, सिंगोला, मुंगेशपुर, निजामपुर, फतेहपुर बेरी, झटीकरा, कंगनहेड़ी, रावता, ढांसा, कादीपुर, चिल्ला, बकोली, हमीदपुर, सांगरपुर, ताजपुर कलां, दौलतपुर, राजपुर कलां, औचंदी, शाहपुर गढ़ी, रासिदपुर, टटेसर, जगतपुर, पुर शाहदरा, सभापुर, बदरपुर खादर, खानपुर खनल, जाफराबाद, चंदन होला, बडूसराय, दौराला, घुमनहेड़ा, जैतपुर, राघोपुर, शिकारपुर, नानकहेड़ी, बाकरगढ़, गालिबपुर, ईसापुर, कैर, मुंडेला कलां, मुंडेला खुर्द, सुरखपुर आदि शामिल हैं।

### कूलर कंपनी से मिलता जुलता लोगो लगाकर बेच रहे थे सामान

**गाजियाबाद।** कूलर निर्माता कंपनी समरकूल होम एप्लांयसेज लिमिटेड के ब्रांड से मिलते जुलते लोगो की नकल कर कूलर और अन्य सामान बनाने और बेचने वाली दो फैक्टरियों को कोर्ट के आदेश पर प्रशासन ने सील कर दिया है। शिकायत समरकूल प्रबंधन की ओर से की गई थी। फैक्टरियों पर टीम ने छापा मारकर कर माल को बरामद किया है। समरकूल होम एप्लांयसेज लिमिटेड के चेयरमैन संजीव गुप्ता ने बताया कि उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया था। कोर्ट के आदेश पर बृहस्पतिवार को पुलिस-प्रशासन टीम ने दोनों फैक्टरियों में छापा मारा और उनकी कंपनी के नाम पर बनाए जाने वाले उपकरण मिले। इसके बाद अधिकारियों ने दोनों फैक्टरी को सील कर दिया है। मौके पर नकली लोगो लगे सामान भी बरामद किए गए हैं। फैक्टरी संचालकों पर ट्रेडमार्क और कॉपीराइट के उल्लंघन का केस दर्ज किया गया है। उन्होंने लोगों से सावधान रहने की भी अपील की है।

# सोलह साल के लड़के की चाकू मारकर हुई हत्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली में तीन लोगों ने एक सोलह साल के लड़के पर चाकू से हमलाकर मौत के घाट उतार दिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले में आगे की कार्रवाई में जुटी है। दिल्ली में तीन लोगों ने एक सोलह साल के लड़के पर चाकू से हमलाकर मौत के घाट उतार दिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले में आगे की कार्रवाई में जुटी है। पुलिस को 25 मार्च को चाकू मारने की एक घटना की सूचना मिली। नेहरू विहार की गली नंबर 13 में लगभग सोलह साल का एक घायल लड़का बेहोश पड़ा मिला। उसे तुरंत जेपीसी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। शुरुआती जांच के दौरान यह महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई कि लड़के को तीन लोगों ने चाकू मारा था। जांच प्रक्रिया के तहत, फोरेंसिक टीम ने अपराध स्थल का गहन निरीक्षण किया। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर परमवीर दहिया के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने हत्या में शामिल तीनों नाबालिग आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया गया। पकड़े गए नाबालिग अपराधियों से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया कि मृतक उनमें से एक को लगातार तंग कर रहा था। इसी कारण उन्होंने मिलकर इस जघन्य आपराधिक घटना को अंजाम दिया।

# मां महागौरी की आराधना के बाद हुआ कंजक पूजन, जगह- जगह आयोजित हुए भंडारे

**गाजियाबाद।** नवरात्र के आठवें दिन बृहस्पतिवार को अष्टमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। मां दुर्गा के अन्नपूर्णा स्वरूप मां महागौरी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद घर-घर कंजक पूजन किया गया। सुबह से ही शहर के प्रमुख मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। श्रद्धालुओं ने माता की आरती कर सुख-समृद्धि और कष्टों से मुक्ति की कामना की। पूजा के बाद अधिकांश भक्तों ने हवन कर व्रत का पारायण किया। मंदिरों के साथ-साथ घरों में भी विधि-विधान से कंजक पूजन किया गया। कन्याओं के पैर धोकर तिलक लगाया गया और उन्हें भोजन कराने के साथ उपहार व दक्षिणा भेंट की गई। दिल्ली गेट स्थित प्राचीन देवी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के बाद कन्या पूजन और भंडारे का आयोजन हुआ। यहां दुर्गा सप्तशती का पाठ किया गया। शाम को यज्ञ भी संपन्न हुआ। गुफा वाले मंदिर में भी सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। दिल्ली गेट स्थित प्राचीन देवी मंदिर से हर वर्ष की तरह इस बार भी नवरात्र अष्टमी पर पंखा शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। दोपहर करीब दो बजे शुरू हुई यात्रा दिल्ली गेट से



घंटाघर, चौपला मंदिर, डासना गेट, रमतेराम रोड, नयागंज, वैदिक कन्या इंटर कॉलेज, कीर्तन वाली गली, जीटी रोड और चंद्रपुरी ठाकुरद्वारा होते हुए फिर मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में झांकियां, बैंड-बाजे, ढोल-नगाड़ों के साथ बग्घी पर माता का पंखा आकर्षण का केंद्र रहा। महंत गिरिशानंद गिरि ने बताया कि अष्टमी के दिन ही परंपरा के अनुसार माता का पंखा बदला जाता है। इसके लिए पहले शोभायात्रा निकाली जाती है। इसके बाद मंदिर में विधि-विधान से पंखा परिवर्तन किया गया। रात में भक्तों को खजाना भी वितरित किया गया।

# रोडरेज में फायरिंग करने वाले आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में मंगलवार रात रोडरेज को लेकर हुए विवाद ने गोलियां चलाने की घटना में पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, पुलिस अभी तक वारदात में प्रयुक्त रायफल की बरामदगी नहीं कर सकी है। एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने बताया कि ढबाना गांव में रहने वाले सुमित चौधरी ने क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 24 मार्च की रात करीब साढ़े नौ बजे वह अपनी कार से घर लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आए कार सवारों ने उनसे गाड़ी पीछे करने को कहा, जबकि साइड में पर्याप्त जगह मौजूद थी। आरोप है कि जब उन्होंने कार नहीं हटाई तो स्कॉर्पियो सवार कुछ लोग नीचे उतर आए और उनकी कार का दरवाजा खोलकर धमकी देने लगे। इसके




बाद दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया और आरोपियों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने उन पर दो राउंड फायरिंग कर दी। तीसरी गोली चलाने के दौरान उन्होंने पेड़ के पीछे छिपकर किसी तरह अपनी जान बचाई। एसपी ने बताया कि शिकायत के आधार पर दीपक और तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया था। इसी क्रम में पुलिस ने सभी आरोपियों की पहचान करते हुए दीपक, सचिन, योगेंद्र और अंकित को गिरफ्तार कर लिया। एसीपी ने बताया कि जल्द ही आरोपियों से असलाह बरामद कर लिया जाएगा।

# किसान से ठगी करने वाला आरोपी हुआ गिरफ्तार

## 6.45 लाख रुपये किये गये बरामद

**गाजियाबाद/मुरादनगर।** कृषि भूमि दिलाने का झांसा देकर एक किसान से 35 लाख रुपये ठगने के मामले में पुलिस ने एक और ठग को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 6.45 लाख रुपये की नकदी बरामद की गई है। मामले में दो आरोपी पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं। चार अन्य आरोपी अभी फरार चल रहे हैं। एसीपी लिपि नगायच ने बताया कि जनपद शामली के थाना झिझाना स्थित गांव चौसाना निवासी इमरान को कृषि भूमि दिलाने की बात कही गई थी। बीती 21 फरवरी को इमरान व उसके साथी को मोदीनगर तहसील में एग्रीमेंट करने के लिए बुलाया गया। उस दिन इमरान 35 लाख रुपये लेकर निकले थे। वह दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित गंगनहर पुल के पास पहुंचे तो तीन युवकों ने रोक लिया और खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर इमरान को अपनी कार में बैठा लिया। इसके बाद उनको दुहाई के पास छोड़कर 35 लाख रुपये लेकर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ठगों की तलाश शुरू की। एक




मार्च को पुलिस ने घटना का खुलासा कर फुरकान निवासी बरेली व विनोद चौहान निवासी दिल्ली को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 10.50 लाख रुपये बरामद किए थे। एसीपी ने बताया कि अब बृहस्पतिवार को एक अन्य आरोपी दयाराम निवासी गांव देहरी जुम्मन थाना कांठ जिला मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया है। खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर पीड़ित को साथ ले जाने वालों में दयाराम भी शामिल था। आरोपी ने पुलिस ने बताया कि इस काम के लिए 16 लाख रुपये मिले थे। एसीपी ने बताया कि अभी इस मामले में राजेश मीणा व संजय मीणा निवासी थाना अजीतगढ़ जिला जयपुर (राजस्थान), रवि प्रताप ठाकुर व रामविलास फरार चल रहे हैं।

# सिंगापुर की तर्ज पर यातायात व्यवस्था को सुधारेगी पुलिस

**गाजियाबाद।** जिले की यातायात व्यवस्था अब सिंगापुर की तर्ज पर सुधरेगी। इसके लिए व्यस्ततम चौराहों पर 15 स्मार्ट ट्रैफिक बूथ लगाए गए हैं। बूथों में ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन (एएनपीआर) से लैस हैं। इस कैमरे से चौराहे से निकलने वाले प्रत्येक वाहन की नंबर प्लेट का ब्योरा बूथ में रिकार्ड किया जाएगा। इसके साथ ही कंप्यूटर से नंबर प्लेट वाहन स्वामी और चालान की जानकारी यातायात पुलिस को कुछ सैकेंड में प्राप्त होगी। डीसीपी यातायात त्रिगुण बिसेन ने बताया कि सिंगापुर की तर्ज पर इन बूथ पर 24 घंटे सातों दिन यातायात पुलिस तैनात रहेगी। सोलर से पैनल युक्त बूथ में दो पुलिसकर्मियों के बैठने की सुविधा है जो इसमें लगे 307 एंगल पर लगे व्यू शीशे से वह चौराहे की प्रत्येक सड़क पर निगरानी रख सकते हैं। इन बूथों में लाउडस्पीकर भी लगा है। ट्रैफिक नियमों



का उल्लंघन करने वाले वाहन की नंबर प्लेट से लाउडस्पीकर से चौराहे पर तैनात पुलिसकर्मियों को मैसेज दिया जाएगा। इसके साथ ही ट्रैफिक नियमों और चौराहे की जानकारी के लिए बूथ पर इलेक्ट्रॉनिक पट्टी चलती रहेगी। एएनपीआर कैमरे से लैस स्मार्ट ट्रैफिक बूथ एआई तकनीक का उपयोग करके वाहनों की नंबर प्लेट को ऑटोमेटिक तरीके से पढ़ सकेंगे और रिकार्ड रखेंगे। ये ट्रैफिक प्रबंधन, चोरी हुई गाड़ियों को ट्रैक करने, टोल कलेक्शन और सुरक्षा के लिए उम्र पूरी कर चुके वाहनों को चिह्नित करेंगे। बूथ पर टीएसआई और यातायात पुलिसकर्मी की तैनाती रहेगी। गर्मी के दिनों में चौराहों पर तैनात पुलिसकर्मी पसीने से तरबतर रहते हैं। इसके साथ ही बरसात से बचाव के लिए भी ट्रैफिक पुलिस के लिए रेन कोट के अलावा कोई प्रबंध नहीं है। ऐसे में स्मार्ट ट्रैफिक बूथ पुलिसकर्मियों को गर्मी और बरसात से बचाएगा। इन बूथों को नेशनल हाईवे, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के सहयोग से लगाया गया है। स्मार्ट ट्रैफिक बूथ यूपी गेट, गौर ग्रीन एंट्री प्वाइंट, मॉडल टॉउन गाजियाबाद साइड, हिंडन गोल चक्कर, कनावनी गाजियाबाद साइड, विजयनगर टी प्वाइंट, तिगड़ी टी प्वाइंट, एबीईएस डीएमई एंट्री प्वाइंट, बीईएस लेफ्ट टर्न, लालकुआं, डासना डीएमई एंट्री प्वाइंट, रोटरी गोलचक्कर, पुलिस कमिश्नरेट मुख्यालय, हापुड़ चुंगी और चौधरी मोड़ पर लगाए गए हैं।

# जनपद में पेट्रोल डीजल की है पर्याप्त उपलब्धता

**गाजियाबाद।** पेट्रोल, डीजल और सीएनजी को लेकर सोशल मीडिया पर हुई चर्चाओं के बाद जिलाधिकारी ने इस जनपद में इसके पर्याप्त स्टॉक की जानकारी दी हैं। रविंद्र मांदड़ ने कहा कि अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। एक टीम सोशल मीडिया पर नजर बनाए हुए हैं। जानकारी के अनुसार इस प्रकार की सूचनाओं के बाद प्रशासन ने सभी सेल्स कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक कर इस बारे में जानकारी ली। सभी ने पर्याप्त स्टॉक होने के बारे में बताया। दावा है कि जनपद का कोई भी पंप ड्राई नहीं है। सभी पर पेट्रोल डीजल और सीएनजी है। पहले सिलिंडर और अब पेट्रोल, डीजल और सीएनजी को लेकर सामने बातों के बाद आपूर्ति विभाग की टीम का गठन किया गया है। यह टीम जिले में कालाबाजारी को रोकने के लिए कार्य कर रही है। बता दें, पेट्रोल पंप को खुले में बिक्री करने से मना किया है। ऐसा करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा अफवाह फैलाने के साथ जरूरत से अधिक पेट्रोल या डीजल लेकर स्टॉक करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि कालाबाजारी करते हुए पकड़े जाने पर प्राथमिकी दर्ज कराकर कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए थाना पुलिस को सक्रिय रहने के लिए कहा है। पुलिस पेट्रोल पंप के आसपास गश्त कर नजर रखेगी। बता दें, इससे पहले सिलिंडर को लेकर भी कालाबाजारी के मामले में कार्रवाई की गई है।